

इस बार के रविवारीय संस्करण 'लोक दर्पण' में, उत्तर भारत का नया आईटी हब बनने को तैयार लखनऊ व अन्य विषयों पर विशेष सामग्री दी जा रही है।

www.amritvichar.com

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

श्रावण कृष्ण पक्ष चतुर्थी विक्रम संवत 2082

# अमृत विचार

वर्ष 5, अंक 142, पृष्ठ -14+4, मूल्यः 6 रुपये

एक सम्पूर्ण अखबार

हल्द्वानी, रविवार, 13 जुलाई 2025




**आज का मौसम**

32.0° अधिकतम तापमान | 26.0° न्यूनतम तापमान

आसमान में आंशिक रूप से बादल छाए रहेंगे।

सूर्योदय 05 : 22
सूर्यास्त 07 :14


एलडीएफ-यूडीएफ ने भ्रष्टाचार को दिया बढ़ावा...12


# आईआईएम कलकत्ता की छात्रा से संस्थान परिसर में दुष्कर्म

- छात्रा ने प्राथमिकी दर्ज कराई आरोपी गिरफ्तार
- पुलिस ने कहा- घटना लड़कों के छात्रावास के अंदर हुई

**कोलकाता, एजेंसी**

पश्चिम बंगाल की राजधानी कोलकाता में एक बार फिर दुष्कर्म की शर्मसार करने वाली घटना सामने आई है। यहां भारतीय प्रबंधन संस्थान-कलकत्ता में अध्ययनरत एक छात्रा से बिजनेस स्कूल के छात्रावास में दुष्कर्म किया गया। आरोपी को गिरफ्तार कर 19 जुलाई तक पुलिस हिरासत में भेजा दिया गया है। छात्रा ने हरिदेवपुर थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई थी।

पुलिस अधिकारी ने बताया कि यह घटना लड़कों के छात्रावास के अंदर शुक्रवार को हुई। छात्रा ने प्राथमिकी में कहा है कि उसे काउंसलिंग के लिए हॉस्टल बुलाया गया था। छात्रावास में उसे नशीला पेय पदार्थ दिया गया, जिसे पीने के बाद वह बेहोश हो गई। होश में आने के बाद छात्रा को एहसास हुआ कि उसके साथ दुष्कर्म हुआ है। छात्रा ने यह आरोप भी लगाया कि आरोपी ने उसे धमकी दी थी कि अगर इस बारे में किसी को बताया तो उसे गंभीर परिणाम भुगतने होंगे। अधिकारी ने बताया कि मामले की जांच जारी है।

# ईंधन स्विच बंद होने से दुर्घटनाग्रस्त हुआ था एयर इंडिया का विमान

- मामले में एएआईबी ने प्रारंभिक जांच रिपोर्ट की पेश
- रिपोर्ट में कहा- स्विच बंद होने से पायलटों में भ्रम की स्थिति पैदा हुई

**नई दिल्ली, एजेंसी**




अहमदाबाद हादसे की फाइल फोटो।

एअर इंडिया की उड़ान एआई-171 के दोनों इंजन में ईंधन पहुंचाने वाले स्विच बंद हो गए थे और इसके बाद पायलटों में भ्रम की स्थिति पैदा हो गई, जिसके कुछ ही सेकंड बाद विमान अहमदाबाद में दुर्घटनाग्रस्त हो गया। दुर्घटना की प्रारंभिक जांच रिपोर्ट में यह खुलासा हुआ है।

पंद्रह पन्नों वाली रिपोर्ट में कहा गया है कि कॉकपिट वॉयस रिकार्डिंग' में सुना गया कि एक पायलट ने दूसरे से पूछा कि उसने ईंधन क्यों बंद किया, तो जवाब मिला कि उसने ऐसा नहीं किया। लंदन जाने वाले बोइंग 787 ड्रीमलाइनर विमान ने 12 जून को अहमदाबाद हवाई अड्डे से उड़ान भरने के तुरंत बाद ही गति खोनी शुरू कर दी और वह एक मेडिकल कॉलेज के छात्रावास में दुर्घटनाग्रस्त हो गया था। इस दुर्घटना में विमान में सवार 242 लोगों में से एक को छोड़कर बाकी सभी की मौत हो गई थी। इस विमान दुर्घटना में यात्री और चालक दल के सदस्यों के अलावा 19 और लोग मारे गए थे। यह एक दशक में सबसे घातक विमान दुर्घटना थी।

ईंधन नियंत्रण स्विच उड़ान भरने के तुरंत बाद कटऑफ स्थिति में चले गए थे। लगभग 10 सेकंड बाद, इंजन 1 का ईंधन कटऑफ स्विच अपनी तथाकथित रन स्थिति में चला गया और उसके चार सेकंड बाद इंजन 2 भी रन स्थिति में आ गया। पायलट दोनों इंजनों को फिर से चालू करने में कामयाब रहे, लेकिन केवल इंजन 1 ही ठीक हो पाया, जबकि इंजन 2 गति कम करने के लिए पर्याप्त शक्ति उत्पन्न नहीं कर पाया। एक पायलट ने संकटकालीन चेतावनी मेडे, मेडे, जारी की, लेकिन प्रतिक्रिया मिलने से पहले हादसा हो गया।

### प्रारंभिक रिपोर्ट व पायलटों की बातचीत से निष्कर्ष नहीं निकाल सकते: मुरलीधर

**पुणे।** केंद्रीय मंत्री मुरलीधर मोहोल ने शनिवार को कहा कि अहमदाबाद विमान दुर्घटना पर विमान दुर्घटना अन्वेषण ब्यूरो (एएआईबी) की प्रारंभिक रिपोर्ट के आधार पर निष्कर्ष नहीं निकाला जा सकता क्योंकि पायलटों के बीच बातचीत बहुत संक्षिप्त थी। मोहोल ने कहा कि ऐसी दुर्घटनाओं के मामले में ब्लैक बॉक्स विदेश भेजना पड़ता था। अब, हम इस जांच को स्वयं जल्दी पूरा कर सकते हैं। एएआईबी एक स्वतंत्र संस्था है।

### पायलटों के समूह ने निष्पक्ष और तथ्य-आधारित जांच की मांग की

**मुंबई।** एयरलाइन पायलट्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया (एएलपीए) ने दुर्घटना की निष्पक्ष और तथ्य-आधारित जांच की मांग की। एसोसिएशन ने दावा किया कि विमान दुर्घटना की जांच की शैली और दिशा पायलट की गलती की ओर झुकाव का संकेत देती है। एएलपीए इंडिया इस धारणा को स्पष्ट रूप से खारिज करता है। पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करने के लिए उसके प्रतिनिधियों को जांच प्रक्रिया में पर्यवेक्षक बनाया जाए।

## एक नजर

### धोखाधड़ी मामले में 681 करोड़ की संपत्ति कुर्क

**नई दिल्ली।** दिल्ली से सटे हरियाणा के गुरुग्राम से संचालित रामप्रस्थ रियल एस्टेट समूह की 1,900 एकड़ से अधिक भूमि पर फैली 680 करोड़ रुपये से अधिक कीमत की कॉलोनियों और भूखंडों को घर खरीदारों के साथ कथित धोखाधड़ी से जुड़े एक मामले में कुर्क किया गया है। ईडी ने कहा कि रामप्रस्थ प्रमोटर्स एंड डेवलपर्स प्राइवेट लिमिटेड और समूह की अन्य कंपनियों के खिलाफ एक मामले में पीएमएलए के तहत अनंतिम आदेश जारी किया गया है। कुर्क संपत्तियों में गुरुग्राम के सेक्टर 37डी, सेक्टर 92 और 95 में 226 एकड़ की रामप्रस्थ सिटी की भूखंड आवंटन के आधार पर बसाई कॉलोनियों और गुरुग्राम के बसई, गडोली कलां, हयातपुर और वजीपुर में 1,700 एकड़ के भूखंड शामिल हैं।

### मिजोरमः 112.40 करोड़ की मेथ गोलियां जब्त

**आइजोल।** असम राइफल्स के जवानों ने म्यांमा सीमा के पास मिजोरम के चम्फाई जिले से 112.40 करोड़ रुपये मूल्य की मेथ गोलियों की एक बड़ी खेप जब्त की है। अर्द्धसैनिक बल द्वारा शनिवार को जारी एक बयान में यह जानकारी दी गई। मेथाम्फेटामाइन एक प्रकार की उत्तेजक दवा है जिसका दुरुपयोग अक्सर नशा करने के लिए किया जाता है। बयान के अनुसार, शुक्रवार को गश्त के दौरान असम राइफल्स के जवानों ने दो व्यक्तियों को म्यांमा सीमा के निकट जोखावथर गांव में एक थैला ले जाते हुए देखा।

# देवभूमि का मूल स्वरूप बचाने के संकल्प पर हम अडिगः धामी

## मुख्यमंत्री ने कहा- लैंड, लव व थूक जिहाद के खिलाफ सख्त कार्रवाई रहेगी जारी

- पवित्र सावन मास एवं चारधाम यात्रा के दौरान ऑपरेशन कालनेमि पूरी गहनता से चलेगा

**मुख्य संवाददाता, देहरादून**




**अमृत विचारः** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि, देवभूमि के मूल स्वरूप और अस्तित्व को बचाने के संकल्प पर हम अडिग हैं, यह अनवरत जारी रहेगा। लैंड जिहाद, लव जिहाद, थूक जिहाद के खिलाफ सख्त कार्रवाई जारी रहेगी। हमारी सरकार ने कड़ा भू कानून लागू कर, अनावश्यक रूप से लैंड बैंक बनाने वालों पर रोक लगाई है।

मुख्यमंत्री ने शनिवार को आईआरडीटी ऑडिटोरियम में हिमालयन हेरिटेज सोसाइटी द्वारा आयोजित भगवती सुरकंडा मां दिव्य जागर विमोचन समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि ऑपरेशन कालनेमि के तहत अभी तक 60 से अधिक छद्म वेषधारी गिरफ्तार हो चुके हैं। हमारी सरकार देवभूमि के देवत्व को अक्षुण रखने हेतु प्रतिबद्ध है। पवित्र सावन मास एवं चारधाम यात्रा के दौरान ऑपरेशन कालनेमि पूरी गहनता से चलता रहेगा। राजकीय सेवाओं के चयन में पारदर्शिता एवं विश्वनीयता पर बात करते हुए और राज्य के युवाओं का आह्वान करते हुए सीएम धामी ने कहा कि अब राज्य में सरकारी सेवाओं में चयन का आधार केवल और केवल मेरिट, प्रतिभा व योग्यता है, इसलिए राजकीय सेवाओं में आने के इच्छुक युवा पूरे विश्वास एवं लगन से परीक्षाओं की तैयारी करें, उनका भविष्य उज्ज्वल है। मुख्यमंत्री ने जागर गायक प्रीतम भरतवाण के सुरकंडा देवी पर जागर का विमोचन करते हुए कहा कि जागरो के माध्यम से हमारे पूर्वजों ने प्रकृति, पर्वत, नदियों और देवशक्तियों के साथ संवाद स्थापित किया।

हमारी ये जागर परंपरा वेद मंत्रों जितनी ही गूढ़ है, जिसे केवल गाया ही नहीं जाता बल्कि अनुभव भी किया जाता है। जागर में शब्द नहीं बल्कि शक्ति होती है, प्रत्येक बोल, प्रत्येक ताल और ढोल की थाप में एक आध्यात्मिक शक्ति होती है, जो देवत्व को आमंत्रित करती है इसलिए इस प्रकार के प्रयासों को प्रोत्साहन देना हम सभी का कर्तव्य है। कहा कि हमारी सरकार सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण हेतु निरंतर प्रयास कर रही है। मां सुरकंडा देवी, हमारी लोक आस्था, संस्कृति और आध्यात्मिक परंपरा का प्रतीक हैं। 52 शक्तिपीठों में से एक मां सुरकंडा देवी का मंदिर लोगों की श्रद्धा और शक्ति का केंद्र है। सदियों से यहां लोकगाथाएं, जागर गाए जाते रहे हैं।

### प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में विकास और विरासत दोनों

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में आज पूरे भारत में विकास भी और विरासत भी के उद्घोष के साथ जहां एक ओर अभूतपूर्व विकास कार्य करवाए जा रहे हैं। वहीं, उनके मार्गदर्शन एवं सहयोग से हमारी राज्य सरकार भी प्रदेश के विकास के साथ-साथ सांस्कृतिक धरोहरों के संरक्षण के लिए भी निरंतर प्रयासरत है। श्री केदारनाथ धाम एवं श्री बद्रीनाथ धाम में पुनर्निर्माण कार्यों के साथ ही मानसखंड के पौराणिक मंदिरों के पुनरुत्थान एवं सौंदर्यीकरण हेतु करोड़ों की लागत से परियोजनाए संचालित की जा रही हैं। हम हरिद्वार-ऋषिकेश गंगा कॉरिडोर और शारदा कॉरिडोर के निर्माण पर भी तेजी से कार्य कर रहे हैं। पहले मां सुरकंडा देवी मंदिर जाने के लिए पैदल चलना पड़ता था, लेकिन हमारी सरकार ने ही मंदिर तक रोपवे का संचालन प्रारंभ करवाया।

# 10.30 करोड़ की एमडीएमए ड्रग्स के साथ महिला तस्कर गिरफ्तार

- चम्पावत, पिथौरागढ़ पुलिस और एसओजी की संयुक्त कार्रवाई

**कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी**




एमडीएमए ड्रग्स बरामद करने वाली टीम और गिरफ्त में आरोपी। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** ड्रग्स बरामदगी में चम्पावत व पिथौरागढ़ पुलिस और स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप (एसओजी) ने उत्तराखंड में अभी तक की सबसे बड़ी मानी जा रही संयुक्त कार्रवाई में चम्पावत के नेपाल बॉर्डर से सटे इलाके से शनिवार सुबह एक महिला तस्कर को गिरफ्तार किया है। महिला के पास से 5.688 किलोग्राम एमडीएमए (मेथाएमफेटामाइन) बरामद हुई है। अंतर्राष्ट्रीय बाजार में इसकी कीमत 10.23 करोड़ से अधिक आंकी गई है। महिला के पति और साथी की तलाश है।

आईजी कुमाऊं, रिद्धिम अग्रवाल ने बताया कि मुम्बई की ठाणे पुलिस द्वारा पिथौरागढ़ में मादक द्रव्य अधिनियम के तहत की गई कार्रवाई के बांर गहन निगरानी की जा रही है। इसी के तहत सीओ टनकपुर वन्दना वर्मा के पर्यवेक्षण में एसओजी प्रभारी लक्ष्मण सिंह जगवाण एवं थाना प्रभारी सुरेन्द्र सिंह कोरंगा के नेतृत्व में 14 सदस्यीय पुलिस टीम द्वारा नेपाल सीमा के पास शारदा नहर (गढ़ीगोठ पुल, पम्पापुर) क्षेत्र में चेकिंग की जा रही थी। इसी दौरान एक महिला पिट्ठू बैग लेकर नहर की ओर भागती देखी गई। इस संदिग्ध महिला को पकड़कर बैग की तलाशी ली गई, तो उसमें 5.688 किग्रा एमडीएमए ड्रग्स बरामद किया गया। आरोपी महिला की पहचान ईशा पत्नी राहुल कुमार निवासी ग्राम पम्पापुर, थाना-बनबसा, जनपद चम्पावत के रूप में हुई। आईजी ने बताया कि, महिला ने स्वीकार किया है कि बरामद एमडीएमए को उसका पति राहुल व उसका सहयोगी कुनाल कोहली विगत 27 जून को पिथौरागढ़ से लाए थे। दोनों ठाणे (मुम्बई) में पंजीकृत एक अभियोग में वांछित भी हैं। वह बरामद माल को शारदा नहर में फेंकने जा रही थी। पुलिस ने ईशा, उसके पति राहुल और साथी कुनाल के खिलाफ थाना बनबसा में केस दर्ज कर ईशा को गिरफ्तार कर लिया।

### भारत में बढ़ रहा एमडीएमए का प्रयोग

आईजी ने बताया कि एमडीएमए एक सिंथेटिक ड्रग्स है। इसे एमडी, मौली या एक्स्टसी के नाम से भी जाना जाता है। इसका प्रभाव मेथाम्फेटामाइन जैसे उत्तेजक पदार्थों के समान होता है। यह पश्चिमी देशों में युवाओं के बीच लोकप्रिय है और भारत में भी क्लब संस्कृति में कुलीन वर्ग के बीच इसका उपयोग बढ़ रहा है। अंतर्राष्ट्रीय बाजार में इसकी काफी ऊंची कीमत होती है। राहुल और कुनाल की गिरफ्तारी के बाद कई नए तथ्य सामने आएंगे। पुलिस इनके अंतर्राष्ट्रीय नेटवर्क की भी जांच कर रही है। आईजी ने ड्रग्स बरामद करने वाली पुलिस टीम को 20 हजार रुपये का नकद पुरस्कार दिया है।

# बारिश में पेड़ गिरा, दो विद्यार्थियों की मौत

- टिहरी के घनसाली क्षेत्र में स्कूल से लौटते समय हुआ दर्दनाक हादसा
- हेमकुंड से लौटते पंजाब के दो श्रद्धालुओं की सड़क हादसे में जान गई

**मुख्य संवाददाता, देहरादून**

**अमृत विचारः** टिहरी जिले के घनसाली क्षेत्र में शनिवार दोपहर के समय हुए दर्दनाक हादसे में मूसलाधार बारिश के दौरान एक पेड़ गिरने से दो विद्यार्थियों की मौत हो गई। छात्र और छात्रा की मौत की खबर मिलने पर परिजनों में कोहराम मच गया जबकि गांव में शोक का माहौल है।

टिहरी के जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी बृजेश भट्ट ने बताया कि यह घटना शनिवार को दोपहर बाद उस समय हुई, जब स्कूल से छुट्टी के बाद घर लौट रहे 10वीं कक्षा के छात्र आरव बिष्ट (16) और नौवीं कक्षा में पढ़ने वाली छात्रा मानसी (14) पर पेड़ गिर गया। उस समय बारिश काफी तेज थी। माना जा रहा है कि भूस्खलन की वजह से अचानक पेड़ गिर गया और दोनों बच्चे उसकी चपेट में आकर जान गंवा बैठे। आपदा प्रबंधन अधिकारी भट्ट ने बताया कि दोनों विद्यार्थी नेल पिलखी गांव के रहने वाले थे और राजकीय इंटर कॉलेज घुमेटीधार में पढ़ते थे।

उधर, टिहरी जिले में ही शनिवार को एक ट्रक ने एक मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी जिससे उस पर सवार पंजाब के रहने वाले दो श्रद्धालुओं की मौत हो गयी। पुलिस ने बताया कि घटना ऋषिकेश-बदरीनाथ राष्ट्रीय राजमार्ग पर कीर्तिनगर के पास बागवान में हुई। ऋषिकेश से श्रीनगर की ओर जा रहे मिनी ट्रक ने विपरीत दिशा से आ रही एक मोटरसाइकिल को जोरदार टक्कर मार दी जिससे मोटरसाइकिल पर सवार दोनों व्यक्ति ट्रक की चपेट में आकर उसके नीचे फंस गए।

पुलिस ने बताया कि दोनों की मौके पर ही मौत हो गयी। शवों को एम्बुलेंस से श्रीनगर बेस चिकित्सालय भिजवाया गया। इनकी पहचान पंजाब के पटियाला जिले के मनप्रीत सिंह (28) तथा गुरदीप सिंह (22) के रूप में हुई है जो हेमकुंड साहिब गुरुद्वारे से ऋषिकेश लौट रहे थे। कीर्तिनगर पुलिस थाना प्रभारी ने बताया कि मिनी टाटा को यमकेश्वर, पौड़ी निवासी रामकिशोर चला रहा था। प्रारंभिक जांच में दुर्घटना का कारण चालक की लापरवाही और वाहन को गलत दिशा में चलाना पाया गया है। इस मामले में आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

# यूरोपीय संघ और मेक्सिको पर ट्रंप ने लगाया 30% शुल्क

**ब्रिजवॉटर।** राष्ट्रपति ट्रंप ने शनिवार यूरोपीय संघ (ईयू) और मेक्सिको पर 30 प्रतिशत शुल्क लगाने की घोषणा की। ट्रंप ने अपने सोशल मीडिया खाते पर पोस्ट किए गए पत्रों में यह जानकारी दी। यह शुल्क 1 अगस्त से प्रभावी होगा।

मेक्सिको के नेता को लिखे अपने पत्र में, ट्रंप ने स्वीकार किया कि मेक्सिको ने उत्तरी अमेरिका को मादक पदार्थ की तस्करी के मैदान में बदलने से रोकने के लिए पर्याप्त कदम नहीं उठाए हैं। ट्रंप ने यूरोपीय संघ को लिखे अपने पत्र में कहा कि अमेरिका का व्यापार घाटा राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए खतरा है।



# स्वियातेक बनीं विंबलडन चैंपियन

**लंदन।** पोलैंड की इगा स्वियातेक ने शनिवार को यहां अमेरिका की अमांडा अनिसिमोवा को हराकर विंबलडन टेनिस ग्रैंडस्लैम का महिला एकल खिताब अपने नाम किया। यह 114 वर्षों में टूर्नामेंट का पहला महिला फाइनल था जिसमें प्रतिद्वंद्वी खिलाड़ी एक भी गेम नहीं जीत सकी। फ्रेंच ओपन में चार और अमेरिकी में एक ट्रॉफी जीतने वाली स्वियातेक ने सेंटर कोर्ट में केवल 57 मिनट में 13वीं वरीयता प्राप्त 23 वर्षीय अनिसिमोवा को 6-0, 6-0 से हराकर अपना छठा ग्रैंडस्लैम जीता। विंबलडन को लगातार आठवीं बार पहली महिला चैंपियन मिली।

# धर्म छिपाकर हिंदू धर्म का चोला पहने मिले, 68 दबोचे

- देवभूमि में ऑपरेशन कालनेमि में ताबड़तोड़ छापामारी

**देहरादून।** ऑपरेशन कालनेमि के चौकाने वाले नतीजे सामने आ रहे हैं। शुक्रवार को देहरादून में बांग्लादेशी नागरिक सहित 25 ढोंगी बाबा धरे गए थे तो शनिवार को देहरादून और हरिद्वार में 68 फर्जी बाबा पकड़े गए।

एसएसपी देहरादून अजय सिंह ने बताया कि शनिवार को चले अभियान में 23 अन्य ढोंगी छद्मवेष में हिरासत में लिए गए। इनमें से 10 लोग अन्य राज्यों के रहने वाले हैं। वहीं, एसएसपी हरिद्वार प्रमेंद्र सिंह डोबाल के अनुसार, ऑपरेशन कालनेमि में पुलिस टीमों ने ताबड़तोड़ कार्रवाई करते हुए कोतवाली नगर से 13, श्यामपुर से 18, कनखल से 8 और कलियर से 6 सहित 45 ढोंगी साधु गिरफ्तार किए हैं। एसएसपी के अनुसार, खास बात यह है कि इनमें 7-8 ऐसे लोग चिन्हित किए गए जो दूसरे धर्म से संबंध रखते हैं और हिंदू धर्म का चोला पहनकर कालनेमि की तरह ही काम कर रहे थे।

# दिल्ली में भरभराकर गिरी चार मंजिला इमारत, छह की मौत

- हादसे में आठ लोग घायल, कई के मलबे में दबे होने की आशंका

**नई दिल्ली, एजेंसी**



उत्तर-पूर्वी दिल्ली के वेलकम इलाके में शनिवार सुबह चार मंजिला इमारत ढहने से दो साल की बच्ची सहित छह लोगों की मौत हो गई, जबकि आठ लोग घायल हुए हैं। समाचार लिखे जाने तक कई लोगों के मलबे में दबे होने की आशंका है।

अधिकारी ने बताया कि इमारत के मालिक, उनकी पत्नी, दो बेटों और दो अन्य लोगों के शव मलबे से निकाले गए और उन्हें जीटीबी अस्पताल भेज दिया गया। आठ लोगों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जबकि मलबे में अबतक फंसे लोगों को बचाने के प्रयास जारी हैं। बचाव अभियान के लिए राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ) समेत कई एजेंसियों को तैनात किया गया है। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, हमें वेलकम पुलिस थाने में शनिवार सुबह लगभग सात बजकर चार मिनट पर ईदगाह, वेलकम के निकट चार मंजिला इमारत के ढहने की सूचना मिली थी।

# भारतीय न्याय व्यवस्था अनोखी चुनौतियों का कर रही सामना

## प्रधान न्यायाधीश गवई ने कहा- व्यवस्था में सुधार की सख्त जरूरत

- दीक्षांत समारोह में छात्रों को सलाह कि छात्रवृत्ति पर विदेश जाकर पढ़ाई करें, न कि परिवार पर बोझ डालें

**हैदराबाद, एजेंसी**



प्रधान न्यायाधीश बीआर गवई ने शनिवार को कहा कि भारतीय न्याय व्यवस्था अनोखी चुनौतियों का सामना कर रही है और मुकदमों में कभी-कभी कई दशकों की देरी हो सकती है। नालसार विधि विश्वविद्यालय, हैदराबाद में दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुए न्यायमूर्ति गवई ने छात्रों को सलाह दी कि वे छात्रवृत्ति पर विदेश जाकर अध्ययन करें और परिवार पर वित्तीय बोझ नहीं डालें।

उन्होंने कहा, हमारा देश और न्याय व्यवस्था अनोखी चुनौतियों का सामना कर रही है। मुकदमों में देरी कभी-कभी दशकों तक चल सकती है। हमने ऐसे मामले देखे हैं जहां विचाराधीन कैदी के रूप में कई वर्ष जेल में बिताने के बाद भी कोई व्यक्ति निर्दोष पाया गया है। हमारी सर्वश्रेष्ठ प्रतिभाएं हमें उन समस्याओं का समाधान करने में मदद कर सकती हैं जिनका हम सामना कर रहे हैं। प्रधान न्यायाधीश ने इस संबंध में अमेरिका के वरिष्ठ संघीय जिला न्यायाधीश जेड एस राकॉफ का हवाला दिया। अमेरिकी न्यायाधीश ने अपनी पुस्तक क्यों निर्दोष दोषी ठहराए जाते हैं एवं दोषी मुक्त हो जाते हैं और हमारी टूटी हुई कानूनी व्यवस्था के अन्य विरोधाभास में लिखा था, हालांकि मैं इस निष्कर्ष पर पहुंचा हूं कि हमारी न्याय व्यवस्था में सुधार की सख्त जरूरत है, फिर भी मैं पूरी तरह से आशावादी हूं कि मेरे साथी (नागरिक) इस चुनौती का सामना करेंगे। अमेरिकी न्यायाधीश की इस टिप्पणी को प्रधान न्यायाधीश गवई ने उद्धृत किया। विदेश में मास्टर डिग्री हासिल करने के दबाव पर न्यायमूर्ति गवई ने कहा, सिर्फ एक विदेशी डिग्री आपकी योग्यता पर मुहर नहीं है।

यह फैसला बिना सोचे-समझे या अपने साथियों के दबाव में न लें। इसके बाद क्या होगा? बरसों का कर्ज, चिंता, आर्थिक बोझ तले करियर के फैसले। उन्होंने कुछ युवा स्नातकों या वकीलों का उदाहरण दिया, जो विदेश में शिक्षा के लिए 50-70 लाख रुपये तक का ऋण लेते हैं। वास्तव में, 50-70 लाख रुपये जैसी बड़ी राशि का एक छोटा सा हिस्सा स्वतंत्र प्रैक्टिस शुरू करने या कार्यालय कक्ष बनाने के लिए निवेश के रूप में इस्तेमाल किया जा सकता है।

### पारदर्शी व योग्यता-आधारित अवसर प्रदान करने होंगे

गवई ने कहा, अगर हम अपनी सर्वश्रेष्ठ प्रतिभाओं को बनाए रखना चाहते हैं या उन्हें वापस लाना चाहते हैं, तो इसमें बदलाव लाना होगा। हमें एक सृजनात्मक शैक्षणिक वातावरण बनाना होगा, पारदर्शी और योग्यता-आधारित अवसर प्रदान करने होंगे। सबसे महत्वपूर्ण बात, भारत में कानूनी शोध और प्रशिक्षण की गरिमा और उद्देश्य को बहाल करना होगा। कानूनी पेशेवरों के समक्ष आने वाले मानसिक दबाव के मुद्दे पर उन्होंने कहा कि काम के घंटे लंबे होते हैं, अपेक्षाएं अधिक होती हैं और संस्कृति कभी-कभी निर्मम होती है। भारत की कानूनी विरासत का सिर्फ जश्न मनाना ही काफी नहीं है, इसके भविष्य का भी ध्यान रखा जाना चाहिए। भविष्य इस बात पर निर्भर करता है कि शोधकर्ताओं, युवा शिक्षकों, वकीलों और विद्वानों के साथ कैसा व्यवहार किया जाता है।

# 10 वर्षों में असमान रही जुलाई की शुरुआती वर्षा

## वैज्ञानिक जलवायु परिवर्तन मानते हैं इसकी बड़ी वजह, इस वर्ष 12 दिनों में रिकॉर्ड की गई 180 मिमी बारिश

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार :** पिछले 10 वर्षों में जुलाई की शुरुआती बारिश असामान्य रही है। सरोवर नगरी में जुलाई माह में भले ही बारिश में निरंतरता बनी हुई हो, लेकिन वर्षा का औसत सामान्य से नीचे बना हुआ है। पिछले 12 दिनों में 180 मिमी वर्षा रिकॉर्ड की गई है, जबकि पिछले वर्ष 577 मिमी दर्ज की गई थी।

सिंचाई विभाग के झील नियंत्रण कक्ष के मुताबिक वर्ष 2021 व 22 के जुलाई के पहले 12 दिनों की बारिश बेहद निराश करने वाली थी। इसकी बड़ी वजह मानसून के देर से पहुंचने के अलावा जलवायु परिवर्तन माना जाता है, जबकि इससे पहले 2016 से 2017 में वर्षा का स्तर सामान्य से अधिक रहा था और 2023 व 24 में वर्षा सामान्य के नजदीक देखने को मिली है। पर्यावरण वैज्ञानिक मानते हैं कि जलवायु परिवर्तन का मानसून में असर पड़ा है। जिस कारण बारिश में असमानता देखने को मिली है। जलवायु परिवर्तन के कारण बारिश के स्वभाव में अंतर आया है। तापमान में वृद्धि हुई है और आद्रता में कमी आई है। फिलहाल यह अंतर निरंतर जारी है और भविष्य में आने वाले वर्षों में मौसम व बारिश के बारे में सटीक पूर्वानुमान नहीं लगाया जा सकता है। इस बार समय से पहले मानसून आया है तो बारिश में निरंतरता बनी हुई है। इस बार ला नीना और अल नीनो सक्रिय नहीं है। इस बार मानसून की बारिश सामान्य या सामान्य से अधिक हो सकती है।



नैनीझील में नौकायन करते पर्यटक। ● अमृत विचार

### आंकड़े

2016 – 630 मिमी
2017– 1120 मिमी
2018– 195 मिमी
2019– 155 मिमी
2020– 220 मिमी
2021–95 मिमी
2022–115 मिमी
2023– 497 मिमी
2024– 577 मिमी
2025– 180 मिमी।

### जुलाई की बारिश पर रहती है खास नजर

**नैनीताल :** आर्यभट्ट प्रेक्षण विज्ञान शोध संस्थान एरीज के वरिष्ठ पर्यावरण वैज्ञानिक डॉ नरेंद्र सिंह कहते हैं कि जलवायु परिवर्तन का मानसून पर असर रहने लगा है। जिसने न केवल मानसून की बारिश का स्वरूप बदला है, बल्कि वर्षा के दिनों में भी बदलाव आया है। जुलाई का महीना मानसून का पीक रहता है। इस माह की बारिश में वैज्ञानिकों की खास नजर रहती है।

### नैनीताल में हुई हल्की बारिश

**नैनीताल :** सरोवर नगरी में शनिवार को दिन में हल्की बारिश हुई। जिस कारण मौसम सुहावना बना रहा और तापमान सामान्य सामान्य बना रहा। नगर में सुबह के समय चटक धूप खिली हुई थी। अपराह्न एक बजे बारिश हल्की बारिश शुरू हो गई , जोकि रुकरुक कर शाम तक होते रही। हालांकि वर्षा का रोजमर्रा के कार्यों में कोई असर नहीं पढ़ा। जीआईसी मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार अधिकतम तापमान 27 व न्यूनतम 20 डिग्री सेल्सियस रहा। आद्रता अधिकतम 90 व न्यूनतम 60 प्रतिशत रही।

### सैलानियों ने पर्यटन स्थलों का किया दीदार

**नैनीताल, अमृत विचार :** वीकेंड पर सैलानियों ने पर्यटन स्थलों का दीदार किया। रविवार को पर्यटकों की संख्या बढ़ने की उम्मीद जताई जा रही है। पर्यटकों के वाहनों की वजह से जाम की स्थिति भी बन गई। नैनीताल होटल एसोसिएशन अध्यक्ष दिग्विजय बिष्ट के अनुसार, इस समय आमतौर पर होटल की बुकिंग 80% रहती थी, लेकिन इस बार औसत बुकिंग 30–35% पर आ गई है। बड़ी संख्या में पर्यटकों ने बुकिंग रद्द कर दी है। बारिश और भूस्खलन के बढ़ते खतरे को देखते हुए जिला प्रशासन और आपदा प्रबंधन विभाग सतर्क है। पहाड़ों में बारिश के अलर्ट के बाद नैनीताल जिलों में कंट्रोल रूम सक्रिय कर दिए गए हैं। एसडीआरएफ की टीमें संवेदनशील क्षेत्रों में तैनात की गई हैं। शासन ने यात्रा करने वालों को सावधानी बरतने और मौसम की जानकारी लेकर ही पहाड़ों की ओर रुख करने की सलाह दी है।

# लिगेसी प्लानः अब खेल ढांचे का होगा बेहतर और स्थायी उपयोग

- राष्ट्रीय खेलों के बाद उत्तराखंड में खेलों की नई उड़ान
- सीएम धामी ने दिए लिगेसी प्लान पर तेज कार्यवाही के निर्देश

मुख्य संवाददाता, देहरादून

**अमृत विचार :** उत्तराखंड में आयोजित 38वें राष्ट्रीय खेलों की अभूतपूर्व सफलता के बाद अब राज्य सरकार खेलों को लेकर नई दृष्टि और रणनीति के साथ आगे बढ़ रही है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने राज्य के खिलाड़ियों को निरंतर उच्च स्तरीय प्रशिक्षण और सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए राष्ट्रीय खेलों के दौरान निर्मित और उन्नत किए गए खेल ढांचे का प्रभावी उपयोग सुनिश्चित करने हेतु मुख्य सचिव आनंद बर्द्धन को शीघ्र कार्ययोजना तैयार करने और उस पर तेजी से अमल करने के निर्देश दिए हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि 38वें राष्ट्रीय खेल केवल एक आयोजन नहीं थे, बल्कि यह उत्तराखंड की खेल यात्रा में ऐतिहासिक मोड़ सिद्ध हुए हैं। पहली बार राज्य ने 100 से अधिक पदक जीतकर पदक तालिका में सातवां स्थान प्राप्त किया और अपने प्रदर्शन से पूरे देश का ध्यान आकर्षित किया। खेलों के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता और खिलाड़ियों की मेहनत ने मिलकर यह असाधारण उपलब्धि संभव बनाई है। राष्ट्रीय खेलों के आयोजन के लिए तैयार की गई अंतर्राष्ट्रीय स्तर की सुविधाएं अब राज्य के खिलाड़ियों के लिए प्रशिक्षण केंद्र के रूप में उपयोग होंगी। देहरादून के महाराणा प्रताप स्पोर्ट्स कॉलेज और हल्द्वानी के इंदिरा गांधी स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स को आधुनिक सुविधाओं से युक्त किया गया है। इसके साथ ही, राज्य के आठ शहरों में 23 खेल अकादमियों की स्थापना की योजना भी लिगेसी प्लान का हिस्सा है।

### नई खेल नीति से खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ा

मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष 2021 में लागू नई खेल नीति के सकारात्मक परिणाम दिखने लगे हैं। इसमें खिलाड़ियों को उनकी उपलब्धियों के अनुसार आकर्षक प्रोत्साहन राशि, सरकारी नौकरी, छात्रवृत्तियां और सम्मान देने का प्रावधान किया गया है। ओलंपिक स्तर के पदक विजेताओं को दो करोड़ रुपये तक की राशि देने की घोषणा से खिलाड़ियों में नया उत्साह आया है। हल्द्वानी में बनने वाला खेल विश्वविद्यालय राज्य की खेल संस्कृति को संस्थागत रूप देगा। यह न केवल प्रशिक्षण और रिसर्च का केंद्र बनेगा, बल्कि कोचिंग, खेल विज्ञान, फिजियोथेरेपी, मैनेजमेंट आदि में भी युवाओं को अवसर प्रदान करेगा।



उत्तराखंड को आज खेल भूमि के रूप में देखा जाना पूरे राज्य के लिए गर्व की बात है। राष्ट्रीय खेलों की सफलता ने एक नई चेतना जागृत की है। सरकार खेल और खिलाड़ियों के सर्वांगीण विकास के लिए पूरी तन्मयता से जुटी है। मैदानों से लेकर पहाड़ों तक हर जगह खेल प्रतिभाओं के लिए एक नया और उज्जवल भविष्य आकार ले रहा है।
**–पुष्कर सिंह धामी**, मुख्यमंत्री, उत्तराखंड

# कमरे में लगी आग, मचा हड़कंप

- अग्निशमन विभाग की टीम और स्थानीय लोगों ने आग पर पाया काबू

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार :** बीडी पांडे जिला अस्पताल के रोपवे के ऊपर स्थित आवासीय परिसर के आउट हाउस के एक खाली कमरे में शनिवार को अचानक आग लग गई। स्थानीय लोगों ने बताया आउट हाउस नशेड़ियों का अड्डा हैं, जिनके द्वारा आग लगाई गई है। आग लगते ही हड़कंप मच गया।
स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना 112 के माध्यम से पुलिस को दी। अग्निशमन कर्मियों और स्थानीय नागरिकों ने मिलकर आग पर काबू पाया। आग अस्पताल के आउट हाउस में स्थित एक पुराने व खाली पड़े कमरे में लगी थी। जिसमें लकड़ी की बल्लियां और पुराना फर्नीचर रखा हुआ था। आग लगने की सूचना मिलते ही फायर यूनिट मौके पर पहुंची। साथ ही स्थानीय लोगों ने भी बाल्टियों से पानी डालकर आग बुझाने में मदद की। फायर फाइटर्स ने अंदर रखा सामान बाहर निकालते हुए आग को फैलने से रोका। गनीमत रही कि आग केवल एक कमरे तक ही सीमित रही और समय पर कार्यवाही के चलते अन्य हिस्सों में नहीं फैल पाई। इस दौरान हरनाम सिंह राणा, अर्जुन सिंह, उमेश कुमार, हर्ष कुमार आदि मौजूद रहे।



आग लगने के बाद निरीक्षण करती पुलिस व मौजूद लोग। ● अमृत विचार

### अधिकारियों को दिए आवश्यक दिशा-निर्देश

**भीमताल, अमृत विचार :** नगर पालिका के तत्वावधान में भीमताल के रामलीला ग्राउंड में 16 जुलाई से 21 जुलाई तक हरेला मेला का आयोजन प्रस्तावित है। मेले की तैयारी को लेकर नगर पालिका अध्यक्ष सीमा टम्टा ने मेला स्थल का निरीक्षण किया और अधिकारियों को आवश्यक निर्देश जारी किए। इस दौरान नगर पालिका अध्यक्ष ने अवगत कराया कि बरसात का मौसम है, इसलिए सुरक्षा के खास इंतजाम किए जाएं। उन्होंने दुकानदारों को भी ब्रांडेड तिरपाल का प्रयोग करने के निर्देश दिए। जलभराव की स्थिति में अभी से उपाय करने के निर्देश अफसरों को दिए। अधिशासी अधिकारी उदयवीर सिंह ने नगर पालिका की ओर से कराए जा रहे कार्यों की जानकारी दी। इस मौके पर सभासद बंटी आर्य, योगेश आर्य, अनिल एटनी आदि मौजूद थे।



मेले स्थल का निरीक्षण करतीं नगर पालिका अध्यक्ष सीमा टम्टा। ● अमृत विचार

### हड्डियों की देखभाल के बारे में दी जानकारी

**नैनीताल :** नैनीताल के डीएसए में शनिवार को ऑल इंडिया वीमेंस कॉन्फ्रेंस के तत्वावधान में हड्डी जांच शिविर का आयोजन किया गया। इसमें बीडी पांडे जिला अस्पताल के विशेषज्ञ डॉक्टरों ने 40 लोगों की निशुल्क जांच की। हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ. नरेंद्र रावत, डॉ. प्रमोद ओझा व फिजियोथेरेपिस्ट डॉ. दीपका पंत ने मरीजों की जांच कर उन्हें परामर्श दिया। नगर पालिका अध्यक्ष डॉ. सरस्वती खेतवाल मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। स्कूली छात्रों को हड्डियों की देखभाल और प्राथमिक उपचार की जानकारी भी दी गई। शिविर में डॉ. नरेंद्र रावत , संस्था की अध्यक्ष मुन्नी तिवारी, सचिव प्रीति शर्मा आदि मौजूद रहे।

# सीवर लाइन शिफ्टिंग का कार्य हुआ शुरू

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार :** प्रसिद्ध नैना देवी मंदिर के समीप स्थित भोटिया मार्केट क्षेत्र में जर्जर हो चुकी सीवर लाइन को हटाकर नई सीवर लाइन बिछाने का कार्य शुरू कर दिया गया है।

यह कार्य उत्तराखंड सरकार की मानसखंड परियोजना के अंतर्गत मंदिर क्षेत्र के सौंदर्यीकरण योजना का अहम हिस्सा है। जल निगम को इस कार्य के लिए शासन से लगभग 60 लाख रुपये की स्वीकृति प्राप्त हुई है। जल निगम के अधिशासी अभियंता अशोक प्रजापति ने जानकारी देते हुए बताया कि भोटिया मार्केट क्षेत्र की पुरानी सीवर लाइन बारिश के समय जलभराव और गंदगी की प्रमुख वजह बन रही थी। इससे न केवल स्थानीय दुकानदारों को परेशानी होती थी, बल्कि मंदिर दर्शन के लिए आने वाले श्रद्धालुओं और पर्यटकों को भी असुविधा का सामना करना पड़ता था। बताया कि नई सीवर लाइन शिफ्टिंग का कार्य लगभग 20 दिन में पूरा कर लिया जाएगा।

इसके बाद मंदिर क्षेत्र की सफाई और जल निकासी व्यवस्था में बड़ा सुधार देखने को मिलेगा। स्थानीय दुकानदारों ने भी इस पहल का स्वागत किया है।

# जलभराव का किया निरीक्षण

**खबर का असर**

संवाददाता, भीमताल

**अमृत विचार :** भीमताल के नकुचियाताल भीमताल मोटर मार्ग में जलभराव की खबर अमृत विचार में प्रकाशित होते ही जिलाधिकारी नैनीताल वंदना सिंह ने समस्या का संज्ञान लिया। साथ ही नगर पालिका, सिंचाई व अन्य विभागों के अफसरों को निरीक्षण करने के निर्देश दिए। इसके बाद अफसरों ने मौके का निरीक्षण भी किया।

भीमताल में जलभराव की स्थिति को लेकर सामाजिक कार्यकर्ता पूरन बृजवासी ने जिलाधिकारी से गुहार लगाई थी। इस समाचार को अमृत विचार अखबार ने प्रकाशित किया था। सिंचाई विभाग व नगर पालिका के अधिकारी मौके पर पहुंचे और प्रकरण की जानकारी प्राप्त की। जनता ने अवगत कराया कि बरसात के समय में स्थिति बहुत खराब हो जाती है। कैचमेंट एरिया का सारा पानी सड़क में बहता हुआ आ जाता है। अधिकारियों ने बताया कि मामले की रिपोर्ट बनाकर जिलाधिकारी को भेजी जाएगी। अधिशासी अधिकारी नगर पालिका उदयवीर सिंह, सिंचाई विभाग के सहायक अभियंता मनमोहन सिंह बिष्ट व भगत आदि मौजूद थे।



क्षेत्र का निरीक्षण करते अधिकारी। ● अमृत विचार

### एक माह में ही उखड़ गया मोटर मार्ग का डामर

**भीमताल :** जंगलिया गांव कैलाश मोटर मार्ग में अभी एक एक माह पूर्व किया गया डामर जगह–जगह से उखड़ गया है। हालांकि ठेकेदार की ओर से इस विभाग को हस्तांतरित नहीं किया गया है। स्थानीय जनता ने जिलाधिकारी से मोटर मार्ग का संयुक्त निरीक्षण कराने की मांग की है। मालूम हो कि वन टाइम मेंटेनेंस के तहत इस मोटर मार्ग में 5 किलोमीटर तक डामरीकरण का कार्य किया गया है। करीब 2 करोड़ 75 लाख लागत से यह कार्य हुआ है। प्रांतीय खंड लोक निर्माण विभाग नैनीताल ने यह कार्य कराया था। ठेकेदार की ओर से आसपास की मिट्टी एकत्र करके इन गड्ढों को भरवाने का कार्य किया जा रहा है। जनता ने डीएम से विभाग को हस्तांतरित होने से पूर्व ठेकेदार को अच्छी तरह से कार्य करने के निर्देश जारी करने की मांग की है।

# पानी पी लिया, भुगतान नहीं किया

- नैनीताल में 9.55 करोड़ का बकाया, बकायेदारों में सरकारी विभाग भी शामिल

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार :** नैनीताल, भवाली और भीमताल जैसे पर्यटन और जनसंख्या के लिहाज से महत्वपूर्ण क्षेत्रों में जल आपूर्ति को लेकर गंभीर स्थिति उभरती दिख रही है। उत्तराखंड जल संस्थान के अनुसार, बीते एक साल में इन क्षेत्रों के कई उपभोक्ताओं ने करीब 11 करोड़ रुपये मूल्य का पानी पी लिया, लेकिन एक पाई भी भुगतान नहीं किया।

यह न केवल संसाधनों की बर्बादी को दर्शाता है, बल्कि सरकारी व्यवस्था और जवाबदेही की भी पोल खोलता है।

नैनीताल में 9.55 करोड़, भीमताल में 1 करोड़ और भवाली में 36 लाख रुपये का बकाया है। ये आंकड़े यह बताते हैं कि उपभोक्ताओं के एक बड़े हिस्से ने वर्षों तक फ्री में पानी का उपयोग किया। हैरानी की बात यह है कि इनमें से अधिकतर बकाया सरकारी विभागों पर है।

जल संस्थान के अधिशासी अभियंता रमेश गर्ब्याल के अनुसार, कई विभागों ने मार्च 2025 तक भी अपने बिल नहीं चुकाए।

### आम जनता के लिए सख्ती, विभागों के लिए रियायत

जल संस्थान ने मार्च तक बिल न जमा करने वाले 37 उपभोक्ताओं के जल कनेक्शन काट दिए हैं, जोकि एक सही कदम है, लेकिन ये सख्ती सरकारी विभागों पर नहीं दिखाई देती। नैनीताल क्षेत्र के अधिकांश सरकारी विभागों पर लाखों रुपये का बकाया है, जोकि अब तक सरकारी विभागों द्वारा जमा नहीं किया गया है। विभागीय अधिकारी बताते हैं कि बिल न जमा करने के पीछे के कारण कुछ मामलों में उपभोक्ताओं की मृत्यु, संपत्ति किराए पर जाने या परिवारों के बाहर स्थानांतरित होने जैसे कारणों से बिल अटका है। जल संस्थान ने सभी को नोटिस भेज कर बिल जमा करने के निर्देश दिए हैं।

### कला प्रतियोगिता में वर्षा रहीं प्रथम

**नैनीताल :** नैनीताल के प्रतिष्ठित सेंट जॉन्स विद्यालय में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण नैनीताल कार्यालय की ओर से आपदा प्रबंधन को लेकर कार्यशाला का आयोजन किया गया। आपदाओं के दौरान होने वाली घटनाओं से बचने की जानकारी दी गई। अधिकार मित्र किरण रतूड़ी ने कला प्रतियोगिता का आयोजन भी किया। जिसमें वर्षा आर्या प्रथम, अराध्या चौनियाल द्वितीय व आशीष सिंह रावत एवं क्रियांश वशिष्ठ संयुक्त रूप से तृतीय स्थान पर रहे। कार्यक्रम में उप- प्रधानाचार्य पूनम बिष्ट, ज्योति त्रिपाठी, अनीता बोरा व विक्रम सिंह रावत आदि उपस्थित रहे।




# भीमताल में 16 से 21 जुलाई तक रहेगी हरेला मेला की धूम

- भीमताल में मेले को लेकर तैयारियां शुरू, सफाई का रखा जाएगा विशेष ध्यान
- प्रत्येक वर्ष धूमधाम से मनाया जाता है हरेला मेला

संवाददाता, भीमताल

**अमृत विचार :** उत्तराखंड को धार्मिक प्रदेश की संज्ञा मिली हुई है। यहां कुमाऊं के भीमताल और चंपावत में हर वर्ष हरेला मेला भव्य रूप में मनाया जाता है। इस बार हरेला मेला 16 से 21 जुलाई तक मनाया जाएगा। इसके लिए तैयारियां शुरू हो गई हैं।

नौकुचियाताल निवासी पंडित रविंद्र कर्नाटक के अनुसार, भीमताल में हरेला मेले के इतिहास के बारे में लिखित दस्तावेज नहीं है, पर कहा जाता है कि जब हल्द्वानी मालदार की नगरी के रूप में विख्यात थी, वहां निवास करने वाले लोग हर त्योहार को संपन्नता के साथ मनाते थे।

क्षेत्र के किसान जब इन लोगों के संपर्क में आए तो अधिक संपन्न न होने के कारण त्योहारों में सहभागिता नहीं कर पाए। ऐसे में निर्णय लिया गया कि ऐसा त्योहार मनाया जाएगा, जिससे क्षेत्र के सभी लोग सम्मिलित हो सके और त्योहार की ख्याति दूर-दूर तक फैले, मगर मेले का जितना प्रचार- प्रसार होना था उतना नहीं हो पाया। भीमताल में पूर्व में आणू ( वर्तमान में विकास भवन ) नामक स्थान में धान की खेती के लिए प्रसिद्ध था, जब धान की रोपाई की जाती थी तो उसमें कई लोग सम्मिलित होते थे। इसी ने मेले का स्वरूप ले लिया।

पूर्व में हरेला मेल डांठ पर स्थित हरेला खेत में मनाया जाता था। इस स्थान में अणु के हरे-भरे खेत साफ दिखाई देते थे। वहीं चंपावत के दिगाली चौड़ समेत कई स्थानों में भी हरेला मेले का आयोजन होता है।



हरेला मेला क्षेत्र की पहचान है। दूर-दराज से ग्रामीण मेले में सम्मिलित होते हैं। इस बार अधिक से अधिक लोग पहुंचे, इसके लिए प्रयास किए जा रहे हैं।
**–सीमा टम्टा,** अध्यक्ष नगर पालिका परिषद



नगर पालिका मेले के लिए तैयार है। इसके लिए हर सुविधा उपलब्ध हो, ऐसा प्रयास किया जा रहा है। सफाई का विशेष ध्यान दिया जाएगा।
**–उदयवीर सिंह अधिशासी,** अधिकारी नगर पालिका भीमताल



हरेला मेला कुमाऊं की पहचान है। इस त्योहार में अधिक से अधिक पौधे लगाने चाहिए, ताकि पर्यावरण का संतुलन बना रहे।
**–पंडित रविंद्र कर्नाटक,** निवासी नकुचियाताल



हरेला मेला क्षेत्र की पहचान है। इसे राज्य मेले का दर्जा मिले, इसके लिए हम सबको प्रयास करना चाहिए।
**–अखिलेश सेमवाल,** सदस्य केंद्रीय कार्यकारिणी प्रांतीय उद्योग व्यापार मंडल

## आज का मौसम

हल्की धूप और तूफान के साथ बारिश की भी संभावना

| 32.0° | 26.0° |
|---|---|
| अधिकतम तापमान | न्यूनतम तापमान |
| सूर्योदय 05.22 | सूर्यास्त 19.14 |

## शहर में आज

- मिनी स्टेडियम में बैडमिंटन प्रतियोगिता होगी सुबह 10 बजे
- पर्वतीय सांस्कृतिक उत्थान मंच में हरेला पर्व पर विभिन्न रंगारंग कार्यक्रम 4 बजे
- डॉक्टर्स और चार्टर्ड एकाउंटेंट्स को आईटीसी फार्चून होटल में सम्मान समारोह होगा शाम 5 :30 बजे

### मॉनीटरिंग रूम में वीएलटीडी की मदद से रखी जाएगी वाहनों पर निगरानी, बनेगा सेंसरयुक्त ट्रैक

# नए आरटीओ दफ्तर में होगी हाईटेक मॉनीटरिंग

- किराये के भवन में चलेगा आरटीओ कार्यालय
- टेंडर प्रक्रिया पूरी, मानसून के बाद काम होगा शुरू

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार:** शहर में जल्द ही नया आरटीओ कार्यालय और आधुनिक ड्राइविंग टेस्टिंग ट्रैक का निर्माण शुरू होगा। वर्तमान आरटीओ कार्यालय की एक हेक्टेयर जमीन पर ही इस हाईटेक भवन का निर्माण किया जाएगा। यह सभी सुविधाओं से लैस होगा। परिसर में कार्यालय और ड्राइविंग टेस्टिंग ट्रैक बनाया जाएगा। इसके साथ ही बेसमेंट पार्किंग बनाई जाएगी, जिसमें तीन तलों में कुल 150 वाहनों के पार्किंग की व्यवस्था होगी। इससे कार्यालय में अपने कामों के लिए आने वाले लोगों को पार्किंग के लिए परेशान नहीं होना पड़ेगा।

आरटीओ कार्यालय में हाईटेक वीडियो मॉनीटरिंग सिस्टम स्थापित किया जाएगा। जिसके लिए समस्त सार्वजनिक वाहनों में व्हीकल लोकेशन ट्रैकिंग डिवाइस को अनिवार्य किया गया है। इन वाहनों पर रात-दिन कार्यालय में स्थापित मॉनीटरिंग सिस्टम से निगरानी रखी जाएगी। इसके तहत जरूरत पड़ने पर किसी भी वाहन को ट्रैक किया जा सकेगा, जिसमें उसके संचालन की पूरी हिस्ट्री चेक की जा सकती है। साथ ही रियल टाइम पर वाहन की लोकेशन, स्पीड और अन्य जानकारी को आसानी से देखा जा सकता है। इस सिस्टम के लागू होने से अपराध और दुर्घटनाओं की रोकथाम में भी मदद मिलेगी। संभागीय परिवहन अधिकारी ने बताया कि कार्यालय और ड्राइविंग टेस्टिंग ट्रैक का निर्माण 19 करोड़ रुपए की लागत से किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इसकी वित्तीय और प्रशासनिक स्वीकृति पूर्व में ही मिल चुकी है। जिसके बाद टेंडर प्रक्रिया भी पूरी हो गई है। बताया कि मानसून को ध्यान में रखते हुए निर्माण अभी शुरू नहीं किया गया है। मानसून समाप्त होते ही निर्माण एजेंसी पेयजल निगम की ओर से कार्य शुरू कर दिया जाएगा। भवन तैयार होने के दौरान आरटीओ कार्यालय का संचालन पास में ही किराये के भवन में किया जाएगा।




### सेंसर युक्त ड्राइविंग टेस्टिंग ट्रैक भी होगा आधुनिक

आरटीओ परिसर में बनने वाला ड्राइविंग टेस्टिंग ट्रैक भी आधुनिक होगा। इसके तहत सेंसरयुक्त ट्रैक बनाया जाएगा। जिसमें दोपहिया वाहनों के लिए 8 आकार का चित्र और चौपहिया वाहनों के लिए S आकार का चित्र बनाया जाएगा। साथ ही ट्रैक में हिल ड्राइविंग के लिए अपहिल और डाउनहिल स्ट्रीम का निर्माण किया जाएगा। जिसमें पर्वतीय क्षेत्रों में वाहनों के संचालन के लिए इस प्रक्रिया से गुजरना होगा।




# मौसम की मार, 150 से ज्यादा बच्चे रोजाना हो रहे बीमार

### वायरल फीवर और एलर्जी के मामले बढ़े, डॉक्टरों ने अभिभावकों को सतर्क रहने की दी सलाह, बदलते मौसम में बच्चों की सेहत पर असर

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार:** बदलते मौसम की मार अब बच्चों की सेहत पर साफ तौर पर दिखने लगी है। कभी तेज धूप, तो कभी अचानक बारिश और फिर ठंडी हवाओं की दस्तक इस मौसम के लगातार बदलते मिजाज ने बच्चों की रोग प्रतिरोधक क्षमता को कमजोर कर दिया है। नतीजतन, सोबन सिंह जीना बेस अस्पताल में इन दिनों बच्चों की ओपीडी में लगातार भीड़ देखने को मिल रही है। अस्पताल में रोजाना 150 से ज्यादा बीमार बच्चे अस्पताल पहुंच रहे हैं, जिनमें अधिकांश वायरल फीवर, उल्टी-दस्त, स्किन एलर्जी और सर्दी-जुकाम जैसी बीमारियों से पीड़ित हैं। माता-पिता अपने बच्चों की बिगड़ती हालत को लेकर चिंतित हैं और समय पर इलाज के लिए अस्पताल का रुख कर रहे हैं। बेस अस्पताल के वरिष्ठ बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. चंद्रशेखर भट्ट ने बताया कि बीमार बच्चों की संख्या में बीते कुछ दिनों में अचानक इजाफा हुआ है। उनका कहना है कि करीब 20 प्रतिशत बच्चे त्वचा संबंधी समस्याओं से पीड़ित हैं, जबकि बाकी वायरल फीवर, उल्टी-दस्त और पेट संबंधी रोगों से ग्रस्त हैं। डॉ. भट्ट के अनुसार, मौसम का यह उतार-चढ़ाव बच्चों की इम्युनिटी को प्रभावित कर रहा है। बच्चों का शरीर इन अचानक बदलते तापमान के अनुकूल जल्दी ढल नहीं पाता, जिससे वे जल्दी बीमार हो जाते हैं। कमजोर इम्युनिटी वाले बच्चे वायरल संक्रमण और पेट की बीमारियों की चपेट में तेजी से आ रहे हैं।

वरिष्ठ बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. चंद्रशेखर भट्ट ने बताया कि मौसम के इस उतार-चढ़ाव के बीच बच्चों की सेहत का ध्यान रखने के लिए अभिभावकों को विशेष सतर्कता बरतने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि कभी तेज गर्मी, कभी अचानक बारिश और फिर ठंडी हवाएं इस तरह के मौसम में बच्चों की रोग प्रतिरोधक क्षमता पर असर पड़ता है, जिससे वे जल्दी बीमार हो जाते हैं।

उन्होंने सलाह दी कि अभिभावक बच्चों को मौसम के अनुसार कपड़े पहनाएं और अचानक ठंड या बारिश से बचाव के लिए हल्के गर्म कपड़े हमेशा साथ रखें। बच्चों को दिन में कई बार हाथ धोने की आदत डालें, उन्हें साफ और उबला हुआ पानी पिलाएं और बाहर का तला-भुना या बाजार का खाना देने से बचें। संक्रमण से बचाव के लिए बच्चों को सार्वजनिक और भीड़भाड़ वाले स्थानों में ले जाने से परहेज करें।

आगे डॉ. भट्ट ने कहा कि बच्चों को घर का बना ताजा और पौष्टिक भोजन दें, जिसमें मौसमी फल, हरी सब्जियां और हल्दी वाला दूध शामिल हो। इससे उनकी इम्युनिटी मजबूत बनी रहेगी।


बेस अस्पताल की ओपीडी में बच्चों की जांच करते डॉक्टर। ● अमृत विचार


बेस अस्पताल में मरीजों को देखते वरिष्ठ फिजिशियन डॉ. जितेंद्र भट्ट। ● अमृत विचार

### फिजिशियन ओपीडी में बढ़ा मरीजों का लोड

हल्द्वानी : वरिष्ठ फिजिशियन डॉ. जितेंद्र भट्ट ने बताया कि हर दिन ओपीडी में 200 से अधिक मरीज इलाज को पहुंच रहे हैं, जिनमें ज्यादातर बुखार, खांसी, जुकाम, बदन दर्द और थकान से पीड़ित हैं। उन्होंने बताया कि मौसम में उतार-चढ़ाव और बढ़ती नमी के कारण संक्रमण तेजी से फैल रहा है। कई लोग लक्षणों को नजरअंदाज कर इलाज में देरी कर रहे हैं, जिससे बीमारी गंभीर हो रही है। भट्ट ने लोगों से अपील की है कि बदलते मौसम में सतर्क रहें। किसी भी लक्षण के दिखने पर इलाज कराएं। चेताया कि खुद से कोई दवा न लें बल्कि डॉक्टर की सलाह पर ही इलाज शुरू करें, ताकि संक्रमण गंभीर न हो। यह भी सलाह दी कि पर्याप्त मात्रा में पानी पिएं, जिससे शरीर हाइड्रेटेड रहे और प्रतिरोधक क्षमता बनी रहे। संक्रमण से बचने के लिए भीड़भाड़ वाले स्थानों से बचें और बीमार व्यक्तियों से दूरी बनाए रखें, खासकर बुजुर्गों और बच्चों को विशेष सावधानी बरतनी चाहिए, क्योंकि वे अधिक संवेदनशील होते हैं। उन्होंने आगे कहा कि मास्क का प्रयोग जरूर करें, विशेष रूप से जब आप बाहर निकलें या किसी भीड़भाड़ वाले स्थान पर जाएं, ताकि संक्रमण का खतरा कम किया जा सके।

# सोते वक्त किंग कोबरा ने डसा, महिला की मौत

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** सोते वक्त एक महिला को किंग कोबरा ने डस लिया। उसे पहले किच्छा और फिर रुद्रपुर से एसटीएच रेफर कर दिया। एसटीएच में उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। महिला के मायके वालों के न आ पाने की वजह से शनिवार को शव का पोस्टमार्टम नहीं हो सका। रविवार को मजिस्ट्रेट की मौजूदगी में पोस्टमार्टम होगा।

मूलरूप से तमकुही रोड कुशीनगर गोरखपुर निवासी अमित चौधरी में किच्छा में प्राइवेट नौकरी करते हैं और पत्नी रीता देवी (23 वर्ष) व मां के साथ यहीं रहते हैं। दो साल पहले ही अमित और रीता की शादी हुई थी। अमित के मुताबिक शुक्रवार रात सभी लोग घर में सोए थे। रात करीब ढाई बजे किंग कोबरा ने रीता को डस लिया। आननफानन में उसे किच्छा के एक अस्पताल ले जाया गया। जहां इंजेक्शन लगाने के बाद उसे रुद्रपुर रेफर कर दिया, लेकिन तब तक उसकी हालत बिगड़ चुकी थी। एसटीएच में उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस के मुताबिक शादी के दो वर्ष होने के कारण पोस्टमार्टम मायके वालों के आने के बाद और मजिस्ट्रेट की मौजूदगी में किया जाएगा। रीता मूलरूप से सिसवां बाजार कुशीनगर की रहने वाली थी।



### विधायक से कराया फोन, बोला-शव दे दो इलाज करा लूंगा

हल्द्वानी : पोस्टमार्टम हाउस में उस वक्त हास्यास्पद स्थिति उत्पन्न हो गई जब अमित ने विधायक बताकर वहां चिकित्सकों की फोन पर किसी से बात कराई। विधायक से बात करने के बाद अमित ने बिना पोस्टमार्टम शव उसके सुपुर्द करने की बात कही। चिकित्सकों ने कहा कि यह संभव नहीं, तो अंकित बोला कि उसकी पत्नी को उसके सुपुर्द कर दिया जाए और वह इलाज करा लेगा। तब चिकित्सकों ने कहा कि वह मर चुकी है और अब पोस्टमार्टम ही होगा।

# वर्दी पहन बना रहे थे रील रियल पुलिस ने धर लिया

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** पुलिस की वर्दी पहन कर रील बनाने वालों को असली पुलिस मिल गई और उन्हें थाना भी दिखा दिया। थाने पहुंचते ही नकली पुलिस के हाथ-पैर फूल गए। न सिर्फ सोशल मीडिया पर अपलोड किया वीडियो डिलीट किया, बल्कि लिखित में माफीनामा भी लिखा।

पिछले कुछ दिनों से सोशल मीडिया पर एक वीडियो तेजी से वायरल हो रहा था। इस वीडियो में दिखाया गया कि एक अमीर एक लग्जरी वाहन में सवार में है। वह एक गाड़ी से एक बड़ी इमारत के बाहर पहुंचता है। बड़े आदमी की आवभगत में एक दरोगा को दिखाया गया, जो पहले बड़े आदमी के लिए गाड़ी का दरवाजा खोलता है और फिर इमारत का। दरअसल, वीडियो के जरिये पुलिस को शर्मसार करने का प्रयास था। वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ तो एसएसपी प्रहलाद नारायण मीणा ने मामले में कार्रवाई के आदेश दिए। जांच में जुटी कोतवाली पुलिस ने दोनों युवकों को तलाश लिया और थाने ले आई। दोनों युवकों की पहचान दिनेश और दिव्यांश निवासी मुखानी के रूप में हुई। दोनों युवकों को कोतवाली लाकर पूछताछ की गई। युवकों ने बताया कि उन्होंने वर्दी हल्द्वानी बाजार से खरीदी और फिर वीडियो बनाया। दोनों ने अपने किए पर माफी मांगी। पुलिस ने दोनों का चालान किया है।

एसएसपी मीणा का कहना है कि इस तरह की हरकत को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

# वृद्ध को सीएचसी के बाहर फेंका, एसटीएच में मौत

**हल्द्वानी, अमृत विचार :** सितारगंज से कुछ लोग एक वृद्ध को सीएचसी के बाहर फेंककर फरार हो गए। उसे गंभीर अवस्था में एसटीएच रेफर किया गया और यहां उसकी मौत हो गई। वृद्ध की पहचान नहीं हो पाई है

पुलिस के मुताबिक बीती 9 जुलाई को कुछ लोग एक 60 वर्षीय व्यक्ति को सीएचसी सितारगंज के बाहर फेंक गए थे। चिकित्सकों ने उसकी गंभीर हालत को देखते हुए एसटीएच हल्द्वानी रेफर दिया और यहां उसकी मौत हो गई। इसके बाद घटना की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने शव को मॉर्चरी भेज दिया। 24 घंटे गुजर जाने के बाद भी उसकी शिनाख्त नहीं हो सकी। इधर, मृतक के मुस्लिम होने की सूचना पर कब्रिस्तान कमेटी के लोग पोस्टमार्टम हाउस पहुंचे। जहां घटना से जुड़ी सारी कहानी सामने आई।

# 9 माह पूर्व खोदी सड़क, अब तक नहीं भरे गड्ढे

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** सीवर लाइन बिछाने के लिए खोदी गई सड़कों की लंबे समय से मरम्मत नहीं किए जाने से वार्ड-48 के लोगों का पारा चढ़ गया। उन्होंने उत्तराखंड अर्बन सेक्टर डेवलपमेंट एजेंसी के स्टोर यार्ड में पहुंच कर अधिकारियों का घेराव किया। चेतावनी दी कि यदि जल्द गड्ढे नहीं भरे गए तो उग्र आंदोलन होगा।

शनिवार को पार्षद मुकुल बल्यूटिया के नेतृत्व में दर्जनों लोगों ने सड़कों के गड्ढे भरान की मांग को लेकर प्रदर्शन किया। इसके बाद वह यूयूएसडीए के यार्ड पहुंचे तो सभी नदारद थे। इस पर लोग भड़क गए और फोन करके प्रोजेक्ट मैनेजर प्रदीप मेहरा व शहरी विभाग के जेई रविन्द्र चिलवाल को मौके पर बुलाया गया। गुस्साए लोगों ने कहा कि नौ माह पूर्व सीवर लाइन बिछाने के लिए सड़कें खोदी गई थी। तब से खुदी हुई सड़कों के गड्ढे भरान व मरम्मत नहीं हो सकी है। अब बारिश के मौसम में इन गड्ढों में जलभराव हो जा रहा है जिस वजह से सड़क हादसों का खतरा बना हुआ है। दूसरी तरह कीचड़ से जनता का चलना मुश्किल हो गया है। बच्चों, बुजुर्गों और महिलाओं को दैनिक कामों में दिक्कतें हो रही हैं। इधर, जेई ने 15 दिनों में समस्या के समाधान का आश्वासन दिया, तब कहीं जाकर लोग माने। पार्षद मुकुल ने चेतावनी दी कि यदि उक्त अविध में सड़कों के गड्ढे नहीं भरे गए तो स्टोर यार्ड के मुख्य गेट पर तालाबंदी की जाएगी। इस दौरान सुरेश तिवारी, मोहन जंतवाल, बीए पांगती, धीरेन्द्र पांगती, ललित तिवारी, दीप जोशी, कमल, हरेन्द्र धपोला, रामदत्त शर्मा, महेश बिष्ट, कमलेश बर्गली, हरीश पंचपाल, अर्जुन सिरोड़ी, दीपक मेलकानी, कमला, मीना रावत, दमयंती रावत, शांति पांगती, रेनू मर्तोलिया, पुष्पा, नंदा रावत, सीता पांगती मौजूद रहीं।


मल्ली बमौरी में सड़क के लिए स्टोर यार्ड के बाहर जमा लोग। ● अमृत विचार

# नर बाघ का मिला शव, मचा हड़कंप

**कालाढूंगी, अमृत विचार:** बैलपड़ाव रेंज में वन कर्मियों को गश्त के दौरान नर बाघ का शव मिलने से हड़कंप मच गया। वन विभाग के अधिकारियों ने बताया कि आपसी संघष में बाघ की मौत हुई है। बाघ के सभी अंग सुरक्षित है।

शनिवार को सुबह तराई पश्चिमी वन विभाग के बैलपड़ाव रेंज की गश्ती दल को चांदनी बीट में एन 1 में गश्त के दौरान एक नर बाघ का शव मिला। राष्ट्रीय बाघ प्राधिकारण की नियमवाली के अनुसार चिकित्सकों का पैनल गठित कर बाघ के शव का पोस्टमार्टम कराया गया। बिसरे व नमूनों को जांच के लिए बरेली फॉरेंसिक प्रयोगशाल भेज दिया गया है। डीएफओ तराई पश्चिमी प्रकाश चंद्र आर्य ने बताया कि नर बाघ की उम्र 8 साल है। वर्चस्व की जंग में में बाघ की मौत हुई है। शव 2 दिन पुराना लग रहा है।

# ऑपरेशन कालनेमि : सलाखों के पीछे होंगे धर्म का चोला ओढ़े ढोंगी

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** धर्म का चोला ओढ़ कर लोगों से ठगी करने वालों की धरपकड़ अब हल्द्वानी में भी शुरू हो गई है। एसएसपी प्रह्लाद नारायण मीणा के निर्देश पर जिले में एक साथ चेकिंग शुरू की गई। एसपी क्राइम डॉ.जगदीश चंद्र धर-पकड़ के लिए खुद सड़क पर उतरे।

बता दें कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के निर्देश पर राज्य में ऑपरेशन कालनेमि की शुरुआत की गई। जिसका उद्देश्य समाज में ढोंग, अंधविश्वास और धार्मिक आस्था के नाम पर ठगी करने वाले फर्जी बाबाओं की पहचान कर उन्हें सलाखों के पीछे पहुंचाना है। जिसके बाद शहर में सभी राजपत्रित अधिकारी, थाना और चौकी प्रभारी टीम के साथ सड़क पर उतरे और अपने-अपने क्षेत्रों में ढोंगियों की पहचान शुरू की। इसके तहत सघन चेकिंग और वाहन चेकिंग शुरू की गई। इसके अलावा पुलिस ने सार्वजनिक स्थलों, मंदिर परिसरों, डेरे, आश्रमों और अन्य धार्मिक गतिविधियों की मॉनीटरिंग शुरू कर दी है। पुलिस ने लोगों से भी अपील की है कि वह ऐसे लोगों की सूचना उन्हें दें। एसएसपी प्रह्लाद नारायण मीणा का कहना है कि जनता की आस्था के साथ कोई खिलवाड़ न कर सके, धर्म की आड़ में ठगी बर्दाश्त नहीं की जाएगी।



ऑपरेशन कालनेमि के तहत गौला पुल पर चेकिंग करती पुलिस। ● अमृत विचार

# डाक्टर को बुरी तरह पीटा, दो पर मुकदमा

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** भीमताल से घूमकर लौट रहे एक डॉक्टर को व्यापारी और उसके दोस्तों ने बुरी तरह पीट दिया। एचएमटी के पास किसी बात पर विवाद हुआ था। आरोपियों ने पहले उसे एचएमटी पर पीटा। उसका काठगोदाम तक पीछा किया और फिर पीटा। इस मामले का एक सीसीटीवी फुटेज भी वायरल हुआ है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर व्यापारी और उसके दोस्त के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

मेडिकल कॉलेज में पीजी कर रहे डॉ.शुभम वर्मा ने काठगोदाम पुलिस को तहरीर देकर कहा कि गुरुवार रात वह भीमताल से घूमकर लौट रहे थे। इसी दौरान एचएमटी के पास एक वर्ना कार के भीतर बैठे दो युवकों ने उनके वाहन के आगे अपनी गाड़ी लगा दी और गाली-गलौज करने लगे। आरोप लगाया कि वह नशे में धुत थे। विरोध करने पर उनके साथ मारपीट कर दी। जिसमें वह बुरी तरह चोटिल हो गए। बामुश्किल वहां से बचकर निकले लेकिन काठगोदाम तक पीछा किया और उन्हें रोक लिया और यहां भी बीच सड़क पर मारपीट करने लगे। जिसकी रिकॉर्डिंग सीसीटीवी में कैद है। थानाध्यक्ष पंकज जोशी ने बताया कि डॉक्टर की तहरीर के आधार पर शुभम नाम के एक युवक के अलावा एक अज्ञात पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# रजिस्ट्री के लिए जोड़ी जमा पूंजी गुम हुई वापस मिली तो आंखें भर आईं

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** जीवनभर की जमापूंजी के बदले प्लॉट की रजिस्ट्री का ख्वाब उस वक्त टूट गया, जब जेवरों से भरा बैग रास्ते में कहीं गुम हो गया। चाय बेचने वाला फौरन पुलिस के पास पहुंची। पुलिस ने सीसीटीवी खंगालने शुरू किए और कुछ ही घंटे में उस महिला तक पहुंच गई, जिसे गिरा हुआ बैग मिला था। खोए जेवरात वापस मिले तो चाय वाले की आंख में आंसू आ गए।

पुलिस के मुताबिक, गौलापार में रहने वाले भगवत शर्मा पुत्र इंद्रपाल शर्मा सिंधी चौराहे पर चाय का स्टाल लगाते हैं। 12 जुलाई की सुबह करीब 11 बजे वह अपनी पत्नी व भाई के जेवर लेकर घर से निकले थे। भगवत ने पुलिस को बताया कि वह जेवरों गिरवी रखकर लोन लेने जा रहे थे, ताकि प्लॉट की रजिस्ट्री करा सकें, लेकिन दोपहिया वाहन से मंगलपड़ाव से कैंसर हॉस्पिटल की ओर जाते वक्त जेवर से भरा बैग रास्ते में गिर गया। उन्हें इसका पता तब चला, जब वह लोन कार्यालय पहुंचे। बैग गायब देख उनके पैरों तले जमीन खिसक गई। आनन-फानन में वह मंगलपड़ाव पुलिस चौकी पहुंचे और सूचना कांस्टेबल संतोष को दी। संतोष ने सीसीटीपी प्रभारी जितेंद्र सिंह से संपर्क साधा। आनन-फानन में सीसीटीवी फुटेज खंगालने शुरू किए गए और पाया गया कि रामपुर रोड पर बैग एक स्कूटी सवार महिला को मिला, जो उसे लेकर अपने घर चली गई। पुलिस ने महिला से संपर्क साधा और उसे कंट्रोल रूम बुलाया। बैग में अपने जेवर और सभी दस्तावेज पाकर भगवत की खुशी का ठिकाना नहीं रहा। उन्होंने पुलिस का आभार व्यक्त किया।


पुलिस कंट्रोल रूम में जेवर वापस पाकर खुश भगवत। ● अमृत विचार

# पहल: हॉग डियर की संख्या बढ़ाने की जद्दोजहद में जुटा कॉर्बेट प्रशासन

## कॉर्बेट फाउंडेशन के सहयोग से सीटीआर प्रशासन ने शुरू किया विस्तृत शोध अभियान

विनोद पपनै, रामनगर

**अमृत विचार:** विलुप्ति के कगार पर खड़े पाड़ा (हॉग डियर) की संख्या को बढ़ाने के लिए इन दिनों सीटीआर प्रशासन गहन मंथन कर रहा है। इसके लिए कॉर्बेट फाउंडेशन के साथ विस्तृत शोध अभियान शुरू किया गया है।

बता दें कि पाड़ा (हॉग डियर) संख्या में लगातार गिरावट आती जा रही है। इस बार की गणना मामूली इजाफा जरूर हुआ है, लेकिन यह आंकड़ा अब भी सिर्फ 189 तक ही पहुंच पाया है। विशेषज्ञों का कहना है कि हॉग डियर के लिए विशेष उनके प्राकृतिक आवास की जरूरत होती है, जोकि वर्तमान में केवल ढिकाला रेंज तक सीमित है। कॉर्बेट प्रशासन और द कॉर्बेट फाउंडेशन इस प्रजाति के संरक्षण के लिए मिलकर काम कर रहे हैं। इसके लिए एक विस्तृत शोध अभियान शुरू किया गया है। जिसमें हॉग डियर के जेनेटिक सैंपल भी लिए जाएंगे, ताकि उनकी आनुवंशिक संरचना का गहराई से अध्ययन किया जा सके, इसके जरिए न केवल प्रजनन में आने वाली बाधाओं को समझा जा सकेगा, बल्कि बेहतर संरक्षण रणनीतियां भी विकसित की जा सकेंगी। इसके अलावा कॉर्बेट प्रशासन की योजना है कि ढिकाला के अलावा अन्य क्षेत्रों में भी हॉग डियर के लिए उपयुक्त हैबिटैट विकसित किए जाएं। जिससे यह प्रजाति फल-फूल सके और विलुप्त होने के खतरे से बाहर आ सके।

कॉर्बेट टाइगर रिजर्व के डायरेक्टर डॉ. साकेत बडोला ने बताया कि हम केवल ढिकाला तक सीमित नहीं रहना चाहते हैं, बल्कि हैबिटैट विकसित कर हॉग डियर को सुरक्षित और स्थायी आवास देने की दिशा में काम जारी है। यह कदम न सिर्फ हॉग डियर के लिए, बल्कि पूरे जैव विविधता संरक्षण के लिए एक महत्वपूर्ण प्रयास माना जा रहा है। कॉर्बेट फाउंडेशन के उपनिदेशक डॉ.हरेंद्र बर्गली ने बताया कि हाग डियर की संख्या को बढ़ाने के लिए वैज्ञानिक दृष्टिकोण अपनाया है। जेनेटिक डाटा से हमें प्रजाति की संरचना और चुनौतियों को बेहतर तरीके से समझने में मदद मिलेगी।



हॉग डियर( पाड़ा)। ● अमृत विचार

### हॉग डियर का महत्व

हाग डियर (पाड़ा) एक अत्यंत महत्त्वपूर्ण मृग प्रजाति है। जोकि मुख्यत: घास भूमि और तराई क्षेत्रों में पाई जाती है। यह शाकाहारी प्राणी बाघ जैसे प्रमुख शिकारी प्राणियों के लिए प्राकृतिक आहार श्रृंखला का अभिन्न हिस्सा है। इनकी संख्या में वृद्धि न केवल पारिस्थितिक संतुलन का संकेत देती है, बल्कि यह भी बताती है कि रिजर्व में प्राकृतिक आवास और पारिस्थितिक तंत्र संतुलित हैं।

### रामगंगा डैम बनने से पड़ा प्रभाव

कॉर्बेट फाउंडेशन के उपनिदेशक डॉ. बर्गली कहते हैं कि कालांतर में रामगंगा डैम बनने से अत्यंत गहरा प्रभाव पड़ा। जिसके कारण ग्रास लैंड्स का बहुत बड़ा भूभाग पानी में डूब गया। हॉग डियर के लिए आवास के साथ-साथ सुरक्षा की भी समस्या उत्पन्न हो गई और वह एक सीमित क्षेत्र तक सीमित होकर रह गए। यह एक अच्छी बात है कि इन सब के बाद भी कॉर्बेट में इस जीव की जनसंख्या में एक ठहराव है। इन्हीं सारी परिस्थितियों को ध्यान में रखकर यह शोध किया जा रहा है।

# लखनपुर स्पोर्ट्स क्लब कराएगा हाफ मैराथन



बैठक में मौजूद क्लब के सदस्य। ● अमृत विचार

संवाददाता, रामनगर

**अमृत विचार:** खेल प्रतिभाओं को बढ़ाने के लिए लखनपुर स्पोर्ट्स क्लब हाफ मैराथन दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन कराएगा। यह निर्णय क्लब की बैठक में लिया गया। क्लब के संस्थापक सदस्य देवेंद्र सेठी की अध्यक्षता एवं प्रभात ध्यानी के संचालन में हुई बैठक में निर्णय लिया गया पूर्व की भांति क्लब की ओर से जिन खेल गतिविधियों का आयोजन किया जाता रहा है, उन्हें दोबारा शुरू किया जाएगा।

5 सितंबर को आयोजित होने वाली हाफ मैराथन को दोबारा शुरू करने पर सहमति व्यक्ति की गई। भवन के रखरखाव व संचालन के लिए हर सदस्य द्वारा प्रतिवर्ष न्यूनतम 600 रुपये का आर्थिक सहयोग करने पर आम सहमति से प्रस्ताव पारित किया गया। क्लब के दिवंगत संस्थापक सदस्यों सोबन सिंह बिष्ट, हेमचंद हरबोला (बेबी), भोपाल सिंह बंगारी आद को श्रद्धांजलि दी गई। इस दौरान चंद्रशेखर जोशी, पुष्कर दुर्गापाल, भूपेंद्र खाती, रमेश विष्ट, डॉक्टर प्रदीप कुमार, गजेंद्र सिंह रावत, गिरधर सिंह मनराल, श्याम भट्ट, गुलशन कुमार, दिगंबर सिंह बंगारी, चंदन कोटवाल ,चंद्रशेखर फुलारा, इंद्र सिंह मनराल, योगेंद्र मनराल ,नवीन नैथानी, जगदीश लोहनी, ललित रावत, आनंद पाठक, मोहन चंद्र तिवारी, घनानंद घिल्डियाल, राकेश ध्यानी, विजेंद्र गिनती, कैलाश त्रिपाठी, कमल जोशी, भरत तिवारी, हेमचंद्र पांडे, प्रदीप पांडे, आशुतोष शर्मा, रामदत्त नैनवाल, प्रेम बिष्ट, निर्मल तिवारी, ओमप्रकाश रौत आदि मौजूद थे।

## सार-संक्षेप

### बैडमिंटन में शिवांगी ने जीते स्वर्ण व कांस्य



शिवांगी पदक के साथ।

**हल्द्वानी :** इंस्पिरेशन स्कूल की छात्रा शिवांगी पांडेय ने एक बार फिर अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। बीते 1 से 6 जुलाई तक युगांडा की राजधानी कंपाला में आयोजित युगांडा अंतर्राष्ट्रीय पैरा बैडमिंटन चैंपियनशिप में शिवांगी ने महिला सिंगल्स वर्ग में स्वर्ण पदक व डबल्स वर्ग में कांस्य पदक जीतकर देश और प्रदेश का गौरव बढ़ाया। इससे पहले वर्ष 2024 में भी उन्होंने युगांडा चैम्पियनशिप के डबल्स वर्ग में कांस्य पदक अपने नाम किया था। शिवांगी की इस उपलब्धि पर इंस्पिरेशन स्कूल प्रबंधन, शिक्षकों और सहपाठियों ने हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें बधाइयां दीं। स्कूल प्रबंधन ने कहा कि शिवांगी की यह सफलता मेहनत, समर्पण और निरंतर अभ्यास का परिणाम है, जोकि अन्य विद्यार्थियों के लिए भी प्रेरणा का स्रोत है। विद्यालय परिवार को उनकी उपलब्धि पर गर्व है और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करता है।



चुनाव कार्यालय का उद्घाटन करतीं विधायक सरिता आर्य व अन्य। ● अमृत विचार

### चुनाव प्रचार में जुटने का आह्वान किया

**भवाली :** मेहरागांव जिला पंचायत क्षेत्र के भाजपा के जिला पंचायत समर्थित प्रत्याशी अम्बा दत्त आर्य के गेठिया पडाव में चुनावी कार्यालय का उदघाटन विधायक सरिता आर्या, चुनाव प्रभारी नितिन राणा, मंडल अध्यक्ष हिमांशु बिष्ट, संयोजक पान सिंह बिष्ट ने संयुक्त रूप से किया। भाजपा कार्यकर्ताओं से समर्थित प्रत्याशी के लिए घर-घर जाकर चुनाव प्रचार में जुटने का आह्वान किया। चुनाव संचालन के तहत सर्वसम्मति से वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ता नवीन पंत व वर्षा आर्या को चुनाव सह संयोजक व यामिनि आर्या को सोशल मीडिया की जिम्मेदारी सौंपी गई। इस अवसर पर दयाकिशन पोखरिया, कविता गंगोला, पवन बिष्ट, मीना बिष्ट, जीवन चंद्र, शुभम कुमार, पंकज अद्धोति, सौरभ बिष्ट व भोलू पंत आदि मौजूद थे।

### 4148 उम्मीदवार जीत के लिए करेंगे संघर्ष

**भीमताल :** त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन चुनाव में अलग-अलग पदों से कुल 260 प्रत्याशियों ने नामांकन पत्र वापस ले लिया। ग्राम पंचायत सदस्य के 3749 पद के लिए 1912 उम्मीदवारों ने नामांकन दाखिल किया था। इनमें से 46 प्रत्याशियों ने नाम वापस ले लिया। इसके अलावा ग्राम प्रधान के 475 पद के लिए 1516 नामांकन दाखिल में से 42 प्रत्याशियों ने नामांकन वापस लिया। क्षेत्र पंचायत सदस्य के 263 पद के लिए 954 नामांकन दाखिल हुए थे, इनमें से 23 प्रत्याशियों ने नामांकन पत्र वापस लिया। जिला पंचायत सदस्य के 27 पद के लिए 141 नामांकन दाखिल हुए थे, इनमें से 14 प्रत्याशियों ने नामांकन पत्र वापस लिया है। ग्राम पंचायत सदस्य, ग्राम प्रधान, क्षेत्र पंचायत सदस्य एवं जिला पंचायत सदस्य पद पर अब कुल 4148 उम्मीदवार जीत के लिए संघर्ष करेंगे।



पुलिस की गिरफ्त में आरोपी। ● अमृत विचार

### जुआ खेलने के आरोप में चार गिरफ्तार

**रामनगर :** कोतवाली पुलिस ने जुआ खेलते हुए चार लोगों को गिरफ्तार किया है। कोतवाल अरुण कुमार सैनी ने बताया कि शनिवार को सूचना मिली कि कुछ लोग हिम्मतपुर ब्लाक में ताश के पत्तों की बाजी लगाकर जुआ खेल रहे हैं। ग्राम हिम्मतपुर ब्लॉक पीरुमदारा निवासी हुकुम सिंह, ग्राम उदयपुरी चोपड़ा निवासी सलमान, ग्राम भवानीपुर छोटी पीरुमदारा निवासी तारा दत्त और ग्राम उदयपुरी चोपड़ा निवासी उस्मान को हिम्मतपुर ब्लॉक रेलवे क्रासिंग के पास झाड़ियों में जुआ खेलते हुए गिरफ्तार किया गया। आरोपियों के कब्जे से एक खुली ताश की गड्डी ,एक ताश की बंद गड्डी व कुल 24,270 रुपये बरामद किए गए। आरोपियों के खिलाफ धारा 13 जुआ अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया है। इस दौरान पुलिस की गिरफ्तारी टीम में पीरुमदारा पुलिस चौकी इंचार्ज सुनील धानिक, कांस्टेबल कविन्द्र सिंह, कांस्टेबल भूपेन्द्र पाल, कांस्टेबल दलजीत सिंह शामिल रहे।

### एससी-एसटी एक्ट में दो आरोपी गिरफ्तार

**रामनगर :** अनुसूचित जाति/जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम के अंतर्गत दर्ज गंभीर मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया है। यह कार्रवाई थाने में दर्ज एफआईआर तहत की गई है। मामले में मंगल सिंह पुत्र मेघराज सिंह निवासी रामनगर के ग्राम पीपलसाना ललपुरी पोस्ट आरटीसी हेमपुर, कोतवाली रामनगर ने दी तहरीर में रघुवीर सिंह पुत्र बाबूराम और अन्य पर अनुसूचित जाति से संबंधित अपमानजनक टिप्पणी एवं फावड़े एवं ईंटे से हमले का आरोप लगाया गया था। पुलिस ने मुख्य आरोपी रघुवीर सिंह पुत्र बाबूराम और उसके पुत्र इन्द्रजीत सिंह निवासी नम्बरदारपुरी पीरूमदारा को गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों के कब्जे से घटना में प्रयुक्त एक फावड़ा और एक ईंट भी बरामद की है। कोतवाल अरुण कुमार सैनी ने कहा कि मामले की जांच की जा रही है।


## BAREILLY INTERNATIONAL UNIVERSITY

Accreditations, Affiliations & Approvals

University Grants Commission of India | Medical Council Of India | Dental Council of India | Pharmacy Council of India | Indian Nursing Council | Uttar Pradesh Nursing & Midwives Council | Association of Indian Universities | Uttar Pradesh State Medical Faculty

ADMISSION OPEN FOR FOLLOWING COURSES SESSION 2025-26
CUET (UG)-2025 Registered/Score Accepted

### ROHILKHAND MEDICAL COLLEGE & HOSPITAL

| Course | Eligibility | Duration |
|---|---|---|
| • M.Sc.Medical (Anatomy/ Biochemistry/Microbiology/ Pharmacology/Physiology) | MBBS/BDS/B.Sc Nursing/ /B.Sc (PCB) | 3 Year |
| • Diploma Medical Lab Technician (DMLT) | 10+2 (PCB/PCM) | 2 Year |
| • Diploma X-Ray Technician | 10+2 (PCB/PCM) | 2 Year |
| • Diploma Radiotherapy Technology | 10+2 (PCB/PCM) | 2 Year |

### INSTITUTE OF DENTAL SCIENCES

| Course | Eligibility | Duration |
|---|---|---|
| • Dental Hygienist (DH) | 10+2 (PCB with English) | 2 Year |
| • Dental Mechanics (DM) | 10+2 (PCB with English) | 2 Year |

### BIU COLLEGE OF PHARMACY/ROHILKHAND COLLEGE OF PHARMACY/ KESHLATA COLLEGE OF PHARMACY

| Course | Eligibility | Duration |
|---|---|---|
| • Bachelor of Pharmacy (B.Pharm) | 10+2 (PCB/PCM) | 4 Year |
| • Master of Pharmacy (Pharmaceutics/Pharmacology/ Pharmaceutical Chemistry/Pharmacognosy) | B.Pharm | 2 Year |
| • Diploma in Pharmacy | 10+2 (PCB/PCM) | 2 Year |

### FACULTY OF PARAMEDICAL SCIENCES

| Course | Eligibility | Duration |
|---|---|---|
| • Bachelor of Physiotherapy (BPT) | 10+2 (PCB) | 4.5 Year |
| • B.Sc. Medical Laboratory Technician (BMLT) | 10+2 (PCB) | 3.5 Year |
| • B.Sc. Optometry | 10+2 (PCB) | 4 Year |
| • B.Sc. in Radiological imaging Techniques (BRIT) | 10+2 (PCB) | 3.5 Year |
| • Bachelor in Operation Theatre Technician | 10+2 (PCB) | 3.5 Year |
| • Diploma in Dialysis Technician | 10+2 (PCB/PCM) | 2 Year |
| • Diploma in MRI Technician | 10+2 (PCB/PCM) | 2 Year |
| • Diploma in Sanitation | 10+2 (PCB/PCM) | 1 Year |
| • Diploma in Emergency & Trauma Care | 10+2 (PCB/PCM) | 2 Year |
| • M.Sc. Clinical Embryology | B.Sc. (PCB) | 2 Year |
| • Master Physiotherapy | BPT | 2 Year |
| • Master in Medical Laboratory Sciences (MMLS) | BMLS | 2 Year |

### ROHILKHAND COLLEGE OF NURSING

| Course | Eligibility | Duration |
|---|---|---|
| • M.Sc. Nursing in Child Health Nursing/Mental Health Nursing/Community Health Nursing/Surgical Nursing/ Obstetric & Gynaecological Nursing | B.Sc. (Nursing) | 2 Year |
| • B.Sc. Nursing | 10+2 (PCB) | 4 Year |
| • GNM | 10+2 Any Stream | 3 Year |
| • ANM | 10+2 Any Stream | 2 Year |
| • Post Basic B.Sc. Nursing | GNM | 2 Year |
| • Nurse Practitioner in Critical Care (NPCC) | B.Sc. Nursing | 2 Year |

### BIU COLLEGE OF HUMANITIES & JOURNALISM

| Course | Eligibility | Duration |
|---|---|---|
| • BA (Hons.) in Journalism/ Mass Communication | 10+2 in Any Stream | 4 Years |
| • BA (Hons.) in Eng./ Pol. Sc./ Socio./Eco. / Psychology | 10+2 in Any Stream | 4 Years |
| • B.Lib.(Hons.) | 10+2 in Any Stream | 4 Years |
| • MA (Journalism/ Mass Comm./ Public Rel./Electronic Media/ Adv.) | UG in Any Stream | 2 Years |
| • MA (English/ Pol. Science/ Sociology/ Economics/ Hindi) | UG in Respective Stream | 2 Years |
| • MA (Translation Studies) | UG in Respective Stream | 2 Years |
| • MA (Applied & Clinical Psychology) | UG in Respective Stream | 2 Years |
| • M.Lib. | UG in Respective Stream | 2 Years |

### BIU COLLEGE OF MANAGEMENT

| Course | Eligibility | Duration |
|---|---|---|
| • BBA (Hons.) in Finance & Taxation | 10+2 in Any Stream | 4 Years |
| • BCA (Hons.) in IT & Multimedia/ AI & Machine Learning | 10+2 in Any Stream | 4 Years |
| • B.Com (Hons.) | 10+2 in Any Stream | 4 Years |
| • MBA (Finance & Taxation / Healthcare Management / Sales & Marketing / HR / IT / Business Analytics) | UG in Any Stream | 2 Years |
| • M.Com | UG in Respective Stream | 2 Years |
| • MCA | UG in Respective Stream | 2 Years |
| • MHA | UG in Any Stream | 2 Years |
| • MPH | UG in Any Stream | 2 Years |

### FACULTY OF FORENSIC SCIENCES

| Course | Eligibility | Duration |
|---|---|---|
| • B.Sc. Forensic Sciences | 10+2 (PCB/PCM) | 3 Year |
| • M.Sc. Forensic Sciences | Graduation in Science (ZBC) | 2 Year |

For More Information : 9105500202, 9105500404, Ph.: 0581-2526153, 051, 053

Admission Cell, Administrative Block, Bareilly International University, Rohilkhand Medical College Campus, Bareilly PIN Code : 243006 (U.P.)

Website : www.biu.edu.in, E-mail : admission@biu.edu.in


# नहर से मिला सेवानिवृत्त दरोगा का शव, सनसनी

संवाददाता,रामनगर

**अमृत विचार:** शनिवार की सुबह शहर के हाथी नगर क्षेत्र के समीप सिंचाई नहर में उत्तराखंड पुलिस के एक सेवानिवृत दरोगा का शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। मृतक की पहचान 63 वर्षीय जगमोहन सिंह रावत के रूप में हुई है, जोकि मूल रूप से पौड़ी गढ़वाल के निवासी थे और पिछले कुछ वर्षों से रामनगर की बिहार कॉलोनी चोरपानी में अपने परिवार के साथ रह रहे थे।



जगमोहन। ● फाइल

जगमोहन सिंह रावत उत्तराखंड पुलिस में उप निरीक्षक (दरोगा) के पद से करीब तीन साल पहले सेवानिवृत्त हुए थे। रावत ने सेवा के दौरान रामनगर कोतवाली में हेड मोहर्रिर के पद पर कार्य किया था। उन्हें पदोन्नति के बाद दरोगा बनाया गया और उन्होंने रामनगर सीओ कार्यालय में पेशकार के रूप में भी अपनी सेवाएं दीं। स्थानीय लोगों ने जब सिंचाई नहर में शव को देखा तो तुरंत पुलिस को सूचना दी। पुलिस टीम ने शव को कब्जे में लेकर शिनाख्त की और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटना की सूचना मिलते ही मृतक के परिजनों में कोहराम मच गया है। फिलहाल मौत के कारणों का स्पष्ट पता नहीं चल पाया है, लेकिन पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। सीओ नितिन लोहनी ने बताया कि शव का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## तीन लोगों के खिलाफ मारपीट की रिपोर्ट दर्ज

**रामनगर, अमृत विचार :** पुलिस ने मारपीट के मामले में तीन आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। मोहल्ला भरतपुरी निवासी संदीप सिंह ने पुलिस को दी तहरीर में आरोप लगाया कि बीते दिनों वह अपनी कार से अपने घर पर आया तो उसकी कार पार्किंग वाले स्थान पर घर के सामने रहने वाले विवेक चौधरी उर्फ बालम सिंह चौधरी ने अपनी कार खड़ी कर रखी थी। इस कारण मैने अपनी कार को सड़क किनारे पर खड़ी कर पत्नी शिवानी रावत को फोन किया कि पड़ोसी को बोलकर गाड़ी हटाने को कहा, लेकिन विवेक चौधरी ने कार हटाने से मना कर दिया। आरोपी अभद्र व्यवहार करते हुए गाली गलौज करने लगा। सत्यपाल चौधरी, विवेक चौधरी व बलवंत चौधरी ने गाली-गलौज करते हुए मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।

# नुमाइश के विरोध में दिया धरना




नुमाइश के विरोध में धरना देते यूकेडी कार्यकर्ता ● अमृत विचार

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार:** एमबी इंटर मैदान में लगने वाली नुमाइश के विरोध में शनिवार को उत्तराखंड क्रांति दल ने धरना प्रदर्शन किया। यह धरना स्थानीय पार्षद रवि वाल्मीकि के नेतृत्व में दिया गया, जिसमें बड़ी संख्या में यूकेडी कार्यकर्ता और स्थानीय नागरिक शामिल हुए।

धरने में यूकेडी के केंद्रीय महामंत्री सुशील उनियाल ने कहा कि शहर में जहां दो बड़े अस्पताल मौजूद हैं, वहां खेल के मैदान को नुमाइश के नाम पर व्यावसायिक अड्डा बना दिया गया है।

इस कारण क्षेत्र में लगातार ट्रैफिक जाम की स्थिति बनी रहती है, जिससे मरीजों और आम जनता को भारी परेशानी उठानी पड़ती है।

पार्षद वाल्मीकि ने स्पष्ट चेतावनी देते हुए कहा कि जब तक यह नुमाइश बंद नहीं की जाती, तब तक यूकेडी का आंदोलन जारी रहेगा। उन्होंने बताया कि इस संबंध में नगर आयुक्त, नगर निगम हल्द्वानी को ज्ञापन भी सौंपा गया है। धरने में काजल खत्री, कंचन जोशी, भावना जोशी, हरि जोशी, रितेश संभल, हेमा सती आदि शामिल थे।

**कवायद** — कैंटीन का भी हुआ निर्माण, रास्ते में लगाई गई टाइल्स, एक करोड़ 53 लाख की लागत से किए गए कार्य

# नए लुक में नजर में आने लगी कालाढूंगी की आयरन फाउंड्री

संवाददाता, कालाढूंगी

**अमृत विचार:** उत्तर भारत की पहली आयरन फाउंड्री लोहा बनाने की भट्टी अब नए लुक में नजर आने लगी है। कालाढूंगी वार्ड नं दो में स्थित आयरन फाउंड्री एक समय में अस्तित्व खोने के कगार पर थी। कॉर्बेट ग्राम विकास समिति लगातार देखरेख कर पर्यटकों को इसके इतिहास के बारे में बताती थी। विधायक बंशीधर भगत के प्रयासों से विगत अप्रैल 2023 एक करोड़ 53 लाख रुपये देने की घोषणा के बाद अब आयरन फाउंड्री नए लुक में नजर आ रही है। हालांकि अभी नैनीताल रोड से आयरन फाउंड्री तक पक्की सड़क निर्माण कार्य वन विभाग की भूमि होने के कारण शुरू नहीं हो पाया है।



कालाढूंगी की आयरन फाउंड्री। ● अमृत विचार

आयरन फांउडी की कायाकल्प हो रहा है। लोहे की भट्टियों की सरचनाओं को पत्थर रेते से ठीक कर पर्यटकों के बैठने के लिए पत्थर व रेते की बैंच, कैंटीन व नहर के पास पत्थर व लोहे का गेट व 150 मीटर नहर से आयरन फांउडी तक रास्ते में पत्थर की टाइल्स लगाई गई है। ब्रिटिशकाल में 1858 में डेविड कंपनी ने नैनीताल जिले के कालाढूंगी, रामगढ़, कोटाबाग व खुर्पाताल में रुड़की नाम देकर चारों जगहों पर आयरन फाउंडी की स्थापना कर पहाड़ों पर पाए जाने वाले काले पत्थर को गलाकर उससे कच्चे लोहे का निर्माण किया जाता था। 1976 में ब्रिटिश कमिश्नर सर हेनरी ने पर्यावरण में भट्टी से निकलने वाला धुएं से हो रहे नुकसान को देख आयरन फाउंड्री को प्रतिबंधित कर दिया।

> उत्तर भारत की प्रथम आयरन फाउंड्री गाइड वॉक के साथ कराई जाएगी और यह कॉर्बेट हेरिटेज जंगल सफारी जोन का भी पार्ट है। फाउंड्री से कालाढूंगी का इतिहास का भी पता चलता है। **-मोहन पांडे**, सचिव कॉर्बेट ग्राम विकास समिति

> इससे ईको टूरिज्म को बढ़ावा मिलेगा। यहां पर वन विभाग द्वारा तैयार किए गए 37 नेचर गाइडों को भी गाइडिंग के माध्यम से रोजगार प्राप्त होगा। होमस्टे में लोग रुकेंगे, इससे भी रोजगार मिलेगा। कालाढूंगी में बढ़ते पर्यटन से नैनीताल और रामनगर का पर्यटन दबाव भी काम होगा। **-राजकुमार पांडे**, अध्यक्ष कॉर्बेट ग्राम विकास समिति

> कॉर्बेट के गांव छोटी हल्द्वानी व कालाढूंगी क्षेत्र अब पर्यटक मानचित्र में उभर रहा है। हमारी सरकार पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए कार्य कर रही है। उत्तर भारत की पहली आयरन फाउंड्री के बारे में जानने के लिए देश-विदेश से पर्यटक पहुंचेगे। जिससे स्थानीय लोगों को रोजगार के अवसर भी प्राप्त होंगे। **-बंशीधर भगत**, विधायक कालाढूंगी

> बजट पहले ही आवंटित है। प्रस्ताव भी बना हुआ है। विभाग के पास बजट ट्रांसफर होते ही टिकटघर, गेट व रास्ते का निर्माण शुरू किया जाएगा। **-दिगांथ नायक**, डीएफओ रामनगर वन प्रभाग

# कुमाउनी संस्कृति का महापर्व हरेला देता है पर्यावरण संरक्षण का संदेश

## पर्वतीय सांस्कृति उत्थान मंच में शनिवार को पांच दिवसीय हरेला मेले का हुआ शुभारंभ


मेले का शुभारंभ करते संरक्षक हुकुम सिंह कुंवर, अध्यक्ष खड़क सिंह बगड़वाल।


कार्यक्रम के दौरान प्रस्तुति देते बच्चे। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** पर्वतीय सांस्कृति उत्थान मंच हीरानगर में शनिवार को पांच दिवसीय हरेले मेले का विधिवत उद्घाटन हो गया।

सर्वप्रथम गोल्ज्यू देवता मंदिर में पूजा अर्चना हुई, इसके बाद शाम को सांस्कृति कार्यक्रम हुए जिसमें कुमाउनी कलाकारों ने दर्शकों का मनमोह लिया। शनिवार को सुबह 10 बजे सर्वप्रथम मंच परिसर में बने गोल्ज्यू देवता में विधिवत पूजा अर्चना की। साथ ही मेले को निर्विघ्न रूप से संपन्न कराने की प्रार्थना की। फिर शाम को संरक्षक हुकुम सिंह कुंवर व अध्यक्ष खड़क सिंह बगड़वाल ने विधिवत रूप से मेले का उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि हरेला पर्व कुमाऊंनी संस्कृति का महत्वपूर्ण पर्व है। हरेला आदिकाल से अध्यात्म और पर्यावरण का संगम है। यह त्योहार जहां एक ओर पर्यावरण का संदेश देता है, वहीं श्रावण मास होने के कारण आध्यात्मिक रूप से भी जुड़ा हुआ है। उन्होंने कहा की वर्तमान में युवा पीढ़ी संस्कृति को भूलते जा रही है, ऐसे में संस्था संस्कृति संरक्षण का काम कर रही है। अध्यक्ष बगड़वाल ने कहा कि हरेला पर्व कुमाऊंनी संस्कृति का महापर्व है, जो पूर्वजों के पर्यावरण संदेश तक पहुंच रहा है। इधर, शाम को हुए रंगारंग कार्यक्रम में लोक गायिका बबीता ने जा दीपू रानीखेता भर्ती खुली रै, ओ मेरो चंदना समझी रोड जनघुघराली दातुली हरीया घास काटली गीत गाए। वहीं हरेंद्र कठायत ने तेरा हाथ चूड़ियां अंजू बाजनी छम, देव धुरै की सुमन छोड़ी, हाथ दातुली कमर जोड़ी बन जाली भौजी घास काटन सभी को झूमने पर मजबूर कर दिया। इस दौरान गोपाल बिष्ट, सचिव देवेंद्र तोलिया, कोषाध्यक्ष त्रिलोक बनौली, शोभा बिष्ट, विमला संगुड़ी आदि मौजूद रहे।

# मानसून में बढ़ जाता है कई बीमारियों का खतरा : डॉ. पांडेय

**हल्द्वानी, अमृत विचार :** साहस होम्यो क्लीनिक के फिजिशियन डॉ. यश पांडेय ने बताया कि मानसून शुरू होने के साथ ही मलेरिया, हैजा, डायरिया, चिकनगुनिया, पेचिश, पीलिया फैलने का भी खतरा बढ़ गया है। उन्होंने खुले खाद्य पदार्थों का सेवन नहीं करने, पानी उबाल कर पीने की सलाह दी है। साथ ही कहा कि इस मौसम में जंक फूड का सेवन नहीं करें। ऐसा करने पर किसी भी बीमारी का खतरा कम होगा। कहा कि अभिभावकों को भी इस समय अपने बच्चों का ध्यान रखना चाहिए।


डॉ. यश पांडेय।

यदि कोई बीमारी हो जाती है तो होम्योपैथी में इसका इलाज है। पैथी में रोग प्रतिरोधक की भरपूर क्षमता है। रोगी जल्द ही स्वस्थ्य हो जाता है। बीमारियों से बचाव के लिए घर का शुद्ध व ताजा भोजन ही लें और किसी भी बीमारी का लक्षण दिखने पर तत्काल होम्योपैथी चिकित्सक से परामर्श ले सकते हैं।

# ट्रंचिंग ग्राउंड के सामने कार व ट्रक में टक्कर, चार घायल

- हाईवे पर गलत बनाया गया कट बना हादसे की वजह
- कार के परखच्चे उड़े, कार सवार सगी बहनें व दो युवक हुए घायल अस्पताल में कराया भर्ती

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी


ट्रंचिंग ग्राउंड के पास क्षतिग्रस्त कार, स्थानीय लोग व जांच करती पुलिस।

**अमृत विचार :** गौला बाईपास पर शनिवार शाम बड़ा हादसा हो गया। एक तेज रफ्तार ट्रक और कार में भीषण भिड़ंत हो गई। जबरदस्त हादसे में कार के परखच्चे उड़ गए और कार में सवार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।

घटना को अंजाम देने के बाद ट्रक चालक मौके से फरार हो गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने आनन-फानन में घायलों को उपचार के लिए सोबन सिंह जीना बेस अस्पताल पहुंचाया। पुलिस फरार ट्रक चालक की तलाश कर रही है और एक बार हादसे की वजह ट्रंचिंग ग्राउंड के सामने हाईवे पर गलत बना कट बना।

जानकारी के मुताबिक गौलापार की ओर से एक ट्रक ट्रंचिंग ग्राउंड की ओर जा रहा था। चालक ने ट्रंचिंग ग्राउंड के सामने बने कट से ट्रक को गलत दिशा में डाल दिया और शनिबाजार क्रॉसिंग की ओर बढ़ने लगा। तभी शनिबाजार क्रॉसिंग से ट्रंचिंग ग्राउंड की ओर जा रही कार बेहद तेजी से ट्रक से टकरा गई। हादसे में कार का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और उसमें सवार चार लोग लहूलुहान हो गए। गनीमत रही कि कार के एयरबैग खुल गए। हादसे के तुरंत बाद लोग मौके पर पहुंचे और सूचना पुलिस को दी, साथ ही राहत कार्य शुरू किया। मौके पर पहुंची पुलिस ने सभी घायलों को उपचार के लिए बेस अस्पताल पहुंचाया। हादसे के बाद हाईवे पर यातायात भी बाधित हुआ। कार में अंबा विहार निवासी करन सिंह (29 वर्ष) पुत्र विजय सिंह, कलावती कालोनी निवासी नेहुल कबडवाल (29 वर्ष) पुत्र धीरेंद्र कबडवाल, गोरापड़ाव निवासी सगी बहनें कोमल टम्टा (28 वर्ष) व हर्षिता टम्टा (20 वर्ष) पुत्रियां रविंद्र प्रसाद सवार थे। प्रभारी थानाध्यक्ष बनभूलपुरा सुशील जोशी ने बताया कि घायलों को अस्पताल पहुंचा दिया गया। ट्रक चालक की तलाश की जा रही है।

# टीकाकरण में लापरवाही का आरोप, शिकायत की

- जरूरी टीका न होने का हवाला देकर महिला को भेजा वापस नहीं बन रहा टीकाकरण कार्ड

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** सरकार की ओर से संचालित आंगनबाड़ी सेवाओं का उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लोगों को सुविधाएं उपलब्ध कराना है। आंगनबाड़ी में निशुल्क स्वास्थ्य सेवाओं के अंतर्गत नवजात बच्चों के लिए टीकाकरण कार्यक्रम भी संचालित किया जाता है। लेकिन शहर के वार्ड 58 से इस योजना को लेकर गंभीर लापरवाही की शिकायत सामने आई है।

वार्ड की एक महिला ने आरोप लगाया है कि जब वह अपने नवजात शिशु को नियमित टीकाकरण के लिए स्थानीय आंगनबाड़ी केंद्र लेकर पहुंची, तो वहां एक जरूरी टीका न होने का हवाला दिया गया।

आरोप है कि आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने उन्हें यह कहते हुए लौटा दिया कि अगले महीने आकर टीका लगवाएं। इतना ही नहीं, महिला का यह भी कहना है कि आंगनबाड़ी केंद्र से टीकाकरण कार्ड भी नहीं दिया जा रहा है, बल्कि निजी अस्पताल के कार्ड में ही टीके दर्ज किए जा रहे हैं। जब महिला ने इस मामले पर आंगनबाड़ी कार्यकत्री से जवाब मांगा, तो कोई संतोषजनक उत्तर नहीं मिला। पार्षद मनोज जोशी ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) समेत अन्य अफसरों को पत्र भेजकर कार्रवाई की मांग की है।

# रॉयल रेस्टोरेंट का गेस्ट हाउस सील

- पांच सरकारी विभागों की संयुक्त टीम ने शुक्रवार की देर रात गौलापार में होटल, रेस्टोरेंट की औचक चेकिंग की

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी


गेस्ट हाउस को सील करते एसडीएम राहुल शाह।


गौलापार के रेस्टारेंट में जांच करतीं नगर आयुक्त व एसडीएम।

**अमृत विचार :** महिला सुरक्षा के मद्देनजर गौलापार में होटल, गेस्ट हाउस व रेस्टोरेंट्स की औचक चेकिंग की गई। इसमें बिना पंजीयन संचालन व रिकॉर्ड मेंटेन नहीं करने पर रॉयल रेस्टोरेंट का गेस्ट हाउस सील कर दिया गया है। साथ ही विभिन्न दस्तावेज दिखाने के लिए नोटिस दिए गए हैं।

शुक्रवार की देर रात प्रशासन, नगर निगम, खाद्य सुरक्षा, पूर्ति, आबकारी एवं राजस्व विभाग की संयुक्त टीम ने गौलापार बाईपास रोड पर स्थित रेस्टोरेंट्स और गेस्ट हाउस का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान साफ सफाई, खाद्यों की गुणवत्ता, लाइसेंस, बिल बुक, आवश्यक वस्तुओं की उपलब्धता और रिकॉर्ड्स की जांच की गई। इस बीच रॉयल रेस्टोरेंट में बिना अनुमति और पंजीयन के गेस्ट हाउस संचालित किया जा रहा था। इसमें आगंतुकों का रजिस्टर नहीं था और बिलिंग की कोई व्यवस्था नहीं थी। इस पर टीम ने रॉयल रेस्टोरेंट के गेस्ट हाउस को तत्काल सील कर दिया गया ताकि भविष्य में अवैध संचालन पर रोक लगाई जा सके। साथ ही रेस्टोरेंट स्वामी को नोटिस जारी कर संचालन संबंधित सभी वैधानिक अनुमतियां व पंजीयन, कर भुगतान, बिल बुक, तथा आगंतुकों का रिकॉर्ड पेश करने के निर्देश दिए गए हैं। इसके अलावा दो अन्य रेस्टोरेंट्स से खाद्य पदार्थों के नमूने लिए गए जिन्हें जांच के लिए लैब भेजा गया है। वहीं कई प्रतिष्ठानों में रजिस्ट्रेशन, बिल बुक और पहचान पत्रों का रिकॉर्ड नहीं मिला। इस पर टीम ने पुलिस को चालानी कार्रवाई को कहा है। इस दौरान नगर आयुक्त ऋचा सिंह, सिटी मजिस्ट्रेट गोपाल चौहान, एसडीएम राहुल शाह आदि मौजूद रहें।

# योग को दैनिक जीवन में अपनाने पर दिया जोर

संवाददाता, हल्द्वानी

- एसएफडी व शांति योग धाम ने संयुक्त रूप से आयोजित की कार्यशाला

**अमृत विचार :** स्टूडेंट फॉर डेवलपमेंट (एसएफडी) विकासार्थ विद्यार्थी की ओर से शांति योग धाम के सहयोग से एमबीपीजी कॉलेज में एक प्रेरक योग कार्यशाला आयोजित की गई।

कार्यक्रम का उद्देश्य छात्र-छात्राओं को योग के माध्यम से स्वास्थ्य, मानसिक संतुलन और आत्मिक विकास के लिए प्रेरित करना था। मुख्य अतिथि राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (एनएचआरसी) के उपाध्यक्ष डॉ. सौरभ बसेरा ने योग को मानवाधिकारों की नींव बताते हुए कहा कि स्वस्थ शरीर और शांत मन ही समाज के सर्वांगीण विकास का आधार है। कार्यशाला में विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। योग गुरुओं की ओर से प्राणायाम, आसन और ध्यान की विधियां सिखाई गईं। साथ ही योग को दैनिक जीवन में अपनाने के व्यावहारिक टिप्स साझा किए गए। छात्रों ने योग को अपनी जीवनशैली का अंग बनाने के लिए ठोस प्रतिबद्धता जताई। एसएफडी के प्रवक्ता ने कहा कि युवा शक्ति को स्वस्थ और संयमित जीवन देना हमारा मिशन है। इस दौरान ममता शर्मा (एमबीपीजी योग विभाग प्रतिनिधि), कैलाश बिष्ट (विभाग संगठन मंत्री), संतोष जुयाल (जिला संगठन मंत्री) आदि मौजूद रहे।


सीमा बत्रा।


गंगा शाही।

# सीमा बत्रा प्रदेश प्रभारी व गंगा शाही सह प्रदेश प्रभारी बनीं

**हल्द्वानी, अमृत विचार :** सशक्त एकता उद्योग व्यापार मंडल की महिला कार्यकारिणी का विस्तार करते हुए सर्वसम्मति से सीमा बत्रा को प्रदेश प्रदेश प्रभारी और गंगा शाही को सह प्रदेश प्रभारी के पद पर नियुक्त किया गया है। दोनों नवनियुक्त पदाधिकारियों ने संगठन को मजबूत करने और जिला एवं नगर कार्यकारिणी के विस्तार करने की बात कही है। मनोनयन पर अन्य पदाधिकारियों ने हर्ष जताया है।

# बॉडी मेकिंग का लिया जाएगा शुल्क

- सिटी मजिस्ट्रेट के निरीक्षण के बाद वाहन कटिंग शुल्क में वृद्धि नगर निगम को कूड़ा शुल्क देने समेत कई मुद्दों पर बनी सहमति

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी


ट्रांसपोर्ट नगर में निरीक्षण करते सिटी मजिस्ट्रेट गोपाल सिंह चौहान। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** ट्रांसपोर्ट नगर अनुश्रवण समिति अध्यक्ष/सिटी मजिस्ट्रेट गोपाल सिंह चौहान ने ट्रांसपोर्ट नगर का निरीक्षण किया। इस दौरान व्यापारियों ने विभिन्न समस्याएं उठाईं तो कई मुद्दों पर सहमति बनी।

सिटी मजिस्ट्रेट/ट्रांसपोर्ट नगर अनुश्रवण समिति अध्यक्ष गोपाल सिंह चौहान ने ट्रांसपोर्ट नगर में व्यापारियों के साथ निरीक्षण किया। इस दौरान कई वाहन अवैध ढंग से खड़े पाए गए। व्यापारियों ने इन वाहनों को हटवाने की मांग की। इसके बाद हुई बैठक में व्यापारियों ने बताया कि मानसून में ट्रांसपोर्ट नगर में जलभराव होता है जिसमें मच्छरों के पनपने का खतरा बना हुआ है। यह भी बताया कि एडीबी ने पानी की पाइप लाइन बिछाने के लिए सड़कों की खुदाई की थी लेकिन तब से सड़कों के गड्ढे नहीं भरे गए हैं। इस पर सिटी मजिस्ट्रेट ने उक्त समस्याओं के समाधान के लिए पत्राचार का आश्वासन दिया। इस अवसर पर सर्वसम्मति से वाहन कटिंग शुल्क 250 से बढ़ाकर 500 रुपये देने पर सहमति दी। साथ ही अब तक बॉडी मेकिंग के लिए कोई शुल्क नहीं लिया जाता था। तय हुआ कि अब बॉडी मेकिंग पर 2500 रुपये शुल्क देना होगा। सिटी मजिस्ट्रेट चौहान ने सभी व्यापारियों को नगर निगम से निर्धारित कूड़ा वाहनों में ही कूड़ा फेंकने और शुल्क देने, दुकानों के आगे किसी भी किस्म का अतिक्रमण नहीं होने देने की बात की। चेतावनी दी कि ऐसा नहीं करने पर उनके खिलाफ कार्रवाई होगी। अंत में तय हुआ कि अवैध ढंग से खड़े वाहनों के खिलाफ कार्रवाई के लिए परिवहन विभाग के साथ मिलकर संयुक्त अभियान चलाया जाएगा। इस दौरान प्रदीप सब्बरवाल, हाजी नफीस, इंद्र कुमार भुटियानी, खीमानंद शर्मा, दया किशन शर्मा, श्याम कृष्ण उप्रेती, पंकज वोरा आदि मौजूद थे।

# 130 वर्ष पुराना ब्रिटिश कालीन मूल नक्शा अब हुआ डिजिटल

- नैनीताल नगर के मूल रूप का है नक्शा, दीमक लगने से हो गया था क्षतिग्रस्त

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी


ब्रिटिश कालीन नक्शे को देखते कुमाऊं आयुक्त दीपक रावत। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** कुमाऊं आयुक्त दीपक रावत ने 130 वर्ष पुराने नैनीताल नगर के मूल नक्शे को फिर से तैयार कराया। साथ ही इसकी डिजिटल प्रतिकृति भी तैयार की गई है।

आयुक्त रावत ने बताया कि वर्ष 1895 का ब्रिटिशकालीन नक्शा है जोकि ऐतिहासिक धरोहर है। उनका सरंक्षण बहुत जरूरी है। यह नक्शा दीमक लगने से क्षतिग्रस्त हो गया था, इसको फिर से तैयार कराया गया है। इसका जिम्मा भोपाल की एक कंपनी डिजीराम को दिया था। कंपनी ने इस नक्शे की हाई क्वालिटी डिजिटल प्रतिकृति भी तैयार की है, जिसे कैनवास पर मुद्रित किया गया। इसकी एक प्रति आयुक्त कार्यालय नैनीताल में भी संरक्षित की गई है। उन्होंने कहा कि कुमाऊं मंडल के विभिन्न जिलों में मौजूद ऐतिहासिक अभिलेखों और दस्तावेजों का डिजिटलीकरण किया जाएगा। इससे ये धरोहरें आने वाली पीढ़ियों के लिए संरक्षित रह सकें। उन्होंने सभी जिलाधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि जिलों में ऐतिहासिक महत्व वाले नक्शों, अभिलेखों और दस्तावेजों की पहचान करें। इस संबंध में उन्होंने संस्कृति सचिव से भी वार्ता की है ताकि राज्य स्तर पर भी इस कार्य को गति मिल सके।

# बैठक में निजी अस्पतालों के साथ कई मुद्दों पर हुआ मंथन

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी


नगर निगम सभागार में बैठक करते अधिकारी व विभिन्न अस्पतालों के प्रतिनिधि।

**अमृत विचार :** जिला प्रशासन, नगर निगम एवं स्वास्थ्य विभाग ने शहर के निजी अस्पतालों, नर्सिंग होम्स, डायग्नोस्टिक सेंटर्स, क्लीनिकल एस्टैब्लिशमेंट्स एवं डॉक्टर्स के साथ समन्वय बैठक की। इसका उद्देश्य विभिन्न व्यवस्थागत व नियामक मुद्दों पर चर्चा एवं समुचित क्रियान्वयन सुनिश्चित कराना था।

शनिवार को नगर निगम सभागार में हुई बैठक में स्वास्थ्य अधिकारियों ने पीसीपीएनडीटी एक्ट का पालन, अल्ट्रासाउंड संचालन, फॉर्म-एफ भरने एवं रिकॉर्ड संधारण की प्रक्रिया, बायोमेडिकल कचरा प्रबंधन व जैविक कचरा पृथकीकरण, संग्रहण और अधिकृत एजेंसी से निष्पादन की अनिवार्यता के बारे में बताया। साथ ही जन्म एवं मृत्यु पंजीयन की समयबद्ध सूचना, रिकॉर्ड की उपलब्धता एवं ऑनलाइन एंट्री प्रणाली का पालन करने को कहा। आयुष्मान योजना में पात्रों को समय से इलाज देने, नर्सिंग होम्स एवं अस्पताल में पार्किंग बनाने, फायर सेफ्टी प्रमाणपत्र, अग्निशमन उपकरणों की उपलब्धता एवं नियमित फायर सेफ्टी ऑडिट कराना, संबंधित रिकॉर्ड अपडेट करना और अनिवार्य मॉक ड्रिल के बारे में बताया गया। इस दौरान नगर आयुक्त ऋचा सिंह, नगर मजिस्ट्रेट गोपाल चौहान, एसडीएम राहुल शाह, एसीएमओ रश्मि पंत, आईएमए हल्द्वानी के चेयरमैन डॉ. प्रदीप पांडे आदि मौजूद रहे।

**समस्या** हल्द्वानी की मंडियों में सब्जियों की आवक घटी, आम जनता के बजट पर पड़ा असर, काश्तकारों को हुआ नुकसान

# बारिश ने बिगाड़ा रसोई का जायका, बढ़े सब्जियों के दाम

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचारः** बरसात ने जहां गर्मी से जहां राहत दी है, वहीं आम आदमी की रसोई का स्वाद बिगाड़ दिया है। लगातार हो रही बारिश के चलते सब्जियों की आपूर्ति में कमी आ गई है, जिससे मंडियों में सब्जियों के दाम आसमान छूने लगे हैं। इसका सीधा असर आम जनता के बजट पर पड़ रहा है।

शहर की नवीन मंडी समेत कुमाऊं की प्रमुख सब्जी मंडियों में इन दिनों सब्जियों की आवक घट गई है। मांग बढ़ी है, लेकिन आपूर्ति कम हो रही है, जिससे टमाटर, शिमला मिर्च, गोभी जैसी हरी सब्जियां महंगी हो गई हैं। बारिश के कारण पहाड़ी इलाकों के खेतों में खड़ी फसलें सड़ रही हैं। रामगढ़, मुक्तेश्वर, भीमताल जैसे क्षेत्रों में कद्दू, लौकी, पत्ता गोभी और खीरा फंगस लगने के कारण पूरी तरह खराब हो चुके हैं। काश्तकारों का कहना है कि करीब 70% सब्जी की फसल बर्बाद हो चुकी है, जिससे उन्हें भारी नुकसान उठाना पड़ रहा है। सब्जियों की कीमतें बढ़ने से बाजारों में खरीदारी घट गई है। ग्राहकों की संख्या कम होने से दुकानदारों में भी मायूसी है।



**सब्जियों के दाम (प्रति किलो)**

| सब्जी का नाम | कीमत (प्रति किलो) | सब्जी का नाम | कीमत (प्रति किलो) |
|---|---|---|---|
| टमाटर | 60 | खीरा | 30 |
| शिमला मिर्च | 120 | तोरई | 40 |
| भिंडी | 40 | लौकी | 40 |
| आलू | 30 | गोभी | 80 |

### लोगों से बातचीत

इस बार बारिश ने सब कुछ बर्बाद कर दिया। खेत में खड़ी पूरी पत्ता गोभी की फसल में फंगस लग गई। दवा डालने का भी समय नहीं मिला। जितना लगाया, उतना भी नहीं निकल पाएगा।
–**मोहन सिंह**, किसान

हमने मेहनत से खेत तैयार किए थे, लेकिन भारी बारिश के चलते खेत की मिट्टी बह गई और लौकी-कद्दू की बेलें सड़ गईं। मंडी में भेजने लायक कुछ भी नहीं बचा।
– **हीरा लाल**, किसान

मैंने अपने खेत में खीरा और तोरई बोई थी। थोड़ी बहुत फसल निकली भी, तो बारिश में रास्ता बंद हो गया। इस कारण वह फसल को मंडी तक नहीं पहुंचा पाए। अब फसल घर में ही सड़ रही है।
–**रेखा देवी**, किसान

टमाटर के पौधे खूब हुए थे, लेकिन एक हफ्ते की बारिश ने सब खराब कर दिया। फसल खेत में ही गल गई। बाजार में टमाटर के दाम अच्छे मिल रहे हैं। हमारी ज्यादा फसल बारिश के कारण खराब हो गई। –**अर्जुन दत्त, किसान**

बारिश के वजह से मंडी में सब्जी की आवक में कमी आई है। जिससे सब्जियों के दाम में बढ़ोत्तरी आई है।
–**कैलाश जोशी**, आढ़ती एसोसिएशन अध्यक्ष

# पंचायत चुनावः जिले में 1472 पदों के सापेक्ष 4754 मैदान में

## 2172 उम्मीदवारों का निर्विरोध निर्वाचन होना तय, 14 जुलाई को सभी उम्मीदवारों को आवंटित किए जाएंगे चुनाव चिह्न




संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचारः** त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के लिए नामांकन पत्रों के जांच और नाम वापसी के बाद अब जनपद में ग्राम पंचायत सदस्य, ग्राम प्रधान, क्षेत्र पंचायत सदस्य और जिला पंचायत सदस्य के 1472 पदों के सापेक्ष 4754 उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं। जबकि 2172 उम्मीदवारों का निर्विरोध निर्वाचन तय है। वहीं नाम वापसी के बाद सभी उम्मीदवारों ने अपना प्रचार प्रसार तेज कर दिया है।

यहां बता दें कि त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव को लेकर 2 से 5 जुलाई तक ग्राम पंचायत सदस्य, ग्राम प्रधान, क्षेत्र पंचायत सदस्य और जिला पंचायत सदस्य के लिए नामांकन पत्र जमा करने की प्रक्रिया चली। इस दौरान 4568 पदों के लिए 8659 दावेदारों ने नामांकन पत्र जमा किये। जांच, नाम वापसी और उम्मीदवारों के निर्विरोध होने के बाद जिले में 1472 पदों के सापेक्ष 4754 उम्मीदवार मैदान में हैं। नाम वापसी और उम्मीदवारों के निर्विरोध बनने के बाद ग्राम पंचायत सदस्य के 808 पदों के सापेक्ष 1870 उम्मीदवार मैदान में हैं।

इसी तरह ग्राम प्रधान के 362 पदों के सापेक्ष 362, क्षेत्र पंचायत सदस्य के 267 पदों के सापेक्ष 1178 और जिला पंचायत सदस्य के 35 पदों के सापेक्ष 188 उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं। 14 जुलाई को सभी उम्मीदवारों को चुनाव चिह्न आवंटित किए जाएंगे। इसके बाद पहले चक्र में 24 जुलाई और दूसरे चक्र में 28 जुलाई को सुबह 8 बजे से सायं 5 बजे तक मतदान होंगे, जबकि 31 जुलाई को सुबह 8 बजे से कार्य की समाप्ति तक मतगणना होगी।

**जिले में 1485 उम्मीदवारों ने लिए नाम वापसः** त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के लिए ग्राम पंचायत सदस्य, ग्राम प्रधान, क्षेत्र पंचायत सदस्य और जिला पंचायत सदस्य के लिए जनपद में 8655 उम्मीदवारों ने नामांकन पत्र दाखिल किये थे। नामांकन पत्रों की जांच के बाद 432 उम्मीदवारों के नामांकन निरस्त हो गये, जबकि 1485 उम्मीदवारों ने चुनाव लड़ने से पहले ही अपने नाम वापस ले लिए हैं।

### रुद्रपुर ब्लॉक में 579 उम्मीदवार चुनाव मैदान में

**रुद्रपुर :** त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के लिए रुद्रपुर विकास खंड में ग्राम पंचायत सदस्य, ग्राम प्रधान, क्षेत्र पंचायत सदस्य और जिला पंचायत सदस्य के 1075 नामांकन पत्र जमा हुए थे। जिनमें से जांच के बाद 1,013 नामांकन पत्र वैध पाए गए। 224 उम्मीदवारों ने अपने नामांकन वापस ले लिए हैं। अब 579 उम्मीदवार चुनावी मैदान में है। रुद्रपुर विकासखंड में ग्राम पंचायत सदस्य के 500 उम्मीदवारों ने नामांकन पत्र जमा किये थे। जांच के बाद 454 वैध पाए गए। जबकि 25 उम्मीदवारों ने नाम वापस लिए और 209 उम्मीदवार निर्विरोध निर्वाचित हुए। अब 220 उम्मीदवार चुनावी मैदान में हैं। इसी तरह ग्राम प्रधान पद के लिए 289 उम्मीदवारों ने नामांकन कराया। जिनमें से 285 वैध पाए गए, 106 उम्मीदवारों ने नाम वापस लिया और एक उम्मीदवार निर्विरोध निर्वाचित हुआ। अब 178 उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं। क्षेत्र पंचायत सदस्य के लिए 286 उम्मीदवारों ने नामांकन पत्र जमा किये थे। इसमें 274 वैध पाए गये, 93 उम्मीदवारों ने नाम वापस ले लिया। अब 181 उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं।

### रेशमा प्रधान, अनूप कौर और कोमल का निर्विरोध बीडीसी बनना तय


रेशमा परवीन।


अनूप कौर।


कोमल सिंह।

**जसपुर :** त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में एक मात्र नामांकन होने से ग्राम प्रधान के एक तथा दो बीडीसी समेत तीन पदों पर निर्विरोध निर्वाचन तय है। आरओ वीके जैन ने बताया कि ग्राम पंचायत भगवंतपुर की ओबीसी महिला सीट पर रेखा देवी, अनीता, ज्योति, कुमारी मीनू, रेशमा परवीन एवं टिंकल ने ग्राम प्रधान पद के लिए नामांकन पत्र दाखिल किए थे। इनमें रेशमा परवीन को छोड़कर सभी ने अपने-अपने नामांकन वापस ले लिए। इस बुनियाद पर रेशमा परवीन को निर्विरोध ग्राम प्रधान घोषित किया गया। इसी तरह खेड़ालक्ष्मीपुर की महिला सीट पर कहकशा परवीन, नेहा, तरन्नुम अनूप कौर एवं अमनदीप कौर ने बीडीसी सदस्य के लिए नामांकन पत्र दाखिल किए थे। इनमें अमनदीप कौर का नामांकन पत्र कमियां पाए जाने पर निरस्त किया गया था। जबकि अनूप कौर को छोड़कर शेष प्रत्याशियों ने अपने-अपने नामांकन पत्र को वापस ले लिया। अनूप कौर को निर्विरोध बीडीसी सदस्य घोषित किया गया। भगवंतपुर की ओबीसी सामान्य सीट पर साजिया, नितिन, गौरव, कोमल सिंह, निर्मल कौर एवं जसमीत कौर ने बीडीसी सदस्य के लिए नामांकन पत्र दाखिल किए थे। इनमें नितिन, गौरव एवं जसमीत सिंह के नामांकन पत्र में कमियां पाए जाने पर निरस्त किए गए। जबकि साजिया, और निर्मल कौर ने अपने नामांकन वापस ले लिए। इस तरह कोमल सिंह को निर्विरोध बीडीसी सदस्य घोषित किया गया।

### सितारगंज में चार लोगों का बिना वोटिंग के प्रधान बनना तय

**सितारगंज, अमृत विचार :** त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में विकासखंड सितारगंज क्षेत्र से लोकतंत्र की दिलचस्प तस्वीर सामने आई है, जहां 76 ग्रामसभाओं में से चार ग्राम सभाओं में ग्राम प्रधान पद के लिए कोई मुकाबला नहीं रहा और चारों प्रत्याशी निर्विरोध निर्वाचित हो गए। इसी तरह 40 बीडीसी सीटों में से एक सीट पर निर्विरोध निर्वाचन तय है। अब क्षेत्र की 72 ग्रामसभाओं और 39 बीडीसी सीटों पर मतदान होगा। वहीं 212 ग्राम पंचायत सदस्य निर्विरोध चुने गए हैं। गौरतलब है कि नामांकन वापसी की आखिरी तारीख शुक्रवार को दिनभर जोड़तोड़, रणनीति और सहमति का दौर चलता रहा। अंततः ग्राम सभा सरोंजा से राज सिंह, गौरीखेड़ा से इफरा मलिक, बिरिया से दर्शन सिंह और खमरिया से पलविंदर कौर निर्विरोध ग्राम प्रधान चुने गए। इफरा मलिक के पति साजेब मलिक पिछली बार निर्विरोध बीडीसी सदस्य चुने गए थे और इस बार भी मैदान में हैं। पलविंदर कौर भी पांच वर्ष पूर्व निर्विरोध प्रधान चुनी गई थीं और उनके पति भूपेंद्र सिंह भी पूर्व ग्राम प्रधान रह चुके हैं। वहीं भिटौरा से मोहम्मद आजम निर्विरोध बीडीसी सदस्य बने हैं, जो इस बार की इकलौती निर्विरोध बीडीसी सीट है। इधर ग्राम पंचायत सदस्यों की 778 सीटों में से 212 ग्राम पंचायत सदस्य निर्विरोध चुने जा चुके है और अब 566 ग्राम पंचायत सदस्यों की सीट पर मुकाबला है। अब शेष बची सीटों पर चुनावी मुकाबले और दिलचस्पी अपने चरम पर पहुंच चुकी है।

# बाईपास और फ्लाईओवर की संभावनाओं का लिया जायजा


खटीमा में बाईपास व फ्लाईओवर की संभावनाओं का अवलोकन करते चीफ इंजीनियर।

संवाददाता, खटीमा

- **मुख्यमंत्री के निर्देश पर चीफ इंजीनियर ने किया निरीक्षण**
- **पालिकाध्यक्ष रमेश चंद्र जोशी भी रहे मौके पर मौजूद**

**अमृत विचारः** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के दिशा निर्देश पर नगर में नियमित रहने वाली जाम की स्थिति से निजात दिलाने के लिए चीफ इंजीनियर प्रकाश सिंह बृजवाल, इंजीनियर हरीश कुमार शर्मा ने बाईपास और फ्लाईओवर की जरूरतों का अवलोकन किया।

पालिकाध्यक्ष रमेश चंद्र जोशी के साथ दोनों अधिकारियों ने बाईपास, फ्लाईओवर सहित चारों मुख्य मार्गों के सौंदर्यीकरण, डिवाइडर, टू लेन एवं फोर लेन की संभावनाओं को लेकर स्थलीय निरीक्षण किया। चीफ इंजीनियर बृजवाल ने बताया कि सीएम धामी के दिशा निर्देश पर जल्द ही डीपीआर बनाकर कार्य प्रारंभ किया जाएगा। पालिकाध्यक्ष जोशी ने कहा कि डिवाइडर एवं सड़कों के सौंदर्यीकरण एवं मुड़ेली से टू लेन बाईपास की संभावनाओं को लेकर भी प्रयास किया जाएगा। उन्होंने कहा कि फ्लाई ओवर एवं टू लेन फोर लेन निर्माण में व्यापारियों को किसी प्रकार का नुकसान नहीं होने दिया जाएगा। भाजपा जिला महामंत्री सतीश गोयल, पूर्व महामंत्री मनोज वाधवा ने कहा कि सड़क के दोनों ओर बने फुटपाथ से जाम की समस्या उत्पन्न हो रही है इसका निराकरण किया जाना जरूरी है। पालिकाध्यक्ष जोशी ने कहा कि जाम की समस्या का भी शीघ्र निराकरण होगा।

# विदेश में नौकरी लगवाने के नाम पर हड़पे पांच लाख

संवाददाता, रुद्रपुर

- **खुद को वर्ल्ड कंपनी का बताया सीईओ, पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर शुरू की जांच**

**अमृत विचारः** खेड़ा बस्ती के एक युवक को विदेश में नौकरी दिलाने का झांसा देकर पांच लाख की ठगी होने का मामला सामने आया है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार खेड़ा वार्ड-17 निवासी कामिल सुब्हानी ने बताया कि ग्राफिक डिजाईनिंग का कार्य करता है और मुख्य बाजार में कार्यालय खोलना चाहता था। उसकी मुलाकात ब्रिटिश इंस्टीट्यूट के संचालित मुख्य बाजार निवासी नवीन त्यागी से हुई और समझौते के बाद वह प्रतिमाह चार हजार का किराया देता रहा और तीन लाख में ऑफिस तैयार कराया। इसी दौरान आरोपी ने उसकी मुलाकात रंजीत सिंह से कराई। जो खुद को एक वर्ल्ड कंपनी का सीईओ बता रहा था। अभियुक्त ने बताया कि उसकी विदेशों में अच्छी पहचान है और विदेश में नौकरी भी दिलवा सकता है। जिसकी एवज में पांच लाख की रकम अपने खाते में डलवा ली और जल्द ही वर्क वीजा बनाने का आश्वासन भी दिया। कुछ दिन बाद अचानक सभी फरार हो गए और संपर्क करना भी बंद कर दिया। दबाव बनाने पर जान से मारने की धमकी भी दी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## प्रधान पद के प्रत्याशी ने प्रतिद्वंद्वी को दिया समर्थन

**खटीमाः** त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव की चकरपुर बिल्हैरी की ग्राम प्रधान सीट की प्रत्याशी पूनम देवी ने नाम वापसी के अंतिम दिन प्रतिद्वंद्वी चंद्रकला देवी को अपना समर्थन देते हुए नाम वापस ले लिया। इस अवसर पर चंद्रकला देवी ने पूनम देवी और उनके पति विनोद चंद राजपूत को माला पहनाकर अगर जताया साथ ही पूनम देवी ने क्षेत्र का समग्र विकास कर उनकी व जनता की उम्मीदों पर खड़ा उतरने का भरोसा दिलाया। यहां लक्ष्मण सिंह, राजू ठकुराठी, गोपाल मेहता, महेंद्र धामी, कुशल रावत, नरेन्द्र सिंह, दीवान सिंह, अजय खनका, शुभम खनका, अनिल पोखरिया, उमेद सिंह, मीनू सामंत, रंजना भाटिया, भावना भाटिया, बसंती खनका, आनंदी खनका, विमला पोखरिया, शान्ति सामंत, दीपा सामंत, विमला भाटिया, कमला सामंत, जसोदा देवी, सपना सामंत, रेखा सामंत, भागीरथी सामंत थे।

# स्टूडेंट चैप्टर्स और बीआईएस कॉर्नर का उद्घाटन

- **बीआईएस के महानिदेशक और जीबी पंत विवि के कुलपति ने किया उद्घाटन**

संवाददाता, पंतनगर



कार्यक्रम को संबोधित करते मुख्य अतिथि बीआईएस के महानिदेशक प्रमोद कुमार तिवारी।

**अमृत विचारः** जीबी पंत कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में 15 बीआईएस स्टूडेंट चैप्टर्स की स्थापना के साथ ही उद्घाटन किया गया। इसका उद्घाटन मुख्य अतिथि ब्यूरो ऑफ इंडियन स्टैंडर्ड्स (बीआईएस) के महानिदेशक प्रमोद कुमार तिवारी और जीबी पंत विश्वविद्यालय कुलपति डॉ. मनमोहन सिंह चौहान ने संयुक्त रूप से किया।

शनिवार को आयोजित कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि बीआईएस के महानिदेशक प्रमोद कुमार तिवारी ने कहा कि इन चैप्टर्स के माध्यम से विद्यार्थियों को वैज्ञानिक विचारों का आदान-प्रदान, सेमिनार, कॉन्क्लेव्स में भागीदारी और बीआईएस में इंटर्नशिप की संभावनाएं प्राप्त होंगी। साथ ही छात्रों को मानकीकरण से जुड़े परियोजनाओं में भागीदारी, कुशल नेतृत्व एवं नवाचार कौशल के विकास और उद्योग-जगत से संवाद जैसे महत्वपूर्ण अवसर भी प्राप्त होंगे।

कुलपति डॉ. मनमोहन सिंह चौहान ने कहा कि बीआईएस कॉर्नर में बीआईएस से संबंधित नवीनतम साहित्य, प्रकाशन, मानक पुस्तकें एवं अन्य सूचनात्मक सामग्री विद्यार्थियों एवं शिक्षकों के लिए उपलब्ध कराई जाएगी, जो अध्ययन एवं अनुसंधान को नई दिशा देगी।

कार्यक्रम के तहत स्टूडेंट चैप्टर्स के मेंटर्स के लिए एक परिचयात्मक सत्र भी आयोजित किया गया। जिसमें उन्हें बीआईएस के उद्देश्यों, गतिविधियों एवं स्टूडेंट चैप्टर्स की कार्यप्रणाली की जानकारी दी गयी। कार्यक्रम में बीआईएस देहरादून शाखा कार्यालय के निदेशक एवं प्रमुख सौरभ तिवारी, बीआईएस चेयर प्रोफेसर डॉ.एसबी सिंह समेत कई लोग मौजूद थे।

### विशेष बैठक में कई महत्वपूर्ण विषयों पर विचार-विमर्श

**पंतनगर :** कार्यक्रम के दौरान अधिष्ठाता एवं विभागाध्यक्षों के साथ एक विशेष बैठक भी आयोजित हुई। इसकी अध्यक्षता महानिदेशक बीआईएस प्रमोद कुमार तिवारी ने की। इसमें विश्वविद्यालय स्तर पर बीआईएस के साथ दीर्घकालिक अकादमिक एवं अनुसंधान सहयोग, पाठ्यक्रमों में मानकीकरण से संबंधित विषयों के समावेश और छात्रों की सक्रिय भागीदारी जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विचार-विमर्श हुआ। बैठक में कई महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा हुई जिनमें नेशनल एग्रीकल्चर कोर का निर्माण, एसएडीएफ परियोजनाओं की रूपरेखा और बीआईएस की कृषि एवं ग्रामीण क्षेत्र में भूमिका जैसे विषय सम्मिलित थे।

## विद्युत चोरी के आरोपी शिक्षक को पुलिस ने पकड़ा

**रुद्रपुर :** विद्युत चोरी के मुकदमे में वांछित चल रहे एक शिक्षक को कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश कर दिया है। बताया कि शिक्षक के खिलाफ लगातार अदालत वारंट जारी कर रहा था। आरोपी पर विद्युत चोरी का मुकदमा पंजीकृत था। शनिवार को कोतवाल मनोज रतूड़ी ने बताया कि वर्ष 2022 में छापेमारी के दौरान विद्युत विभाग एवं विजिलेंस की टीम ने सिंह कॉलोनी गली-13 निवासी संदीप शर्मा को विद्युत चोरी करते हुए पकड़ा था। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा पंजीकृत कर लिया था। मामले की सुनवाई अदालत में चल रही थी और न्यायालय द्वारा एनबीडब्लू भी जारी किया था। बावजूद आरोपी अदालत में पेश नहीं हो रहा था। गिरफ्तारी वारंट जारी होने के बाद आदर्श कॉलोनी प्रभारी होशियार सिंह द्वारा शनिवार की सुबह आरोपी जो कि एक विद्यालय में शिक्षक है। उसी विद्यालय में दबिश देकर आरोपी शिक्षक को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश कर दिया है।


# बरेली इंटरनेशनल विश्वविद्यालय

प्रवेश प्रक्रिया प्रारम्भ सत्र : 2025-26

Accreditations, Affiliations & Approvals

University Grants Commission of India | Medical Council Of India | Dental Council of India | Pharmacy Council of India | Indian Nursing Council | Uttar Pradesh Nursing & Midwives Council | Association of Indian Universities | Uttar Pradesh State Medical Faculty

प्रस्तुत पाठ्यक्रम

CUET (UG/PG) स्कोर स्वीकृत और CUET (UG/PG)-2025 में सूचीबद्ध

**मेडिकल साइंसेस**
एमएससी मेडिकल (एनाटॉमी/बायोकेमिस्ट्री/माइक्रोबायोलॉजी/फार्माकोलॉजी/फिजियोलोजी)

**डेंटल साइंसेस**
डिप्लोमा-डेंटल हाइजिनिस्ट/डिप्लोमा-डेंटल मैकेनिक्स

**नर्सिंग विज्ञान**
एएनएम/जीएनएम/बीएससी नर्सिंग/पोस्ट बेसिक बीएससी नर्सिंग/नर्स प्रक्टिशनर इन क्रिटिकल केयर (NPCC)/एमएससी नर्सिंग (मेडिकल सर्जिकल/चाइल्ड हेल्थ/कम्युनिटी हेल्थ/मेंटल हेल्थ/अब्स्टेट्रिक्स एवं गायनेकोलॉजिस्ट)

**फार्मेसी**
डी.फार्म/बी.फार्म/एम.फार्म (फार्माकोलॉजी, फार्मास्यूटिक्स, फार्मासियूटिकल कैमिस्ट्री, फार्माकॉगनॉसी)

**पैरामेडिकल साइंसेस**
डिप्लोमा इन मेडिकल लैब तकनीशियन (DMLT)/डिप्लोमा इन एक्स-रे तकनीशियन/डिप्लोमा इन डायलिसिस तकनीशियन/डिप्लोमा इन इमरजेंसी एण्ड ट्रामाकेयर/डिप्लोमा इन एम आर आई तकनीशियन/डिप्लोमा इन रेडियोथेरेपी तकनिशियन (DRIT)/ बैचलर इन ऑप्रेशन थियेटर टेक्नोलॉजी (BOTT)/बैचलर इन फिजियोथेरेपी (BPT)/ बैचलर इन मेडिकल लेबोरेटरी टेक्नोलॉजी (BMLT)/बैचलर ऑफ रेडियोलॉजी एंड इमेजिंग टेक्नोलॉजी (BRIT)/बीएससी (ऑप्टोमेट्री)/एमएससी क्लीनिकल एम्ब्योलॉजी/ एम.एससी इन मेडिकल लैबोरेट्री सांइस (MMLS)/ मास्टर्स इन फिजीयोथेरेपी (MPT)

**फोरेंसिक साइंसेस**
बीएससी फोरेंसिक विज्ञान, एमएससी फोरेंसिक विज्ञान

**मैनेजमेंट एंड कॉमर्स**
बी.कॉम (ऑनर्स)/बीबीए (Finance & Texation)/बीसीए/(आईटी और मल्टीमीडिया)/ एम.कॉम (ऑनर्स)/ मास्टर ऑफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन (MBA)/मास्टर ऑफ हॉस्पिटल एडमिनिस्ट्रेशन (MHA)/मास्टर ऑफ पब्लिक हेल्थ (MPH)

**ह्यूमैनिटीज एंड जर्नलिज्म**
बी.ए (पत्रकारिता)/बी.ए (जनसंचार)/एम.ए (अंग्रेजी)/एम.ए (मनोविज्ञान)/एम.ए (पत्रकारिता)/एमए (जनसंचार)

अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें - 9105500202, 9105500404, फोन-0581-2526153, 051, 053

पता : एडमिशन सेल, एडमिनिस्ट्रेटिव ब्लॉक, बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज कैंपस, बरेली, पिन कोड-243006 (यू.पी.)

Website : www.biu.edu.in, E-mail : admission@biu.edu.in


## हरेला को लेकर चलाया विशेष सफाई अभियान

**बाजपुरः** ईको, यूथ क्लब की ओर से अटल उत्कृष्ट राजकीय इंटर कालेज गजरौला में शनिवार को हरेला दिवस के लिए तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। जिसके चलते कक्षा 12ए के विद्यार्थियों ने विद्यालय परिसर में विशेष साफ-सफाई और स्वच्छता अभियान चलाया। उन्होंने परिसर व आसपास उगी घास व झाड़ियों को साफ कर कर स्वच्छता एवं पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इस दौरान पौधारोपण करने के लिए गड्ढे एवं पिट्स भी तैयार गए गए हैं।

# मुख्य न्यायाधीश ने जजेज बिल्डिंग का किया उद्घाटन

- **काशीपुर न्यायालय पहुंचे हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश**
- **काशीपुर बार एसोसिएशन ने किया जोरदार स्वागत**

संवाददाता, काशीपुर



काशीपुर में कार्यक्रम के दौरान बोलते वक्ता। • अमृत विचार

**अमृत विचारः** न्यायालय परिसर में जजेज कॉलोनी में बनी नई जजेज बिल्डिंग का उद्घाटन हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति गुहानाथन नरेंद्र ने किया। उनके साथ न्यायमूर्ति रविंद्र मैथानी, न्यायमूर्ति आलोक कुमार वर्मा और हाईकोर्ट रजिस्ट्रार जनरल योगेश कुमार गुप्ता भी काशीपुर पहुंचे थे। काशीपुर बार एसोसिएशन के सदस्यों ने उनका स्वागत किया।

शनिवार को कोर्ट परिसर में जजेज कॉलोनी की बिल्डिंग का उद्घाटन किया गया। इस दौरान रजिस्ट्रार जनरल योगेश कुमार गुप्ता ने बताया कि काशीपुर आउटलाइन कोर्ट में चार रेजिडेंस ऑफिसर्स के लिए बनाए गए हैं। बाजपुर, जसपुर, काशीपुर में आउटलाइन कोर्ट खुल रहे हैं। हाई कोर्ट की प्राथमिकता है कि सभी जगह पर कोर्ट की अपनी बिल्डिंग, रेजिडेंस, क्वाटर्स हों। सभी कर्मचारियों, वकीलों, जजों के लिए मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं। ताकि जनता को हम न्याय दे पा रहे हैं, वह प्रभावी हो। उन्होंने बताया कि नेशनल लोक अदालत साल में चार बार होती हैं। आउटलाइन कोर्ट और जिला कोर्ट में भी लगती हैं। हमारा प्रचार-प्रसार रहता है कि ज्यादा से ज्यादा लोग लोक अदालत में अपने मामलों का निस्तारण करवाने पहुंचे। कार्यक्रम में बच्चों ने सांस्कृतिक प्रस्तुति दी। वहां पर काशीपुर बार एसोसिएशन के अध्यक्ष अवधेश कुमार चौबे, सचिव नृपेंद्र कुमार चौधरी, उप सचिव सूरज कुमार, ऑडिटर हिमांशु बिश्नोई, शैलेंद्र मिश्रा, रश्मि पाल आदि लोग मौजूद रहे।

**समझौता ज्ञापन** कुलपति बोले- समझौते से दोनों संस्थानों के बीच शोध कार्य होंगे सुदृढ़, कुलपति सभागार में हुआ कार्यक्रम

# पंत विवि व आईएआरआई के मध्य एमओयू पर हस्ताक्षर

संवाददाता, पंतनगर


एमओयू के साथ विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. एमएस चौहान एवं आईएआरआई के निदेशक एवं कुलपति डॉ. सीएच श्रीनिवास राव।

**अमृत विचारः** गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय पंतनगर और भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद-भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान (आईएआरआई) नई दिल्ली के मध्य एक महत्वपूर्ण समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए। यह समझौता दोनों संस्थानों के बीच कृषि अनुसंधान, बीज उत्पादन, तकनीकी विकास, शैक्षणिक सहयोग और नवाचारों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से किया गया है।

शनिवार को समारोह का आयोजन विश्वविद्यालय के कुलपति सभागार में आयोजित हुआ। जिसमें कुलपति डॉ. मनमोहन सिंह चौहान और आईएआरआई के निदेशक एवं कुलपति डॉ. सीएच श्रीनिवास राव ने औपचारिक रूप से समझौते पर हस्ताक्षर किए। इस इस दौरान कुलपति डॉ. चौहान ने भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान की विभिन्न क्षेत्रों में शोध उपलब्धियों की प्रशंसा की। साथ ही 52 हजार करोड़ रुपये के बासमती चावल के निर्यात का जिक्र करते हुए इसको एक विशेष उपलब्धि बताया। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय एवं भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान के बीच किये जा रहे समझौते से दोनों संस्थानों के बीच शोध कार्य सुदृढ़ होगा। जिससे राष्ट्र विकास में सहायता मिलेगी। इससे गुणवत्ता बीज का उत्पादन होगा और देश के किसानों के पास पहुंचेगा। आईएआरआई के निदेशक एवं कुलपति डॉ.सीएच श्रीनिवास राव ने बीज की महत्ता और गुणवत्ता बीज के उत्पादन पर प्रकाश डाला। साथ ही आईएआरआई द्वारा खाद्यान्न, दलहनी एवं तिलहनी फसलों की विकसित प्रजाति के बारे में चर्चा की गयी। उन्होंने कहा कि विकसित भारत की संकल्पना को साकार करने के लिए हमें सदैव आत्मनिर्भर रहना होगा। ऐसी क्षमताएं जिनको हम अब तक नहीं प्राप्त कर सके, को प्राप्त करना होगा। बैठक के बाद निदेशक एवं कुलपति आईएआरआई एवं उनकी टीम ने विश्वविद्यालय के नारमन ई. बोरलाग फसल अनुसंधान केंद्र का भ्रमण किया। इस अवसर पर आईएआरआई के संयुक्त निदेशक शोध डॉ. विश्वनाथ चुन्नुस्वामी, आनुवांशिकी विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. गोपाल कृष्णन, बीज उत्पादन के प्रभारी डॉ. ज्ञानेंद्र सिंह, विश्वविद्यालय के निदेशक शोध डॉ. एएस नैन, संयुक्त निदेशक बीज उत्पादन केंद्र डॉ. एएस जीना एवं कुलसचिव और अन्य अधिष्ठाता और निदेशक ने प्रतिभाग किया।

## एक नजर

### पारिवारिक विवाद में महिला ने लगाई फांसी हायर सेंटर किया रेफर

**बाजपुर :** पारिवारिक विवाद के चलते एक महिला ने फांसी लगा ली। उसे गंभीरावस्था में सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां से प्राथमिक उपचार के बाद हायर सेंटर रेफर कर दिया। महिला कही हालत नाजुक बताई जा रही है। वार्ड-सात मोहल्ला संजय कालोनी निवासी एक महिला का अपने पति से किसी बात को लेकर विवाद हो गया था। बताया जाता है कि इससे गुस्से में आकर महिला ने शुक्रवार की मध्य रात्रि करीब 12 बजे कमरे में फांसी लगा ली। कुछ देर बाद पति ने पत्नी को फांसी पर लटका देखा तो उसके होश उड़ गए। वहीं जानकारी से परिजनों में हड़कंप मच गया। इसी बीच शोरगुल होने पर आसपास के लोग भी पहुंच गए और महिला को किसी तरह नीचे उतारकर आनन-फानन में ही सरकारी अस्पताल ले जाया गया, जहां से चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार देकर उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया है। महिला का नगर के ही एक निजी चिकित्सालय में उपचार चल रहा है और उसकी हालत गंभीर बताई जा रही है। खबर लिखे जाने तक किसी की ओर से पुलिस में लिखित शिकायत नहीं की गई थी।

### जंगल में लूट की योजना बनाते एक धरा

**सितारगंज :** कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत उप निरीक्षक ललित चौधरी व कांस्टेबल तरुण चौधरी द्वारा 12 जुलाई 2025 को गश्त के दौरान ग्राम विरेन्द्रनगर-गोठा मार्ग पर संदिग्ध नजर आ रहे युवक से पूछताछ की तो उसने अपना नाम मोहम्मद हारुन (उम्र 25 वर्ष), निवासी ग्राम बांसखेड़ा थाना अमरिया जिला पीलीभीत बताया। तलाशी लेने पर उसकी पैंट की जेब से एक चाकू बरामद हुआ। अभियुक्त ने बताया कि वह नशे का आदी है और पैसों की आवश्यकता के चलते जंगल में अकेले आने-जाने वालों को चाकू दिखाकर लूटने की योजना बना रहा था। इससे पहले ही पुलिस ने उसे पकड़ लिया। बरामद चाकू घरेलू उपयोग से भिन्न प्रकृति का था, जिससे सार्वजनिक स्थल पर घूमना शस्त्र अधिनियम की धारा 4/25 के तहत अपराध है। जिसके चलते अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया गया। अभियुक्त को थाने लाकर अग्रिम कार्यवाही की जा रही है।

### 54 पाउच शराब के साथ युवक गिरफ्तार

**सितारगंज :** पुलिस ने सोना सिंह पुत्र कृपाल सिंह निवासी ग्राम गुरुनानक नगरी गोठा थाना सितारगंज को 54 पाउच कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया है। उसके खिलाफ धारा 60(1) आबकारी अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई है।

# अनियंत्रित होकर पलटा ट्रैक्टर दबने से चालक की दर्दनाक मौत

- धान रोपाई करने के लिए जा रहा था युवक
- पुलिस ने पंचनामे के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा

संवाददाता, बाजपुर



निर्मल सिंह (फाइल)

**अमृत विचार:** नैनीताल स्टेट हाईवे पर एक ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर पलट गया। उसके नीचे दबने से चालक की मृत्यु हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से ट्रैक्टर को सीधा करवाया और पंचनामा भरकर शव पोस्टमार्टम को भेज दिया है। घटना की सूचना से मृतक के परिजनों में कोहराम मच गया।

जानकारी के अनुसार ग्राम पूरनपुर चकलुवा कालाढूंगी नैनीताल निवासी 46 वर्षीय निर्मल सिंह पुत्र करतार सिंह शनिवार को दोपहर बाद करीब दो बजे घर से ट्रैक्टर में पीछे हैरो लेकर धान रोपाई के लिए बाजपुर स्थित खेत पर जा रहा था। बताया जाता है कि इसी बीच नैनीताल-बाजपुर मुख्यमार्ग पर झारखंडी मोड़ बरहैनी के निकट ट्रैक्टर अचानक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे गड्ढे में जा पलटा। जिससे चालक निर्मल सिंह ट्रैक्टर के नीचे दब गया। घटना की सूचना पर बरहैनी चौकी पुलिस के साथ ही बड़ी संख्या में ग्रामीण व राहगीर एकत्र हो गए। पुलिस ने लोगों की मदद से ट्रैक्टर को सीधा करवाया और निर्मल सिंह को निकालकर सरकारी अस्पताल पहुंचाया गया। जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने पंचनामा भरकर शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। हादसे की सूचना पर मृतक के परिजनों में कोहराम मच गया है। मृतक पत्नी दलविंदर कौर व दो बच्चों तनवीर सिंह (11) एवं मनवीर सिंह (13) को रोता-बिलखता छोड़ गया है। वह खेतीबाड़ी के साथ ही पशु पालन एवं दुग्ध बेचने का काम करता था। अचानक हुई इस घटना से पत्नी एवं अन्य परिजन गहरे सदमे में हैं।

## मृतक के परिजनों ने जताई दोस्तों द्वारा बेटे की हत्या किए जाने की आशंका

# विवाद के बाद कार की टक्कर में युवक की मौत

संवाददाता, काशीपुर



अमन (फाइल फोटो)।

**अमृत विचार:** दोस्त से मिलने जा रहे एक युवक को कार सवार ने टक्कर मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया। घायल युवक को उसके दोस्त इलाज के लिए मुरादाबाद ले जा रहे थे, लेकिन युवक ने रास्ते में दम तोड़ दिया। मृतक के परिजनों ने दो युवकों पर बेटे की हत्या करने की आशंका जताई है।

ग्राम बढ़ापुर सुमाली जिला रामपुर निवासी अमन पाल (24) पुत्र चरनपाल सुल्तानपुर पट्टी में एक स्टोन क्रशर पर पोकलैंड चलाने का काम करता है। बीते शुक्रवार की रात लगभग 10 बजे उसके एक दोस्त ने फोन कर उससे रामनगर रोड स्थित प्रतापपुर किसी काम से चलने के लिए कहा। तब अमन पाल ने साथ में ही काम करने वाले दोस्त नितिश को अपने साथ में चलने कहा। उसके बाद अमन पाल, नितिश व दो अन्य युवक एक कार में सवार होकर प्रतापपुर की ओर चल दिए। नितिश ने बताया वह चारों लोग रात लगभग 11 बजे प्रतापपुर में निर्माणाधीन बाईपास के पास पहुंचे। जहां पर पहले से एक बुलेरो गाड़ी खड़ी थी। जिसमे तीन-चार लोग वाहन से बाहर खड़े थे और लगभग तीन लोग वाहन के अंदर बैठे हुए थे। उनको देखकर कार चलाने वाला युवक अपनी कार को वापस करके लौटने लगा। पहले से ही पीछे खड़े लोगों में से एक युवक ने उनकी कार पर पीछे से डंडा मार दिया। तब कुछ दूर जाकर साथी से कार रुकवा कर अमन पाल कार से बाहर आया और हमलावरों से कहासुनी होने लगी। इसी बीच कार चालक उतर कर आया उसने बोलेरो के अगले शीशे पर पत्थर फेंक कर मार दिया। जिसके बाद हुई मारपीट में चारों लोग रात के अंधेरे में इधर-उधर भागने लगे। नीतीश ने बताया कि इसी बीच बोलेरो में सवार एक व्यक्ति ने तेज रफ्तार में वाहन चलाकर अमन पाल को अपने चपेट में ले लिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। तब नितिश ने घटना की सूचना परिजनों को दी और आनन-फानन में उसको गिरीताल स्थित निजी अस्पताल ले गया। जहां हालत नाजुक होने पर डॉक्टर ने रेफर कर दिया। तब वह उसको लेकर मुरादाबाद रोड स्थित एक निजी अस्पताल ले गया, वहां भी डॉक्टर के मना करने पर वह लोग उसको मुरादाबाद लेकर जा रहे थे कि अमन पाल ने रास्ते दम तोड़ दिया। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। उधर शनिवार को पोस्टमार्टम हाउस पहुंचे परिजनों ने अमन पाल के दो अन्य दोस्तों पर हत्या की आशंका जताई।

# बॉर्डर पर युवक की बेरहमी से पीट-पीटकर हत्या

## 8 जुलाई को जानलेवा हमले में घायल सूरज की उपचार के दौरान मौत, हत्यारोपियों की तलाश में जुटी पुलिस

संवाददाता, रुद्रपुर



सूरज (फाइल फोटो)।

**अमृत विचार:** कोतवाली रुद्रपुर व थाना बिलासपुर के बदमाशों का आतंक बढ़ता ही जा रहा है। 8 जुलाई को दिनदहाड़े सरेराह रुद्रपुर-बिलासपुर बॉर्डर पर बदमाशों ने बेकसूर युवक को इतनी बेरहमी से पीटा कि चार दिन के उपचार के बावजूद उसकी मौत हो गई। सूचना मिलने पर यूपी पुलिस के अधिकारियों ने पोस्टमार्टम हाउस रुद्रपुर पहुंचकर घटना की जानकारी ली। पुलिस ने अभियुक्तों की सरगर्मी से तलाश शुरू कर दी है।

बताते चलें कि 8 जुलाई की सुबह साढ़े 9 बजे भैंसिया ज्वालापुर बिलासपुर यूपी निवासी 28 वर्षीय युवक सूरज कुमार बिलासपुर से रुद्रपुर स्थित एक गैराज में ड्यूटी करने बाइक से जा रहा था। तभी रुद्रपुर व बिलासपुर बार्डर में घात लगाए बैठे छह से सात हमलावरों ने बाइक को रोका और लोहे की राड व लाठियों से बेरहमी से पीटना शुरू कर दिया। खून से लथपथ युवक को आनन फानन में रुद्रपुर के एक प्राइवेट अस्पताल में भर्ती कराया।

जहां चार दिन जिंदगी और मौत के बीच झूलते हुए आखिरकार सूरज कुमार ने शुक्रवार की रात्रि आठ बजे दम तोड़ दिया। सूचना मिलते ही कोतवाल मनोज रतूड़ी अस्पताल पहुंचे और हत्याकांड की जानकारी थाना बिलासपुर को दी। सूचना के आधार पर सीओ बिलासपुर रविंद्र प्रताप सिंह और थाना प्रभारी बलवंत सिंह भी रुद्रपुर पीएम हाउस पहुंचे और घटना की जानकारी लेने के बाद हत्यारोपियों की सरगर्मी से तलाश शुरू कर दी है।



पोस्टमार्टम हाउस में जानकारी लेते सीओ बिलासपुर व थाना प्रभारी बिलासपुर, यूपी।



युवक को बेरहमी से पीटते हमलावर। ● अमृत विचार

### बेकसूर सूरज को मिली मौत की सजा

**रुद्रपुर :** सूरज हत्याकांड में यह भी चर्चा है कि खेड़ा बस्ती में हुई गोलीकांड के बाद फरार अभियुक्त बिलासपुर भाग गए थे। जहां उनका किसी युवक से विवाद हो गया था और विवाद के दौरान 28 वर्षीय युवक घटनास्थल पर खड़ा था। चर्चा है कि युवक ने बीच बचाव की कोशिश की थी तो हमलावर को यह लगा कि युवक भी दुश्मन का साथी है। अभियुक्तों ने हमला कर मौत के घाट उतार दिया, जबकि सूरज बेकसूर था और विवाद में उसका कोई देना भी नहीं था।

### जातिसूचक शब्दों के प्रयोग का भी आरोप

**रुद्रपुर :** मृतक सूरज के भाई रंजीत सिंह ने बिलासपुर थाने में मुकदमा पंजीकृत कराया है। इसमें रंजीत ने भाई को घेरकर बेरहमी से जानलेवा हमला किए जाने और चार दिन बाद उसकी मौत के लिए बिलासपुर के ही तीन युवक व उसके साथियों को जिम्मेदार बताया है। शिकायतकर्ता का यह भी आरोप था कि अभियुक्तों ने हमले के दौरान जातिसूचक शब्दों का भी प्रयोग किया। कारण वह दलित समाज के हैं और बार-बार दलित युवक को अपमानित भी कर रहे थे। बिलासपुर थाना पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। चर्चा है कि तीन हमलावरों को गिरफ्तार भी कर लिया।

### एसएसपी हुए सख्त, होगी कठोर कार्रवाई

**रुद्रपुर :** एसएसपी मणिकांत मिश्रा ने बताया कि 28 वर्षीय सूरज हत्याकांड एक जघन्य हत्याकांड है। चूंकि हत्या बिलासपुर थाना इलाके में हुई है और पोस्टमार्टम रुद्रपुर में हुआ है। बावजूद कोतवाली रुद्रपुर व बिलासपुर थाना सामंजस्य बनाकर हत्यारोपियों की तलाश करेगी। इसके अलावा वायरल वीडियो में खेड़ा बस्ती के भी कुछ युवक दिखाई दे रहे हैं। सभी का आपराधिक इतिहास और संलिप्तता खंगाली जा रही है। यदि आपराधिक इतिहास और हत्याकांड में भूमिका पाई जाती है। कोतवाली पुलिस कठोर से कठोर कार्रवाई करेगी और पूरे गिरोह का पर्दाफाश करेगी। सीमावर्ती जनपद में किसी भी अपराधियों को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।
**-मणिकांत मिश्रा**, एसएसपी, ऊधमसिंह नगर।

# खेड़ा-बिलासपुर के बदमाशों का शहर कोतवाली में आतंक

- दे रहे खुलेआम चुनौती, पुलिस बनी मूकदर्शक
- गैंग पहले भी दे चुका है कई वारदातों को अंजाम

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** भैंसिया ज्वालापुर बिलासपुर के सूरज हत्याकांड की वायरल वीडियो में जहां खेड़ा गैंग का नाम भी सामने आने लगा है। वहीं खेड़ा-बिलासपुर का यह गैंग लगातार शहर कोतवाली इलाके में आतंक मचा रहा है और कोतवाली पुलिस महज मूकदर्शक का किरदार निभा रही है। यहां तक कि पुलिस कार्रवाई की सूचना भी बदमाशों तक पहुंच जाती है।

बताते चलें कि 8 जुलाई को रुद्रपुर-बिलासपुर बॉर्डर पर कुछ युवक एक युवक को बेरहमी से पीट रहे हैं। वहीं बाइक पर बैठे दो युवक भी दिखाई दे रहे हैं। बताया जा रहा है कि दोनों ही युवक खेड़ा बस्ती के रहने वाले हैं और गोलीकांड प्रकरण में फरार चल रहे हैं। खेड़ा गैंग का आपराधिक इतिहास बिलासपुर व रुद्रपुर कोतवाली के अभिलेखों में मिल जाएगा और सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो भी उनकी क्रूरता की गवाही भी दे रहा है।

हालात यह है कि इस गैंग के गुर्गे कोई भी वारदात करते हैं तो वीडियो में देखने के बाद भी पुलिस अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज करती है। जैसे खेड़ा बस्ती में खुलेआम गोलीबारी कर एक युवक को घायल करना, स्क्रैप कारोबारी पर तलवार से हमला, किच्छा आढ़ती पर जानलेवा हमला, दिनेशपुर के एक शख्स पर भी जानलेवा हमला करना। सोशल मीडिया में वीडियो डालकर लोगों को भयभीत करने के साथ ही गैंग का अपना नेटवर्क बढ़ा रहा है।

लेकिन कोतवाली पुलिस महज मूकदर्शक बनी हुई है और बदमाशों के हौसले लगातार बढ़ते जा रहे हैं। सूरज हत्याकांड को लेकर भी खेड़ा गैंग के गुर्गों का नाम सामने आने की चर्चा है और इस गैंग का मुखिया पर्दे के पीछे रहकर वारदातों को अंजाम देता है और जेल जाने पर गुर्गों की पैरवी भी करता रहता है। अब देखना यह है कि कोतवाली पुलिस खेड़ा व बिलासपुर के संगठित गैंग का तिलिस्म कैसे तोड़ेगी या फिर पुलिस पर बदमाशों के साथ सांठगांठ होने के आरोप लगते रहेंगे।

# सड़क हादसे में घायल सिपाही की उपचार के दौरान जान गई

- चार जुलाई को हुआ था सड़क हादसा, पुलिस विभाग में दौड़ी शोक की लहर

संवाददाता, रुद्रपुर



धनराज (फाइल फोटो)।

**अमृत विचार:** 4 जुलाई को सड़क हादसे में घायल सिपाही की उपचार के दौरान मौत हो गई है। सिपाही नानकमत्ता थाने में तैनात था और ड्यूटी के दौरान उसे एक वाहन ने रौंद दिया था। सिपाही की मौत की खबर मिलते ही पुलिस और परिवार में शोक की लहर दौड़ गई और सिपाही को अंतिम सलामी देकर नम आंखों से विदाई दी गई।

बताते चलें कि वर्ष 2023 में हरिद्वार निवासी 26 वर्षीय धनराज सिंह पुलिस विभाग में भर्ती हुआ था और वर्तमान में उनकी तैनाती थाना नानकमत्ता में थी। बताया कि 4 जुलाई को धनराज बाइक से ड्यूटी पर जा रहा था। इस बीच अचानक अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी थी और सिपाही गंभीर रूप से घायल हो गया था। सिपाही का रुद्रपुर स्थित एक प्राइवेट अस्पताल में उपचार चल रहा था। शनिवार की सुबह उपचार के दौरान सिपाही ने दम तोड़ दिया। सूचना मिलते ही एसएसपी मणिकांत मिश्रा, एसपी सिटी उत्तम सिंह नेगी, एसपी क्राइम निहारिका तोमर, कोतवाल मनोज रतूड़ी सहित पुलिस कर्मी अस्पताल पहुंचे और परिवार को ढांढस बंधाते हुए सांत्वना भी दी। जिसके बाद सिपाही के पार्थिव शरीर को पुलिस लाइन स्थित परेड ग्राउंड में रखा गया। जहां आला अधिकारियों एवं पुलिस कर्मियों ने पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी और शस्त्र सलामी देकर सिपाही को नम आंखों से अंतिम विदाई दी। एसएसपी मणिकांत मिश्रा ने बताया कि सड़क हादसे में घायल सिपाही का निधन होना पुलिस विभाग के बेहद ही दुखद खबर है। बावजूद पुलिस विभाग मृतक के परिवार के साथ खड़ा है और हरसंभव विभागीय सहायता देकर अपने दायित्व का निर्वहन करेगा।

### वायुसेना के जवान के घर से लाखों की चोरी

**सितारगंज :** वायुसेना में तैनात जवान प्रदीप सिंह पुत्र स्व० बाज सिंह निवासी बिज्टी के बंद घर को चोरों ने निशाना बनाते हुए लाखों रुपये के जेवरात उड़ा लिए। जवान की गैरमौजूदगी में उसके पड़ोसी ने दरवाजे खुले होने की सूचना दी, जिस पर पुलिस और उसकी मौसी मौके पर पहुंचे। इस दौरान घर का दरवाजा टूटा मिला और कमरों में सामान बिखरा पड़ा था। प्रदीप के घर से सोने के कुंडल व अंगूठी चोरी हो गई। घटना के वक्त जवान की माता भी उसके साथ दिल्ली में थीं। घटना से उनकी मां बुरी तरह डर गई हैं और जान-माल का खतरा जताया है। पीड़ित ने कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कर चोरों की गिरफ्तारी और चोरी का सामान बरामद करने की मांग की है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

# जनपद में ऑपरेशन कालनेमि शुरू, 66 संदिग्ध हिरासत में

- सभी संदिग्धों से पूछताछ कर रही पुलिस
- एसएसपी बोले-कई अन्य पीर फकीर और साधु संत चिह्नित

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के निर्देश के बाद ऊधमसिंह नगर जनपद में एसएसपी के नेतृत्व में सनातन धर्म की आड़ में लोगों को ठगने और उनकी भावनाओं से खिलवाड़ करने वालों के खिलाफ ऑपरेशन कालनेमि शुरू कर दिया गया है। इसके तहत पुलिस ने सात आपराधिक प्रवृत्ति वाले समेत 66 संदिग्धों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। जबकि कई अन्य पीर फकीर और साधु संत को चिह्नित कर उनकी तलाश की जा रही है।




सड़क किनारे लगे एक दवाखाना में पूछताछ करती पुलिस। ● अमृत विचार

शनिवार को एसएसपी मणिकांत मिश्रा ने रुद्रपुर और काशीपुर सर्किल में दो निरीक्षक तैनात कर कार्रवाई के निर्देश दिए थे। जिसके बाद जिले भर में पुलिस ने साधु-संतों के भेष में छिपे कालनेमि की धरपकड़ शुरू की। एसएसपी ने बताया कि पुलिस टीम ने जसपुर, काशीपुर, बाजपुर, दिनेशपुर, गदरपुर, रुद्रपुर, किच्छा, सितारगंज और खटीमा क्षेत्र में 66 संदिग्ध पीर-फकीर और साधु-संतों को हिरासत में लिया। जिसमें से टंडोला, पूरनपुर पीलीभीत उत्तर प्रदेश निवासी चुन्नू मियां पुत्र वहीद, गया बिहार और हाल ट्रांजिट कैंप निवासी नाजिम पुत्र रिफाकत अली के विरुद्ध आपराधिक मामले दर्ज हैं। इसी तरह शाहजहांपुर उत्तर प्रदेश और हाल झनकइया खटीमा निवासी अफजल पुत्र इस्तखार, गाम जमुनिया खास माधोटांडा पीलीभीत निवासी परवेज पुत्र तालिब हुसैन, खटीमा और हाल पीलीभीत निवासी इम्तियाज अली पुत्र जफर अली, गजरौला पीलीभीत निवासी तारीख अहमद पुत्र हामिद और ग्राम जमुनिया बीसलपुर पीलीभीत निवासी मोहम्मद आसिफ पुत्र असगर अली के विरुद्ध आपराधिक मामले पंजीकृत हैं। जिनसे पूछताछ की जा रही है। एसएसपी ने बताया कि कई अन्य पीर फकीर और साधु संत वेशधारी भी चिह्नित किए हैं जो कि रामपुर, बिजनौर, पीलीभीत या आसपास के अन्य जिलों में रहकर ऊधमसिंह नगर में आपराधिक गतिविधियों में संलिप्त हैं।

**आस्था** अल्प विश्राम के बाद 47 श्रद्धालुओं का दल टनकपुर के लिए रवाना, भोलेबाबा के दर्शन को श्रद्धालुओं में दिखा उत्साह

# कैलाश मानसरोवर यात्रा के तीसरे दल का रुद्रपुर में भव्य स्वागत

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** कैलाश मानसरोवर यात्रियों का तीसरा जत्था शनिवार को रुद्रपुर पहुंचा। जत्थे में 47 श्रद्धालु शामिल थे। इसमें 35 पुरुष और 12 महिला श्रद्धालु शामिल थे। अल्प विश्राम के बाद श्रद्धालुओं का जत्था भोले बाबा के जयकारों के साथ टनकपुर के लिए रवाना हो गया। इस दौरान पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल ने श्रद्धालुओं का स्वागत किया।

शनिवार को कैलाश मानसरोवर यात्रियों का तीसरा जत्था रामपुर रोड स्थित एक होटल में पहुंचा। इसमें 47 श्रद्धालु शामिल थे। जत्थे में गुजरात, कर्नाटक, दिल्ली, राजस्थान, महाराष्ट्र, पश्चिम बंगाल, उत्तर प्रदेश, आंध्र प्रदेश और तमिलनाडु से समेत कई राज्यों के श्रद्धालु शामिल रहे। इस दौरान भोले बाबा के दर्शन को श्रद्धालुओं में गजब का उत्साह देखने को मिला।



कैलाश मानसरोवर यात्रियों के साथ भोलेबाबा का जयकारा लगाते पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल। ● अमृत विचार

### होटल में बना था नॉनवेज, श्रद्धालु हुए नाराज

**रुद्रपुर :** शनिवार को रुद्रपुर पहुंचे श्रद्धालुओं ने जब होटल में खाने के लिए पूछा तो उन्हें बताया गया कि नॉनवेज बनाया गया है। इससे श्रद्धालु नाराज हो गये और तुरंत वहां से चले गये। इस दौरान श्रद्धालुओं में काफी आक्रोश दिखाई दिया। इसके बाद सभी श्रद्धालुओं को काशीपुर रोड स्थित एक ढाबे में ले जाया गया जहां उन्होंने खाना खाया। इसके बाद श्रद्धालु भोलेबाबा के जयकारों के साथ टनकपुर के लिए रवाना हुए।

# नशे में धुत दबंग युवकों ने की फायरिंग, एक का सिर फोड़ा

- मामूली कहासुनी पर हुए हमलावर, एक के पैर में छर्रे लगे
- बीच बचाव को आए चाचा के सिर में लगे 13 टांके

संवाददाता, काशीपुर

**अमृत विचार:** शुक्रवार की देर रात रामनगर रोड स्थित रम्पुरा के पास रनवीर सिंह (18) पुत्र करमजीत सिंह अपने साथी के साथ कहीं जा रहा था। इसी दौरान एक बाइक पर सवार तीन युवकों ने नशे की हालत में बाइक के आगे कट मार दिया। जिस पर रनवीर सिंह ने बाइक देखकर चलाने की बात कही, तो नशे धुत तीनों युवक आगबबूला हो गए और दोनों को पकड़ कर पीटना शुरू कर दिया। दोनों ने किसी तरह जान बचाकर भागे साथ ही रनवीर सिंह ने घटना की सूचना अपने चाचा सुरेंद्र सिंह (25) पुत्र जोगेंद्र सिंह निवासी रम्पुरा को दी।

सूचना मिलने पर जब उसके चाचा अपने साथी के साथ मौके पर पहुंचें तब तीनों युवकों ने ग्राम धनौरी के पास उस पर भी हमला कर दिया। तब उसने दानिश (20) पुत्र मोहम्मद नवी निवासी लक्ष्मीपुर लच्छी धनौरी के घर में घुसकर जान बचाई। बताया जा रहा है कि हमलावरों ने पीछा करके वहां भी हमला बोल दिया। इस दौरान हमलावरों की ओर से हुई फायरिंग में दानिश के पैर में छर्रे लग गए। सूचना पर पहुंचें परिजनों ने तीनों घायलों को सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां सुरेंद्र सिंह के सिर में 13 टांके आए। हालत गंभीर होने पर डॉक्टर ने उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया। जिस पर परिजनों ने घायलों को मुरादाबाद रोड स्थित एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया। उधर सरकारी अस्पताल में नाइट ड्यूटी पर तैनात डॉक्टर ने बताया कि एक युवक के सिर में गंभीर चोट लगी थी। जबकि दानिश नामक युवक के पैर में कुछ घुसा हुआ था। जिसे बाहर निकाला तो वह छर्रे जैसे प्रतीत हो रहा था, जिसे पुलिस की सुपुर्दगी में दे दिया है। कोतवाली प्रभारी अमर चंद्र शर्मा ने बताया कि पीड़ित पक्ष की ओर से अभी कोई तहरीर नहीं मिली है। तहरीर मिलने पर केस दर्ज किया जाएगा। पुलिस अपने स्तर से मामले की जांच कर रही है।

# राष्ट्रीय एकता में दर्शन का सदुपयोग



हृदय नारायण दीक्षित
पूर्व विधानसभा अध्यक्ष उ.प्र.

> वेद और उपनिषद 'आनंद' को बार-बार दुहराते है। ब्रह्मसूत्र भी 'आनन्दमयो अभ्यसात' (1.1.12) लिखता है। यहां आनंदमय शब्द में मयट प्रत्यय संसार बोधक है, मय का तात्पर्य 'व्याप्त' होता है, जैसे दुखमय, सुखमय आदि। ब्रह्मसूत्र आनन्दमय को भी ब्रह्मय बताते हैं।

दर्शन बुद्धि विलास नहीं है। मानव जीवन को आनंदित करने के लिए दर्शन का सदुपयोग होता रहा है। राष्ट्रीय एकता के लिए भी दर्शन की उपयोगिता है। वेदांत दर्शन का सदुपयोग शंकराचार्य व विवेकानंद ने किया था। वेदांत का मूल ग्रंथ ब्रह्मसूत्र है। ब्रह्मसूत्र असाधारण रचना है। इसमें वेदों से लेकर उपनिषद काल तक विकसित सभी विचारों पर टिप्पणियां हैं। रचनाकार ने सूत्रों में बड़ी-बड़ी बातें की हैं। ब्रह्म सूत्र में पूरी बात के लिए भी अतिअल्प शब्द विन्यास हुआ है। पहला सूत्र है-अथातो ब्रह्म जिज्ञासा। अब ब्रह्म की जिज्ञासा है। दूसरे सूत्र में दो शब्द ही हैं, "जन्माद्यस्य यतः। अनुवाद है-यहां जिससे जन्म आदि होते हैं।" अनुवाद से अर्थ पूरा नहीं निकलता इसलिए अनुभूति की सहायता से कहते हैं-वही ब्रह्म है। अब अर्थ पूरा हुआ "जिससे जन्म आदि होते है वह ब्रह्म है। 'जन्म आदि' का अर्थ भी बड़ा है-जन्म, युवा, बुढ़ापा, मृत्यु, सृष्टि, स्थिति, विकास और प्रलय। तीसरा सूत्र मात्र एक शब्द का ही है, "शास्त्रयोनित्वात-शास्त्र में वही कारण है। पूरा अर्थ है वह ब्रह्म ही वेदों शास्त्रों में जगत का कारण कहा गया है। ब्रह्मसूत्रों में सृष्टि जगत का रहस्य है, उपनिषदों में वर्णित तमाम सूत्रों की व्याख्या है।

ब्रह्मसूत्र चार अध्यायों व 16 छोटे-छोटे खण्डों में विभाजित है। 16 खण्डों को पाद-चरण कहा गया है। सूत्रों में वेद उपनिषद में आए तमाम शब्दों, प्रत्ययों, विचारों का विवेचन है। उपनिषदों में प्राण शब्द आया है। यहां प्राण को ब्रह्म कहा गया है। (1.1.28-31) छान्दोग्य उपनिषद में सम्पूर्णता के लिए 'भूमा' शब्द आया है। यहां भूमा को ब्रह्म बताया गया है। (1.3.8-9) विवेकानन्द ने भी 'भूमा' को ब्रह्म कहा है "ब्रह्म नाना रूपों में परिवर्तित जैसा प्रति भासित होता है। इस प्रकार अद्वैतियों के लिए जीवात्मा का स्वतंत्र अस्तित्व नहीं है। उनके अनुसार माया ही जीवात्मा के अस्तित्व का कारण है। पारमार्थिक दृष्टि से उसका अपना कोई अस्तित्व नहीं है। इस प्रकार सत्ता यदि केवल एक है, तो यह कैसे संभव हो सकता है कि मैं पृथक सत्ता हूं और तुम एक पृथक सत्ता हो? यथार्थ में हम लोग सभी एक हैं। हमारी द्वैत दृष्टि ही सभी अनिष्ट का कारण है। जभी मैं यह समझता हूं कि मैं संसार से पृथक हूं, तभी पहले भय उत्पन्न होता है और तब दुख का अनुभव होता है। जहां व्यक्ति दूसरे से सुनता है, दूसरे को देखता है, वह अल्प है। जहां व्यक्ति दूसरे को देखता नहीं, दूसरे को सुनता नहीं, वह भूमा है, वह ब्रह्म है। भूमा में परम सुख है, अल्प में नहीं?"

सत्य तत्व इन्द्रियों की क्षमता से परे है। सत्य तत्व की व्याख्या वैसे भी कठिन है। श्वेताश्वतर (3.20), कठोपनिषद (2.20) और तैत्तिरीय आरण्यक में एक साथ एक प्यारा सा मंत्र/श्लोक आया है "अणोरणीयान महतो महीयान-अणु से लघुतम अणु और महान से महत्तर (वह है)।" श्वेताश्वतर (6.19) में इसी बात को और विस्तार देते है "वह निरवयव है, निश्चल है, शांत, निर्दोष और निर्लिप्त है।" ब्रह्मसूत्र में 561 सूत्र हैं। सभी सूत्र ब्राह्मणों उपनिषदों का विश्लेषण है। ब्रह्म की स्थापना है। यहां सांख्य दर्शन के कारणवाद का खण्डन है। (अध्याय 2.2.1-10) इसी तरह कणाद के परमाणुवाद से उठे भौतिकवादी प्रश्नों का भी परम ब्रह्म में निरूपण है। (वही:11-17) बौद्ध और जैनमतों का भी जबर्दस्त खण्डन किया गया है (ब्रह्मसूत्रः गीता प्रेस पृष्ठ 148-177) आगे सारी बातें गीता प्रेस से प्रकाशित ब्रह्मसूत्र की पृष्ठ संख्या के उद्धरणों से लिखी गई हैं। मधु विद्या अमूल्य है। जैमिनि ने पूर्व मीमांसा में इसे देवताओं के योग्य नहीं बताया क्योंकि देवताओं को यह विद्या सहज प्राप्त है। वे ज्योतिर्मय लोकों में रहते हैं। (पृष्ठ 77 श्लोक 1.3.31-32) अगले श्लोक में लिखा है कि 'वादरायण को यह मतमान्य नहीं है।

वेद और उपनिषद 'आनंद' को बार-बार दुहराते है। ब्रह्मसूत्र भी 'आनन्दमयो अभ्यसात' (1.1.12) लिखता है। यहां आनंदमय शब्द में मयट प्रत्यय संसार बोधक है, मय का तात्पर्य 'व्याप्त' होता है, जैसे दुखमय, सुखमय आदि। ब्रह्मसूत्र आनन्दमय को भी ब्रह्मय बताते हैं। लेकिन तैत्तिरीय उपनिषद में आनंदमय का वर्णन करते हुए उसे सीधे 'रसो वै सः'-वह रस है" बताते हैं। ब्रह्मसूत्र में उपनिषदों का आनंद भी ब्रह्म है। तैत्तिरीय उपनिषद में आनंद का विवेचन है। आनंदमय ब्रह्ममयता है। (1.1.12-19) मुण्डकोपनिषद में एक मंत्र में कहते हैं "जो अदृश्य है, इन्द्रिय बोध से परे है, वर्णहीन, गोत्रहीन, आंख, कान, पैर से रहित है नित्य, व्यापक, परिपूर्ण और अविनाशी है। धीरपुरूष उसे देखते हैं, वह समस्त भूतों का कारण है। इसी संदर्भ को लेकर ब्रह्मसूत्र में बताया गया है कि वैदिक अनुभूति में जो अदृश्यता आदि गुणों वाला है। वह ब्रह्म है। (1.2.21) ब्रह्मसूत्र मूर्ति पूजा-प्रतीक पूजा की विधि बताता है। आगे कहते हैं 'आसीन सम्भवात'-बैठकर ही ऐसा संभव है। (4.1.7) फिर कहते हैं "ध्यानाच्च-ध्यान" (4.1.8) और 'अचलत्वं चापेक्ष्य-शरीर की अचलता की अपेक्षा।" (4.1.9) ब्रह्मसूत्रों पर तमाम भाष्य लिखे गए। शंकराचार्य का भाष्य अद्वैत सिद्धांत कहलाया। उन्होंने इसी आधार पर ब्रह्म को सत्य और जगत को मिथ्या बताया। सबसे दिलचस्प है विद्या का प्रकरण। तीसरे अध्याय के चौथे पाद के प्रथम सूत्र में कहते हैं, "पुरुषार्थ की सिद्धि इसी से (ज्ञान) होती है। शब्द (वेद) यही बताते हैं।" अगले सूत्र में कहते हैं कि पूर्व मीमांसा के द्रष्टा आचार्य जैमिनि यह बात नहीं मानते। उनका मत है कि "ज्ञान को पुरुषार्थ बताना अर्थवाद है। पुरुषार्थ का साधन तो कर्म है। श्रेष्ठजनों के आचरण से यही सिद्ध होता है। छान्दोग्य उपनिषद में भी कर्म को ही पुरुषार्थ का साधन कहा गया है। कर्म कर्तव्य है।" (वही 2-7) 6 सूत्रों में जैमिनी के तर्क बताकर फिर वादरायण का मत है "श्रुति में कर्म की अपेक्षा विद्या की महत्ता है।" बड़ी मजेदार लेकिन उचित धारणा है कि विद्या कर्म का भाग नहीं है। अध्ययन कर्म भाग है-अध्ययन मात्रवतः।" (वही 3.4.12) बताते हैं कि "विद्या से कर्मों का (कर्मफल) पूरा नाश हो जाता है।" (3.4.16) वैदिक दर्शन में 'अक्षर' शब्द बहुत आया है। वृहदारण्यक उपनिषद् (3.8.7) में 'अक्षर' की विवेचना है। गार्गी ने याज्ञवल्क्य से पूछा "जो द्युलोक से ऊपर है, पृथ्वी से भी नीचे है। इन दोनो के बीच में भी है। जिसे भूत भविष्य और वर्तमान कहते हैं वह काल किसमे ओत प्रोत है?" याज्ञवल्क्य ने कहा-आकाश में। गार्गी ने पूछा, "वह आकाश किसमें ओतप्रोत है?" याज्ञवल्क्य ने कहा "उसे ब्रह्मवेत्ता 'अक्षर' कहते हैं, यह न सूक्ष्म है, न लघु, न बड़ा, न लाल, न पीला।" ब्रह्मसूत्र (1.3.100) में अक्षर भी ब्रह्म है। सूत्र है "अक्षरम्बरांत धृते-अक्षर आकाश पर्यन्त सबको धारण करता है।" छान्दोग्य उपनिषद् में कहा गया "निश्चय ही सभी प्राणी आकाश से ही उत्पन्न होते हैं?" ब्रह्मसूत्र में आकाश भी ब्रह्म है। सृष्टि सृजन के संबंध में उपनिषदों में अनेक विचार हैं। छान्दोग्य उपनिषद् में तेज, जल और अन्न का क्रमिक विकास है। तैत्तिरीय उपनिषद में ब्रह्म से आकाश की उत्पत्ति है। फिर आकाश से वायु और वायु से तेज। लेकिन वृहदारण्यक उपनिषद में आकाश अमृत है। अमृत का जन्म नहीं होता, मरण भी नहीं होता। ब्रह्म सूत्र में सारी शंकाओं, मतों का विवेचन है। फिर ब्रह्म को ही जगत का कारण बताया गया है। दर्शन का सदुपयोग बौद्ध, जैन ने भी किया, लेकिन शंकराचार्य विरल हैं। उन्होंने राष्ट्र की सांस्कृतिक एकता को परिपुष्ट किया।

# सिविक सेंसः समाज की प्रगति की आधारशिला



तपन कुमार
सहायक मीडिया प्रभारी
एमजेपीआरयू, बरेली

भारत एक विविधतापूर्ण और सांस्कृतिक रूप से समृद्ध देश है, जहां सरकारें नागरिकों के लिए अनेक सुविधाएं प्रदान करती हैं। सड़कें, अस्पताल, स्कूल, पार्क, सार्वजनिक परिवहन और स्वच्छता व्यवस्था जैसी बुनियादी सुविधाएं जनता के करों के पैसे से ही संचालित होती हैं। किंतु, इन सुविधाओं के प्रति हमारी उदासीनता और सार्वजनिक संपत्ति के विनाश की प्रवृत्ति देश के विकास में बाधक बन रही है। यह एक गंभीर विडंबना है कि हम सरकार से बेहतर सुविधाओं की मांग तो करते हैं, परंतु स्वयं एक जिम्मेदार नागरिक की भूमिका निभाने में पीछे रह जाते हैं। इसका मूल कारण है-सिविक सेंस की भारी कमी। भारत में आंदोलनों, धरनों और जुलूसों के दौरान सार्वजनिक संपत्ति को नष्ट करना एक आम बात हो गई है। बसों और ट्रेनों को आग के हवाले कर देना, सड़कों पर बैरिकेड्स तोड़ना, ट्रैफिक सिग्नल और सीसीटीवी कैमरों को नुकसान पहुंचाना-ये सभी कार्य आम नागरिकों द्वारा ही किए जाते हैं। ये सुविधाएं हमारे अपने पैसे से बनती हैं, फिर भी हम उन्हें नष्ट करने में संकोच नहीं करते। ट्रेनों में बल्ब, पंखे, सीटें और यहां तक कि टॉयलेट फिटिंग्स भी चोरी हो जाती हैं। यात्रियों द्वारा ट्रेनों की दीवारों पर अश्लील लिखाई करना और शीशे तोड़ना आम बात है। यदि हम स्वयं ही अपनी संपत्ति को नष्ट करेंगे, तो सरकार चाहे कितनी भी सुविधाएं क्यों न बना दे, देश कभी विकसित नहीं हो पाएगा।

यातायात अनुशासनहीनता-भारत में सड़क दुर्घटनाएं विश्व में सबसे अधिक होती हैं। इसका एक बड़ा कारण यातायात नियमों की अनदेखी है। लोग हेलमेट नहीं पहनते, सीट बेल्ट का उपयोग नहीं करते, गलत दिशा में वाहन चलाते हैं और ज़बरदस्ती ओवरटेक करने की कोशिश करते हैं। जब कोई सड़क दुर्घटना होती है, तो लोग पीड़ित की मदद करने के बजाय मोबाइल से वीडियो बनाने लगते हैं। कई बार तो अस्पताल पहुंचाने में देरी के कारण जान चली जाती है। जाम में एम्बुलेंस के लिए रास्ता नहीं छोड़ा जाता, जिससे मरीज़ की जान जोखिम में पड़ जाती है। यदि हम थोड़ा सा भी सिविक सेंस दिखाएं, तो सैकड़ों जानें बचाई जा सकती हैं। साथ ही स्वच्छता और पर्यावरण के प्रति उदासीनता-स्वच्छ भारत अभियान के बावजूद, हमारे शहरों और गांवों में कूड़े का ढेर लगा रहता है। लोग सड़कों पर थूकते हैं, प्लास्टिक फेंकते हैं और नालियों को गंदगी से भर देते हैं। हम सभी जानते हैं कि प्लास्टिक पर्यावरण के लिए हानिकारक है, फिर भी हम इसे यहां-वहां फेंक देते हैं। सरकार लाखों पेड़ लगाती है, लेकिन लोग उनकी देखभाल नहीं करते। सफाई केवल सरकार की ज़िम्मेदारी नहीं है। यदि हम स्वयं कूड़ा कूड़ेदान में डालें और दूसरों को भी प्रेरित करें, तो देश स्वच्छ बन सकता है। विद्यालयों और कॉलेजों में सिविक सेंस को एक अनिवार्य विषय के रूप में पढ़ाया जाना चाहिए। छात्रों को सार्वजनिक संपत्ति का महत्व, यातायात नियम, पर्यावरण संरक्षण और सामाजिक जिम्मेदारी के बारे में प्रशिक्षित किया जाना चाहिए। साथ ही सरकार और एनजीओ को मिलकर "सिविक सेंस मिशन" चलाना चाहिए। टीवी, सोशल मीडिया और होर्डिंग्स के माध्यम से लोगों को जागरूक किया जा सकता है।

सिविक सेंस किसी भी विकसित राष्ट्र की नींव होती है। जापान, सिंगापुर और स्विट्ज़रलैंड जैसे देशों की प्रगति का रहस्य उनके नागरिकों का अनुशासन और सार्वजनिक जीवन के प्रति सम्मान है। यदि हम भी एक विकसित भारत का सपना देखते हैं, तो हमें अपने सिविक सेंस को सुधारना होगा।

# जब स्कूल बंद होते हैं, तो भविष्य चीखता है



नृपेन्द्र अभिषेक नृप
नई दिल्ली

> यह दुर्भाग्य नहीं, बल्कि सुनियोजित उपेक्षा है। यह वही शासन है जो चुनावी रैलियों में हज़ारों करोड़ बहा देता है, मगर शिक्षा के नाम पर तिजोरी के ताले कस लेता है।

शिक्षा किसी भी समाज की रीढ़ होती है और विद्यालय उस भविष्य की प्रयोगशाला जहां सपनों को आकार मिलता है। ऐसे में उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा पांच हज़ार सरकारी स्कूलों को बंद करने का निर्णय केवल प्रशासनिक निर्णय नहीं, बल्कि एक गहरी सामाजिक उपेक्षा का प्रतीक है। जब एक सरकार अपने राज्य के पांच हज़ार सरकारी विद्यालयों पर ताला डालने का निर्णय करती है, तो यह केवल ईंट-गारे की इमारतों का अंत नहीं होता, यह भविष्य की संभावनाओं, बच्चों के सपनों, और समाज के उजासपूर्ण कल की विधिवत शवयात्रा होती है। उत्तर प्रदेश सरकार का यह फैसला, जिसकी वजहें बड़ी नपे-तुले शब्दों में दी गई हैं-स्कूलों की जर्जर स्थिति, शिक्षा का गिरता स्तर, शिक्षकों की अनुपलब्धता, शहरीकरण, और निजी अंग्रेज़ी स्कूलों की ओर झुकता समाज, दरअसल हमारी सामाजिक चुप्पी और लोकतांत्रिक बेहोशी का नतीजा है।

आश्चर्य की बात यह नहीं कि स्कूल बंद किए जा रहे हैं, असली हैरत इस पर होनी चाहिए कि हम सब इतने निःशब्द क्यों हैं। यह निर्णय बताता है कि सरकार को अब यह कहने में भी संकोच नहीं कि हमें आपके बच्चों की शिक्षा से कोई लेना-देना नहीं है। हमने आपकी मूलभूत ज़रूरतों को दरकिनार करना सीख लिया है, और आपको इसकी आदत भी डलवा दी है। क्या कोई भी सरकार इन समस्याओं का समाधान नहीं कर सकती थी? जर्जर स्कूलों को मरम्मत करना, शिक्षकों की बहाली करना, संसाधनों का पुनर्वितरण करना और शिक्षा में गुणवत्ता का संचार करना, ये सब शासन की प्राथमिक जिम्मेदारी होती है। परन्तु जब सत्ता यह सब करना ही न चाहे, तो बहाने बनाना और दोष दूसरों के सिर मढ़ना सहज हो जाता है।

यह दुर्भाग्य नहीं, बल्कि सुनियोजित उपेक्षा है। यह वही शासन है जो चुनावी रैलियों में हज़ारों करोड़ बहा देता है, मगर शिक्षा के नाम पर तिजोरी के ताले कस लेता है। उसका विश्वास उस मतदाता पर है, जो अस्पताल की बदहाली, स्कूल की वीरानी और रोजगार की क्षीणता के बावजूद वोट धर्म, जाति और भावनात्मक नारों के आधार पर देता है। शिक्षा से वंचित समाज सवाल नहीं करता। वह आंखें मूंदकर विश्वास करता है, जयकारे लगाता है और शत्रु गढ़कर अपना गुस्सा निकाल लेता है। सत्ता यही चाहती है, एक ऐसा समाज जो सोचता नहीं, केवल मानता है। धर्म, जो मनुष्य के भीतर नैतिकता और विवेक का संचार करता है, अब एक ऐसा उपकरण बन चुका है जिसे सत्ता जब चाहे घुमा देती है। धर्म की आड़ में शिक्षा की हत्या अब कोई नई बात नहीं रही। किसी को यह नहीं खटकता कि जिन बच्चों के हाथ में किताबें होनी चाहिए, वे धार्मिक रैलियों में झंडे थामे खड़े हैं। उनके माता-पिता इस भ्रम में हैं कि "धर्म की रक्षा" हो रही है, जबकि दरअसल उनके बच्चों के भविष्य की चिता जलाई जा रही है। एक शिक्षित समाज वह होता है जो प्रश्न करता है, तर्क करता है, आलोचना करता है और विकल्प तलाशता है। यह हर सत्ता के लिए चुनौती है। इसलिए शिक्षा में कटौती, स्कूलों का बंद होना, पाठ्यक्रम से विचारशील साहित्य और इतिहास का गायब हो जाना, ये सभी एक बड़े सोशल इंजीनियरिंग का हिस्सा हैं।

सरकारों को सवाल पूछने वाले नागरिक नहीं चाहिए। उन्हें जय-जयकार करने वाले, तथ्यों से दूर और भावनाओं के झूले में झूलते लोग चाहिए। इसलिए जब पांच हज़ार स्कूल बंद होते हैं, तो यह केवल ईंट-पत्थर का नुकसान नहीं, यह उस लोकतंत्र की चेतना का ह्रास है जहां सरकारें जवाबदेह होती थीं। हमारे चुप रहने का अर्थ केवल सहमति नहीं होता, यह एक तरह की सहभागिता है। जब हम इन घटनाओं पर उदासीन रहते हैं, तो हम उस अपराध में साझीदार बनते हैं जो हमारे बच्चों से उनका हक़ छीनता है। यह समझना जरूरी है कि लोकतंत्र केवल सरकार बनाने का माध्यम नहीं, सरकार को जवाबदेह बनाने का भी माध्यम है। अगर हम शिक्षा जैसे मुद्दों को चुनावी एजेंडे से बाहर कर देंगे, तो सरकारें भी उन्हें अपनी प्राथमिकता सूची से बाहर कर देंगी और फिर एक दिन ऐसा आएगा जब सरकारी स्कूल नहीं होंगे और शिक्षा केवल एक 'बिकाऊ उत्पाद' बनकर रह जाएगी, जिसकी कीमत केवल अमीर चुका सकेंगे। अब समय आ गया है कि हम धर्म, जाति, और भावनाओं के नारों से ऊपर उठें और उन प्रश्नों को सामने लाएं जो सचमुच हमारे जीवन को प्रभावित करते हैं-शिक्षा, स्वास्थ्य, रोज़गार और गरिमा। वरना यह सिलसिला थमेगा नहीं। आज पांच हज़ार स्कूल बंद हुए हैं, कल शायद पांच लाख बच्चे शिक्षा से बाहर कर दिए जाएंगे। सवाल यह नहीं कि सरकार स्कूल क्यों बंद कर रही है, सवाल यह है कि हम अब भी चुप क्यों हैं? "क्योंकि जिन बच्चों को किताबें नहीं मिलतीं, वो कभी संविधान नहीं पढ़ते और जो संविधान नहीं पढ़ते, वो कभी सवाल नहीं करते।" यदि हम अब भी नहीं चेते, तो आने वाला कल हमें नहीं, हमारे बच्चों को अभिशाप देगा।

गांव, कस्बे और शहरों की गलियों में अगर स्कूलों के बंद दरवाज़े मौन खड़े हैं, तो यह मौन हमारी सामाजिक असफलता का प्रतीक है। ये दरवाज़े सिर्फ स्कूल के नहीं, अवसरों के, चेतना के और समभाव की संस्कृति के हैं। क्या हमने अपने बच्चों के भविष्य का सौदा इतनी आसानी से कर दिया है? क्या विकास केवल सड़कों और चमकते शहरों का नाम है? जब तक शिक्षा हर गली, हर टोले और हर बच्चे तक नहीं पहुंचेगी, तब तक कोई राष्ट्र उन्नत नहीं कहला सकता। शिक्षा को लेकर हमारी सामूहिक उदासीनता ही आज के संकट की जड़ है। हमें यह स्वीकार करना होगा कि अगर हम आज नहीं बोले, तो आने वाली पीढ़ियां न केवल शिक्षाविहीन होंगी, बल्कि असहाय भी होंगी। यह केवल एक नीति की असफलता नहीं, यह नागरिक चेतना की पराजय है।

# दान का महत्व



सलिल पांडेय
वरिष्ठ लेखक

हर धर्मों में दान का बहुत महत्व बताया गया है। जिसके चलते दान की परंपरा चली आ रही है, लेकिन दान किस तरह और किन लोगों को करना चाहिए, इस पर ध्यान कम दिया जाता है। धर्मस्थलों के बाहर चादर बिछाकर या कटोरा लेकर बैठे लोगों को कुछ रुपए पैसे देकर दान का कर्तव्य मान लिया जाता है। जबकि दान की यह सही तरीका नहीं है।

सर्व प्रथम दान देने के लिए सुयोग्य पात्र की तलाश करनी चाहिए। ऐसा व्यक्ति जो जीवन में कुछ करना चाहता है और धन के अभाव में नहीं कर पा रहा है। ऐसे व्यक्ति को दान और मदद से वह खुद तो स्वावलंबी बनेगा, साथ में वह दूसरों को भी स्वावलंबी बनाएगा, जबकि धर्मस्थलों के बाहर बैठे भिखारी आजीवन भीख ही मांगते है। उनकी आदतें भीख मांगने की जो हो जाती है, वह जल्दी छूटती नहीं। इस संबंध में एक बोध कथा है कि कोई युवा भिखारी सड़क किनारे बैठकर भीख मांगा करता था। आते जाते लोग कुछ रुपए उसे दे देते थे। लेकिन किसी महात्मा से उसने भीख मांगी तो महात्मा जी पूछ बैठे, 'यहां बैठकर तुम भीख मांगते हो कि कहीं आते-जाते भी हो।' भिखारी बोला, 'कहीं जाता नहीं, यहीं बैठकर भीख मांगकर काम चलाता हैं।' 'महात्मा ने कहा, 'जब कहीं जाते नहीं तो तुम्हरा पैर बेकार का है। 10 हजार ले लो और बदले में पैर दे दो। इस पर भिखारी बोला, 'लेकिन पैर दे दूंगा तो नित्य क्रिया के लिए कैसे जाऊंगा'। महात्मा जी ने कहा, 'चलो, 20 हजार में एक हाथ दे दो।' भिखारी हाथ देने के लिए भी तैयार नहीं हुआ। महात्मा जी एक लाख में दोनों आखें जब मांगी तो तैश में आ गया भिखारी बोला, 'करोड़ रुपए देंगे तो एक शरीर का एक रोम (रोआ) दूंगा नहीं। चलिए आगे बढिए।' भिखारी के इस कथन पर महात्मा बोले, 'जिसके पास करोड़ों की संपत्ति है, वह भीख मांगे, यह भी उचित नहीं। महात्मा जी की वाणी उसके मन में लग गई और बोल पड़ा, 'अब भीख नहीं मांगूगा। उस दिन से भीख मांगना छोड़, वह अपने काम में लग गया।

दान के बारे मनीषियों ने तो यहां तक कहा कि दाहिना हाथ दान करे तो बाएं हाथ तक को खबर न लगे कि दाहिने हाथ ने दान किया है। दान का स्तर भी तय किया गया है। प्रथम उत्तम दान उसे कहा गया है कि जहां किसी काम के लिए धन की जरूरत हो तो दान दाता खुद दान के लिए आगे बढ़कर दान का प्रस्ताव करें। द्वितीय स्तर का दान वह है, जो दानदाता से मांगना पड़े। जबकि मांगने पर नाक-भौ सिकोड़ कर कोई दान करता है तो वह अधम किस्म का दान होता है। दान देने के बाद उसका प्रचार-प्रसार अहंकार का सूचक है। उत्तम किस्म का दान उसे ही माना जाता है नो सद कार्यों में लगा दिया जाए और उसका प्रचार प्रसार न किया जाए। प्रचार प्रसार का आशय तो यही निकलता है कि समाज में खूब वाहवाही हो।

# अंतरिक्ष में व्यापार, होटल और मुसाफिर



अनिल यादव
वरिष्ठ पत्रकार

> पिछली सदी में अंतरिक्ष के अन्वेषण के लिए इतने विशाल संसाधनों और पूंजी की जरूरत पड़ती थी कि महाशक्ति कहलाने वाले विकसित देशों के अलावा किसी और का इस क्षेत्र में दखल नहीं हो सकता था।

भारतीय वायुसेना के कैप्टन और लखनऊ निवासी अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला के इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन पर जाने को मीडिया द्वारा देश के गौरव और उपलब्धि के रूप में प्रचारित किया जा रहा है। जैसा कि ऐसे अवसरों पर होता आया है। बेशक यह एक महत्वपूर्ण लेकिन रोमांचक अवसर है क्योंकि शुभांशु शुक्ला 14 जुलाई को संभावित वापसी से पहले वहां जो प्रयोग करेंगे, जानकारियां और अनुभव जुटाएंगे उनका उपयोग देश के गगनयान मिशन-2027 के लिए किया जाएगा।

भारत के गौरव को महसूस करते वक्त इस तथ्य को ध्यान में रखा जाना चाहिए कि 41 साल पहले स्क्वाड्रन लीडर राकेश शर्मा को भारत-रूस मैत्री के कारण अंतरिक्ष में भेजा गया था लेकिन इस बार भारत सरकार को एक निजी अमेरिकी स्पेस कंपनी, एक्जियम को 448 करोड़ रूपए या 65 मिलियन डॉलर देने पड़े हैं। इस रकम में कैप्टन शुक्ला की ट्रेनिंग, लांच, यात्रा, आवास और इंटरनेशल स्पेस स्टेशन (आइएसएस) पर शोध का खर्चा शामिल है।इस मिशन में भारत के साथ पोलैंड और हंगरी के भी दो यात्री हैं। इन देशों ने भी पहले सोवियत संघ की ही मदद से अंतरिक्षगामी होने की उपलब्धि पाई थी। यह परिवर्तन बताता है कि अंतरिक्ष का व्यासायीकरण हो चुका है और वहां की सपनीली यात्रा के मायने पूरी तरह बदल चुके हैं। लोगों को ट्रेनिंग देकर स्पेस में ले जाना, उन्हें होटल जैसे आइएसएस में किराए के एक कमरे में रखना और सुरक्षित वापस लाना अमेरिकी कंपनी एक्जियम का बिजनेस है। यह एक्जियम का चौथा मिशन है जिसकी तीन सीटों के लिए किराया लिया गया है। चौथी सीट पर इस मिशन में कमांडर की भूमिका निभा रही पेगी व्हिटसन गई हैं जो अनुभवी अंतरिक्ष यात्री और कंपनी की एक कर्मचारी हैं। हर साल ऐसे दो मिशन एक्जियम की तरफ से भेजे जाने लगे हैं जिनमें किसी देश की कोई भूमिका नहीं होती है। जब अंतरिक्ष अन्वेषण के अनुंसंधानों की शुरूआत हुई थी तो इस क्षेत्र में दो राजनीतिक-सामरिक महाशक्तियों रूस और अमेरिका दबदबा था अब चीन का अलग स्पेस स्टेशन है। शीतयुद्ध के दौरान 1969 में अपोलो के चांद पर उतरने को राष्ट्रीय गौरव, श्रेष्ठता और प्रतिद्वंदी को पछाड़ने के भाव से प्रचारित किया गया था लेकिन बीते कुछ दशकों में परिदृश्य पूरी तरह बदल चुका है। अब निजी स्पेस कंपनियों की भागीदारी बढ़ती जा रही है जो जल्दी ही अंतरिक्ष पर वर्चस्व में बदलने की राह पर है। इन दिनों किसी राष्ट्र की नहीं तीन बड़े पूंजी निवेशकों की चर्चा है। पहले नंबर पर हैं एलोन मस्क जिनकी कंपनी स्पेस-एक्स का दावा मनुष्य को एक साथ कई ग्रहों पर बसने वाली प्रजाति बनाने का है। दूसरे हैं, ब्लू ओरिजिन्स के जेफ बेजोस जिनका दावा प्रदूषण फैलाने वाले भारी उद्योगों को पृथ्वी से उखाड़ कर अंतरिक्ष में पहुंचा देने का है। तीसरे निवेशक हैं विरजिन गैलेक्टिक के रिचर्ड ब्रैन्सन जिनका लक्ष्य अधिक से अधिक गैरपेशेवर एस्टोनॉट्स (जो किराया देने में सक्षम हों) को अंतरिक्ष में ले जाने का है। ऐसा क्यों और कैसे हुआ? इसे समझने की कोशिश करते हुए भारत के उन साधारण लोगों के चेहरे स्मृति में रखने की जरूरत है जिन्हें कुछ साल पहले हवा और पानी के व्यापार की बातों पर आश्चर्य और अविश्वास हुआ करता था। अब एक नई और कहीं अधिक हैरतअंगेज व्यापारिक दुनिया के दरवाजे उस अंतरिक्ष में खुलने जा रहे हैं। पिछली सदी में अंतरिक्ष के अन्वेषण के लिए इतने विशाल संसाधनों और पूंजी की जरूरत पड़ती थी कि महाशक्ति कहलाने वाले विकसित देशों के अलावा किसी और का इस क्षेत्र में दखल नहीं हो सकता था। इस बीच टेक्नोलॉजी का तेज विकास हुआ जिससे उपग्रहों के प्रक्षेपण की कीमत काफी कम हो गई। अब सस्ते और छोटे उपग्रह बनने लगे हैं जिन्हें मिनिएचर या क्यूब सैटेलाइट कहा जाता है जिनके दम पर कुछ विश्वविद्यालय भी अपने स्पेस मिशन लांच करने लगे हैं। कुछ दशक पहले यह कल्पना से परे की बात थी। इस दिशा में रियूजेबल रॉकेट टेक्नालॉजी (आरआरटी) सबसे प्रभावी खोज साबित हुई जिसमें स्पेस-एक्स अग्रणी है।

सैटेलाइट इंडस्ट्री एसोसिएशन की रिपोर्ट बताती है कि 2023 में व्यावसायिक उपग्रह उद्योग ने संचार, प्रेक्षण और अनुसंधान सेवाएं देकर 285 बिलियन डॉलर की कमाई की। अमेरिकी संसद ने 1984 में कामर्शियल स्पेस लांच एक्ट पास कर दिया था जिसके तहत सरकार निजी अभियानों की निगरानी कर सकती है लेकिन नियंत्रण प्राइवेट कंपनियों का होता है। अब इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन (आईएसएस) का निजीकरण किया जा चुका है। नासा खुद स्पेस-एक्स की साझेदारी में कार्मशियल क्रू प्रोग्राम संचालित कर रहा है जिसके तहत अंतरिक्ष यात्रियों को स्पेस स्टेशन तक ढोया और वापस लाया जाता है। 2008 की ग्लोबल मंदी में आइएसएस का खर्चीला रखरखाव अमेरिका के लिए समस्या बन गया था, इसे 2030 तक खत्म कर देने का प्रस्ताव लाया गया था लेकिन अब किराए पर दिए जाने वाले ऐसे पांच निजी स्टेशन बनाने की योजना पर काम चल रहा है। जल्दी ही अंतरिक्ष में भी वैसी ही व्यापारिक स्पर्धा और यात्रा के बाजार पर कब्जा करने की तिकड़में देखने को मिलेगी जो धरती के शेयर बाजारों में अक्सर नजर आती हैं।

# भावनाओं का सूचकांक



राजीव सिंह
कानपुर

शेयर बाजार केवल धन का खेल नहीं यह भावना, आत्मस्वीकृति और पछतावे का भी मंच है। शेयर बाजार में भागीदारी महज़ संख्याओं, लाभ और हानि की गणना नहीं होती यह आत्मा की गहराइयों तक जाती एक यात्रा होती है। जहां निवेशक केवल धन नहीं, बल्कि भरोसा, समय और भावनाएं भी निवेश करता है।

इस यात्रा में हर निवेशक को कभी न कभी एक भाव जरूर छूता है। अफसोस, काश पहले आया होता हर नए निवेशक को शुरुआत में यही लगता है कि अगर वह कुछ साल पहले बाजार में आया होता तो अब तक काफी मुनाफा कमा चुका होता। सेंसेक्स और निफ्टी की पुरानी चालों को देखकर ऐसा लगता है जैसे बीते हर मौके पर वह चूक गया। यह अफसोस व्यक्ति को शुरुआत से ही पिछड़ेपन के भाव में डाल देता है। काश ज्यादा खरीदा होता -जब निवेश के तुरंत बाद शेयर का भाव ऊपर जाता है, तो सबसे पहला पछतावा यह होता है कि हमने थोड़े ही क्यों खरीदे? क्या होता अगर हम और खरीद लेते? यह लोभ का एक प्रारंभिक रूप है, जो निवेश के रोमांच में व्यक्ति को और जोखिम लेने को उकसाता है। काश नहीं खरीदा होता शेयर खरीदने के तुरंत बाद उसका मूल्य गिरना शुरू हो जाए तो निवेशक सोचता है-'ये मैंने क्यों खरीदा?' ऐसा लगता है जैसे खुद से या अपने निर्णय लेने की प्रक्रिया से विश्वास उठ गया हो। काश और नीचे खरीदा होता अगर किसी शेयर का मूल्य और नीचे गिरता है, तो व्यक्ति पछताता है कि जल्दबाज़ी में खरीद लिया। धैर्य रखता तो और सस्ते में मिल जाता। यह अफसोस व्यक्ति को अपनी समय-प्रबंधन क्षमता पर सवाल उठाने को मजबूर करता है।

कभी-कभी दो शेयरों में से एक को चुनते हैं और दूसरा उड़ान भर जाता है। निवेशक बार-बार सोचता है, 'दूसरा चुनता तो कितना फायदा होता!' यह तुलना की भावना मानसिक अशांति का कारण बनती है। साथ ही अगर कोई शेयर बेचने के बाद उछाल मारता है, तो यही लगता है कि जल्दबाज़ी कर दी। जब शेयर बिकने के बाद गिरता है और हम केवल थोड़ी होल्डिंग निकाल पाते हैं, तो सोचते हैं-'पूरा क्यों नहीं बेच दिया?' यह अवसर गंवाने की पीड़ा में बदलता है।

साथ ही दूसरों की सलाह पर खरीदे गए शेयर अगर नुकसान में जाते हैं, तो व्यक्ति को लगता है-'मैंने क्यों सुना?' यह अफसोस निवेशक को आत्मनिर्भरता और स्वतंत्र निर्णय लेने की ओर धकेलता है। कई बार भावनाओं में आकर फैसले लिए जाते हैं-डर, लालच, या उत्साह में। बाद में पछतावा होता है कि थोड़ा सोच-समझ कर निर्णय लेते तो अच्छा होता। तकनीकी ज्ञान की कमी और बुनियादी विश्लेषण न करने का अफसोस व्यक्ति को सीखने की प्रेरणा तो देता है, लेकिन यह देर से आता है। समग्र बाजार की प्रकृति-इसके उतार-चढ़ाव, इसके चक्र, इसके संकेत-को न समझ पाने का पछतावा व्यक्ति को बार-बार भविष्य की रणनीति पर सोचने को मजबूर करता है। हर निवेश के साथ जुड़ा एक भाव होता है। चाहे वह लाभ हो या हानि-निवेशक की स्मृति में वह एक चिह्न छोड़ता है। यही चिह्न जब समझ, सुधार और संकल्प में बदलता है, तब अफसोस ज्ञान बन जाता है। 'भावनाओं का सूचकांक' यही सिखाता है कि बाजार केवल आंकड़ों का संग्रह नहीं, यह आत्ममंथन का अवसर भी है। हर अफसोस हमें सजग बनाता है। और हर सजग निवेशक एक बेहतर नागरिक बनाता है जो जिम्मेदार, धैर्यवान और दीर्घकालिक सोच रखता है।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक हरि ओम गुप्ता द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं मकान नं.197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड, हल्द्वानी, जिला नैनीताल, उत्तराखंड-263139 से प्रकाशित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक - अमित शर्मा*** 05946292618 (कार्यालय), ईमेल-amritvicharhld@gmail.com, आर.एन.आई नं0-UTTHIN/2021/79698, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र नैनीताल होगा)।

# बाजपुर में ट्रैक्टर-ट्रॉली से टकराई कार, तीन घायलों की हालत गंभीर

## आंखों पर ट्रक की तेज लाइट पड़ने से नहीं दिखी ट्रैक्टर-ट्रॉली, दिल्ली से रामनगर जा रहे थे चारों

- निजी चिकित्सालय में चल रहा है घायलों का उपचार
- बन्नाखेड़ा-बेलपड़ाव मार्ग पर हुआ हादसा

संवाददाता, बाजपुर

**अमृत विचार :** तेज रफ्तार कार सड़क किनारे खड़ी ट्रैक्टर-ट्रॉली में पीछे से जा टकराई। घटना में चार लोग घायल हो गए, जिन्हें निजी चिकित्सालय में भर्ती कराया गया है। घायलों में से तीन की हालत गंभीर बताई जा रही है। घायल दिल्ली से रामनगर नैनीताल एक रिजार्ट में किसी कार्यक्रम में शामिल होने जा रहे थे।

घटना शुक्रवा मध्य रात्रि करीब डेढ़ बजे बन्नाखेड़ा-बेलपड़ाव मार्ग पर स्थित एक पेट्रोल पंप के निकट हुई है। बताया जाता है कि सामने से आ रहे ट्रक की तेज लाइट पड़ी तो चालक सड़क किनारे खड़ी ट्रैक्टर-ट्रॉली को देख नहीं पाया और कार पीछे से ट्राली में जा टकराई।

हादसे में कार में सवार चालक गाजीपुर दिल्ली निवासी 47 वर्षीय सतवीर सिंह पुत्र चमन सिंह, प्रयागराज उप्र निवासी 32 वर्षीय सत्यम पुत्र सीताराम, जालंधर पंजाब निवासी 40 वर्षीय सोनिया पत्नी कुलदीपक, मुंबई निवासी 40 वर्षीय रेनू गुप्ता पुत्री किशन पाल घायल हो गए, जिन्हें दो अन्य वाहनों में सवार साथियों ने नगर के एक निजी चिकित्सालय में भर्ती कराया। घायलों में से तीन की हालत गंभीर है जिसमें रेनू गुप्ता व सत्यम को हायर सेंटर रेफर कर दिया गया है।

### कार की चपेट में आई बाइक, दंपती घायल

**बाजपुर :** गर्भवती पत्नी को उपचार के लिए ले जा रहे युवक की बाइक कार की चपेट में आ गई। जिसमें पति-पत्नी घायल हो गए। घायलों को सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जानकारी के अनुसार ग्राम दूंदावाला मिलक मुंशीगंज स्वार रामपुर उप्र निवासी अखलाक (32) पुत्र अल्ताफ हुसैन शनिवार को अपनी गर्भवती पत्नी रहीमीन (25) को बाइक से बाजपुर में एक निजी चिकित्सालय दवाई लेने आया था। इसी बीच सुबह करीब 11.20 बजे रामराज रोड पर सरकारी अस्पताल के निकट कार चालक ने बाइक को चपेट में ले लिया जिसमें दोनों सड़क पर गिरकर घायल हो गए। मौके पर पहुंचे आसपास के दुकानदारों व राहगीरों की मदद से घायलों को सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां से चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार देकर उन्हें हायर सेंटर रेफर कर दिया है।


बाजपुर में सरकारी अस्पताल में भर्ती घायल अखलाक।


घायल रहीमीन।

## गन्ना किसानों को उन्नत बीज कराएंगे उपलब्धः ढिल्लो

**खटीमा :** मझोला-खटीमा सहकारी गन्ना विकास समिति के नवनिर्वाचित अध्यक्ष बलविंदर सिंह ढिल्लो ने कहा कि वह अपने मौजूदा कार्यकाल में गन्ना किसानों को उचित सुविधाएं दिलायेंगे। उनका प्रयास रहेगा कि समिति के आय के संसाधनों को बढ़ाकर गन्ना विकास समिति की संपत्ति संरक्षित हो।


बलविंदर ढिल्लो।

मझोला-खटीमा सहकारी गन्ना विकास समिति के कार्यालय परिसर की साफ सफाई करते हुए समिति अध्यक्ष ढिल्लो ने कहा कि कैंपस का जीणोद्धार मौजूदा समय के लिए जरूरी है। उन्होंने कहा कि समिति के वेश कीमती कैंपस पर उचित निर्माण कराया जाएगा। उन्होंने गन्ना उत्पादकों को समय पर खाद एवं उन्नत किस्म का बीच उपलब्ध कराया जाएगा। समिति की संपत्ति के साथ ही दि किसान को ओऑपरेटिव शुगर फैक्ट्री मझोला का भी गन्ना किसानों के हित में संज्ञान लिया जाएगा।

# सड़क पर कूड़ा डाल रहे लोगों को महापौर ने लगाई फटकार

- कूड़ा दोबारा ड्रम में भरवाकर वापस भेजा
- सफाई व्यवस्था में सहयोग की अपील की

संवाददाता, काशीपुर

**अमृत विचार :** महापौर के सामने से ही कूड़ा फेंक रहे लोगों को महापौर ने पकड़ लिया। महापौर ने उन्हें फटकार लगाते हुए कार्रवाई करने का भय दिखाया। महापौर ने सड़क पर कूड़ा फेंकने वालों से दोबारा कूड़ा ड्रम में भरवाकर वापस भिजवाया।

नगर को साफ स्वच्छ और सुंदर बनाने के लिए महापौर दीपक बाली ने युद्ध स्तर पर मुहिम छेड़ रखी है और वह देर रात तक शहर का भ्रमण कर सफाई व्यवस्था का जायजा ले रहे हैं।

शुक्रवार की रात भी वह भ्रमण पर थे तो उन्होंने जीजीआईसी के सामने कुछ लोगों को सड़क पर कंटेनर में भरा कूड़ा डालते हुए देखा। वह गाड़ी से उतरे और उन्होंने कूड़ा डालने वाले लोगों को फटकार लगाई।


काशीपुर में कूड़ा डालने वाले लोगों को फटकार लगाते महापौर दीपक बाली।

कूड़ा डालने वाले लोग अचानक अपने सामने महापौर को देखकर सन्न रह गए। यह लोग एक ई रिक्शा में कूड़े का ड्रम भरकर लाए थे। महापौर ने जब उनसे कहा कि नगर निगम लगातार सफाई व्यवस्था में लगा है तो फिर आप लोग इस तरह कूडा क्यों डाल रहे हो। कूड़ा फेंकने वाले लोगों ने महापौर से माफी मांगी।

जिस पर महापौर ने निवेदन किया कि शहर की सफाई व्यवस्था में सहयोग देने पर ही शहर साफ और सुंदर बन सकेगा और यदि कोई सहयोग नहीं देगा तो फिर उस पर जुर्माने की कार्रवाई भी की जाएगी। महापौर के कहने पर यह लोग कूड़े को अपने कंटेनर में भरकर वापस ले गए।


व्यापारी को एसी सौंपते व्यापार मंडल अध्यक्ष। ● अमृत विचार

### व्यवसायी विकास ने पेश की ईमानदारी की मिसाल

**रुद्रपुर, अमृत विचार :** आदर्श कॉलोनी क्षेत्र में शनिवार की सुबह ऑनलाइन डिलीवरी करने वाले वाहन से एक एसी गिर गया। इसे कुकरेजा गिफ्ट शॉप के स्वामी विकास कुकरेजा ने देखा और अपनी दुकान पर रख लिया। इसके बाद व्यापार मंडल के अध्यक्ष को जानकारी देकर ईमानदारी की मिसाल पेश की। व्यापार मंडल अध्यक्ष संजय जुनेजा ने बताया कि एसी की जानकारी मिलने के बाद उन्होंने सोशल मीडिया पर इसकी जानकारी डाली। इसके बाद मुख्य बाजार के सर्राफा व्यापारी मनोज गाबा ने व्यापार मंडल अध्यक्ष को फोन पर संपर्क किया और बताया कि यह ऐसी उनका है। जिस पर जुनेजा ने उन्हें आदर्श कॉलोनी स्थित विकास कुकरेजा की दुकान पर बुलाकर विकास कुकरेजा के हाथों एसी दे दिया। व्यापार मंडल अध्यक्ष जुनेजा ने कहा कि विकास कुकरेजा ने ईमानदारी की मिसाल पेश की है जिसकी जितनी भी सराहना की है उतनी कम है। साथ ही वहां उपस्थित लोगों ने भी सराहना की।

## 15 हजार रुपये हड़पने का आरोप

**बाजपुर :** ग्राम केशोवाला निवासी सर्वजीत सिंह पुत्र अमरजीत सिंह ने पुलिस को बताया कि वह बाजपुर में एक बैंक के पीछे सीएससी सेंटर का संचालन करता है। पांच जुलाई को दोपहर बाद करीब डेढ़ बजे एक ग्राहक आया और 15 हजार रुपये कैश लेकर ऑनलाइन पेमेंट करने की बात कहने लगा। इस पर उसने दुकान का क्यूआर कोड ग्राहक को दे दिया और ग्राहक 15 हजार 150 रुपये डालने का मैसेज स्लिप दिखाकर उसे 15 हजार रुपये दे दिए। आरोप है कि जैसे ही वह अपने खाते को खोलकर ट्रांजेक्शन चेक करने लगा तो ग्राहक पैसे लेकर वहां से भाग गया। जब खाते में पैसे नहीं आए तो आरोपी को फोन किया गया, लेकिन वह खाते से पैसे कटने की बात कहने लगा। अगले दिन फिर फोन किया तो उसने आज-कल करके टाल दिया है। खबर लिखे जाने तक मुकदमा दर्ज नहीं हुआ था।

# खेत में पानी जाने पर दो पक्षों में विवाद, एक गंभीर घायल

संवाददाता, बाजपुर

**अमृत विचार :** धान रोपाई के दौरान पड़ोसी किसान के खेत में पानी चले जाने को लेकर दो पक्षों में विवाद हो गया। बात बढ़ी तो देखते ही देखते मारपीट होने लगी। घटना में एक युवक के चोटें आई हैं जिसे सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां से चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार देकर उसे गंभीरावस्था में हायर सेंटर रेफर कर दिया है। घायल की हालत काफी नाजुक बताई जा रही है।

जानकारी के अनुसार ग्राम गुमसानी सीमा कालोनी निवासी 26 वर्षीय सूरज पुत्र शिवमूरत मंडी समिति कोटाबाग में संविदा कर्मी है और इन दिनों घर आया हुआ है। शनिवार को वह ग्राम विचपुरी स्थित अपने खेत में श्रमिकों से धान रोपाई करवा रहा था। बताया जाता है कि इसी बीच सुबह करीब 11 बजे पड़ोसी किसान के खेत में पानी चला गया। इसको लेकर दोनों के बीच कहासुनी हो गई। आरोप है कि इस पर आरोपी व्यक्ति ने फोन करके अपने अन्य साथियों को बुला लिया। इन लोगों ने आते ही गाली-गलौज करते हुए धारदार हथियार से सूरज पर जानलेवा हमला कर दिया। जिससे वह लहूलुहान होकर जमीन पर गिर पड़ा। इतना ही नहीं बीच-बचाव करने पर सूरज के भाई लाखन के साथ भी मारपीट की गई है। वहीं श्रमिकों ने किसी तरह दोनों भाइयों को हमलावरों से बचाया। हादसे के बाद आरोपित जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। वहीं गंभीर रूप से घायल सूरज को सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां से चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार देकर हालत गंभीर होने पर हायर सेंटर रेफर कर दिया है। स्वजन उसे हल्द्वानी उपचार के लिए ले गए हैं और उसकी हालत काफी नाजुक बताई जा रही है। वहीं खबर लिखे जाने तक मामले की लिखित तहरीर नहीं दी गई थी।


बाजपुर में शनिवार को सरकारी अस्पताल में भर्ती घायल सूरज।

# कांग्रेसियों ने प्रदेश अध्यक्ष के जन्मदिन पर बांटे फल

संवाददाता, काशीपुर

**अमृत विचार :** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष करन माहरा के जन्मदिवस पर कांग्रेसियों ने टांडा उज्जैन स्थित कुष्ठ आश्रम में फल वितरण किया। साथ ही दुर्गा कॉलोनी में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया।

शनिवार को कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष के जन्मदिन पर कुष्ठ आश्रम में फल वितरण कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने कहा कि करन माहरा का संपूर्ण जीवन सादगी, संघर्ष और सेवा का परिचायक है। उन्होंने प्रदेश संगठन को न केवल नई दिशा दी है बल्कि युवाओं, किसानों, महिलाओं और वंचित वर्गों के हक की आवाज को मजबूती से उठाया है। उनके जन्मदिवस को सेवा के माध्यम से मनाना, कांग्रेस की सोच और संस्कृति का प्रतीक है। यहां मुशर्रफ हुसैन, हरीश एडवोकेट, संदीप सहगल एडवोकेट, मनोज जोशी एडवोकेट, शफीक अहमद अंसारी, जितेंद्र सरस्वती, पार्षद नौशाद अंसारी, हनीफ गुड्डु, अब्दुल कादिर, राशिद फारूकी, रोशनी बेगम, अलका पाल, मीनू गुप्ता, मंसूर अली मंसूरी, महेंद्र बेदी आदि मौजूद रहे। वहीं दुर्गा कॉलोनी में प्रदेश सचिव एवं कुमाऊं संयोजक आईटी सेल रवि पपनै द्वारा लगाये गये स्वास्थ्य शिविर में 95 लोगों की स्वास्थ्य जांच की गई। यहां माला कांडपाल, खष्टी मासीवाल, जानकी बोरा, प्रकाश खनुलिया, तनुज खाती, हर सिंह रावत, शंकर दत्त मासीवाल आदि मौजूद रहे।

## सरल और सस्ते नवाचारों को दी जाए प्राथमिकता

**खटीमा :** ब्लॉक के समस्त राजकीय और सहायता प्राप्त जूनियर हाईस्कूलों के लिए एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन टीएलसी में हुई। खंड शिक्षा अधिकारी भानु प्रताप कुशवाहा की अध्यक्षता में आयोजित कार्यशाला में स्कूलों के माध्यम से बच्चों और अविभावकों तक इंस्पायर अवार्ड योजना की जानकारी तथा इसके लाभ एवं प्रक्रिया के लिए शिक्षकों से सुझाव लिए गए। कार्यशाला समन्वयक निर्मल न्योलिया ने बच्चों को आइडिया बॉक्स का इस्तेमाल करने संबंधी जानकारी दी। इस अवसर पर आलोक, कमान सिंह सामंत, पूनम रौतेला, हरि शंकर गंगवार, बबीता विश्वकर्मा, लक्ष्मण डसीला, अभिषेक कुशवाहा आदि ने प्रतिभाग किया।

# युवक की मौत के मामले में कोर्ट के आदेश पर रिपोर्ट की गई दर्ज

- मृतक पिता की फरियाद पर कोर्ट ने दिया आदेश
- पुलिस मामले की जांच में जुटी

संवाददाता, खटीमा

**अमृत विचार :** पुलिस ने करीब छह माह पूर्व जसारी के एक युवक की मौत के मामले में अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट के आदेश पर चार लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। कोतवाली पुलिस और एसएसपी कार्यालय से कारवाई न होने पर पीड़ित ने न्यायालय की शरण ली।

रतनपुर जसारी निवासी सतीश सिंह पुत्र साधु सिंह ने न्यायालय को सौंपे प्रार्थना पत्र में कहा है कि जसारी निवासी संजय सिंह उसके पुत्र अतुल सिंह को 31 दिसंबर 2024 को अपने साथ घर से बुलाकर ले गया। रात्रि 10 बजे गांव के एक व्यक्ति का फोन कर बेटे अतुल के घायलावस्था में होने की जानकारी दी। पीड़ित ने कहा है कि जब वह अस्पताल पहुंचा तो वहां संजय सिंह, उसका भाई भोले सिंह, उसकी माता, शमशेर सिंह, लक्ष्मण सिंह मौजूद थे। वहीं डॉक्टर ने बताया कि उसके पुत्र अतुल की मौत हो चुकी है। बाद में इन लोगों ने उसे धमकाया और पोस्टमार्टम कराने से रोका। पुलिस से शिकायत नहीं कराने दी। सादे कागज पर हस्ताक्षर करा डॉक्टर को दे दिया। इसके बाद उसके पुत्र के शव को अपने निजी वाहन पर जबरन रखकर घर ले आए और अगले दिन जल्दी-जल्दी में अंतिम संस्कार करवा दिया। घटना से उभरने पर प्रार्थी ने उन लोगों के विरूद्ध मुकदमा दर्ज कराने और पुत्र अतुल सिंह का पोस्टमार्टम कराने से जबरन रोके जाने की शिकायत पुलिस से करने की बात कही तो उक्त लोगों ने क्षेत्र पंचायत सदस्य के लेटर पैड पर 7 लाख की धनराशि अदा करने का झूठा दिलासा देकर एक समझौता बनाया। जिसमें अपने मन मुताबिक कथन लिख प्रार्थी के हस्ताक्षर करवा लिए। न तो कोई राशि अदा की न ही मुकदमा दर्ज कराने दे रहे है। प्रार्थी के पुत्र की हत्या कर झूठी सड़क दुर्घटना दिखा हत्या को छिपाने का प्रयास किया गया है पीड़ित ने 13 मई को थाना खटीमा और 17 को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को शिकायत की लेकिन कोई भी कार्यवाही नहीं हुई। अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट ने पुलिस को रिपोर्ट दर्ज करने के निर्देश दिए। जिसपर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## दो ने खाया जहरीला पदार्थ, रेफर किया

**काशीपुर :** गंगे बाबा रोड निवासी महिला और डिजाइन सेंटर निवासी एक किशोरी ने जहरीला पदार्थ गटक लिया। हालत बिगड़ने पर परिजनों ने दोनों को एलडी भट्ट राजकीय उप जिला चिकित्सालय पहुंचाया। जहां चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार के बाद हायर सेंटर रेफर कर दिया।

## मार्ग दुर्घटना में चार लोग घायल

**काशीपुर :** मार्ग दुर्घटना में दो बालक और दो युवक घायल हो गए। घायलों को सरकारी अस्पताल पहुंचाया गया। मोहल्ला अल्ली खां निवासी शाहनबाज, मोहल्ला किला निवासी दानिश, पक्का कोट निवासी अशद और आहद घायल हो गए। राहगीरों ने घायलों को राजकीय चिकित्सालय पहुंचाया। चिकित्सक ने इलाज के बाद छुट्टी दे दी है।

# शुगर फैक्ट्री में स्थाई महाप्रबंधक की नियुक्ति किए जाने की मांग

- बाजपुर के एक प्रतिनिधिमंडल ने गन्ना मंत्री से की मुलाकात
- कैबिनेट मंत्री बहुगुणा को सौंपा मांग पत्र

संवाददाता, बाजपुर

**अमृत विचार :** विहिप नेता यशपाल राजहंस की अगुवाई में बाजपुर शुगर मिल के एक प्रतिनिधिमंडल ने शनिवार को गन्ना मंत्री सौरभ बहुगुणा से उनके सितारगंज स्थित आवास पर मुलाकात कर समस्याओं से अवगत कराया।

इस दौरान कर्मचारियों व शुगर फैक्ट्री से संबंधित विभिन्न मांगों को लेकर लिखित मांग पत्र सौंपा गया। मंत्री ने उचित कार्यवाही का आश्वासन दिया है। विहिप नेता यशपाल राजहंस ने कैबिनेट मंत्री से मांग की है कि फरवरी-2025 से वेतन कटौती के कारण रुके हुए कर्मचारी वेतन को जनवरी-2025 में मिले वेतन के आधार पर ही बिना कटौती के रुका हुआ वेतन व अग्रिम वेतन दिया जाए। इसके साथ ही शुगर फैक्ट्री बाजपुर में पूर्ण अधिकारियों के साथ स्थाई महाप्रबंधक की नियुक्ति जल्द की जाए। वर्ष 2018 में हटाए गए संविदा कर्मियों को पुनः डेलीवेज (दैनिक वेतन भोगी श्रमिकों) के रूप में नियुक्ति दिए जाने की मांग भी ज्ञापन के माध्यम से की गई है। प्रतिनिधिमंडल में चीनी श्रमिक संघ बाजपुर के महामंत्री धीरज शर्मा, सभासद मुकेश शाह, एडवोकेट जोनी राजहंस, पवन कुमार, सुंदर बंगारी, गौतम कुमार आदि शामिल रहे।


सितारगंज में गन्ना मंत्री सौरभ बहुगुणा को ज्ञापन सौंपते बाजपुर चीनी मिल कर्मी।

कार्यक्रम

पर्यावरण संरक्षण एवं जलवायु संतुलन के लिए जनसामान्य को प्रेरित करने का लिया संकल्प, वृक्षों को बताया मानव जीवन के लिए अमूल्य धरोहर

# एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम के तहत पौधरोपण, लोगों को किया जागरूक

संवाददाता, बाजपुर

**अमृत विचार :** पर्यावरण संरक्षण एवं जलवायु संतुलन के लिए जनसामान्य को प्रेरित करने के उद्देश्य से अंतराष्ट्रीय सहकारिता वर्ष के अंतर्गत आयोजित एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम के तहत सहकारी समिति कर्मचारियों ने सीवीओ यूएसएन डॉ. आशुतोष जोशी की अगुवाई में पौधरोपण किया गया।

जिसमें आम, रुद्राक्ष आदि के पौधे रोपे गए। इस मौके पर डॉ. आशुतोष जोशी ने कहा कि पेड़ हमारे जीवन में केवल आक्सीजन के स्रोत नहीं, बल्कि पर्यावरणीय संतुलन, वर्षा, जल संरक्षण और जैव विविधता के रक्षक हैं। हर नागरिक का यह कर्तव्य है कि वह एक पौधा अवश्य लगाए और उसकी देखभाल करे। कहा पेड़-पौधे हमारे जीवन की अमूल्य धरोहर हैं। पौधरोपण केवल एक औपचारिकता नहीं, बल्कि भविष्य की जिम्मेदारी है। इस मौके पर पर्यावरण संरक्षण एवं जलवायु संतुलन के लिए जनसामान्य को प्रेरित करने का संकल्प लिया गया। इस मौके पर बहुउद्देश्यीय प्रथम किसान सेवा सहकारी समिति के प्रबंध निदेशक हेम चंद्र कांडपाल, पशु चिकित्साधिकारी बाजपुर डॉ. कोमल सिंह, भैरव दत्त रुबाली, हरपाल सिंह, सूरज, जीवन जोशी, फूलचंद सैनी, संजय चौधरी, ललित कुमार, पूरन पांडे, सुंदरम तिवारी, दीपांशु रावत, दान सिंह रहे।



बाजपुर में रुद्राक्ष का पौधा रोपते सीवीओ डॉ. आशुतोष जोशी, डॉ. कोमल सिंह एवं सहकारी समिति के अधिकारी-कर्मचारी।


खटीमा में एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम में पौधरोपण करते प्रधानाचार्य आरपी पंत।

### राणा प्रताप इंटर कालेज में किया पौधरोपण

**खटीमा :** राणा प्रताप इंटर कालेज परिसर में "एक पेड़ मां के नाम" कार्यक्रम के तहत पौधारोपण किया गया। जिसमें विद्यालय के प्रधानाचार्य रविन्द्र प्रकाश पंत पौधारोपण का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में वनों के महत्व, आवश्यकता, उपयोगिता एवं पर्यावरण संरक्षण में वनों की महत्ता के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। इस दौरान शिक्षकों, विद्यार्थियों ने पौधारोपण किया गया। इस अवसर पर हरीश चंद्र मठपाल, संजय कार्की, ललित मोहन जोशी, देवकीनंदन परगाई, सतेन्द्र सिंह कण्डारी, डीएस राजपूत, सुनिता गंगवार, रश्मि सिंह, हेमलता काण्डपाल, आकांक्षा चौहान आदि उपस्थित रहे।



अलक्ष्या पब्लिक स्कूल में आर्मी विंग सीनियर डिवीजन की भर्ती प्रक्रिया में भाग लेते बच्चे।

# एनसीसी के लिए 26 कैडेट्स का हुआ चयन

संवाददाता, खटीमा

**अमृत विचार :** 78 यूके बटालियन एनसीसी हल्द्वानी की ओर से अलक्ष्या पब्लिक स्कूल में आर्मी विंग सिनियर डिविजन के लिए भर्ती प्रक्रिया का आयोजन किया गया।

इसमें 26 कैडेट्स का चयन एनसीसी आर्मी विंग सिनियर डिविजन के लिए हुआ। भर्ती प्रक्रिया में बटालियन के नायब सूबेदार विरेन्द्र सिंह, ले. अजय बोहरा, सेकेंड ऑफिसर दिनेश चन्द्र चिल्कोटी, डीआई जगदीश सामंत की देखरेख में हुई। भर्ती प्रक्रिया में 35 विद्यार्थियों ने भाग लिया। एनसीसी के लिए चयनित विद्यार्थियों को स्कूल उपाध्यक्ष जया चुफाल, प्राजेश गोस्वामी, प्रबंधक विनोद बोहरा, प्रधानाचार्य अजय बोहरा, उप प्रधानाचार्य विनोद चंद आदि ने बधाई दी।

## एक नजर

### पुलिस ने छह वारंटियों को किया गिरफ्तार

**काशीपुर :** कोतवाली पुलिस ने वारंटियों के खिलाफ अभियान चलाकर छह वारंटियों को गिरफ्तार किया है। शनिवार को कोतवाली पुलिस ने वारंटियों के खिलाफ अभियान चलाया। जहां टीम ने कोर्ट से जारी वारंट के आधार पर मोहम्मद वली निवासी दुर्गा कॉलोनी गिरीताल, शिव कुमार निवासी ग्राम रम्पुरा, अरुण कुमार निवासी भट्टा कॉलोनी , बलदेव सिंह निवासी ग्राम रम्पुरा, रवि सिंह निवासी किसान इंटर कॉलेज, कुंडेश्वरी, रियासत हुसैन निवासी विजयनगर को गिरफ्तार कर लिया।

### 25 लीटर कच्ची शराब के साथ एक गिरफ्तार

**काशीपुर :** पुलिस ने गश्त के दौरान कच्ची शराब बेचते एक आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 25 लीटर कच्ची शराब बरामद की। पुलिस ने आरोपी का आबकारी एक्ट में चालान किया है। त्रिस्तरीय पंचायत चुनावों के मद्देनजर पैगा चौकी इंचार्ज दीवान सिंह बिष्ट ने टीम के साथ गश्त के दौरान पशुपति फैक्ट्री के पीछे वाली दीवार की आड़ में कच्ची शराब बेचने आये ग्राम खाईखेड़ा निवासी परमजीत सिंह को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 74 पाउच करीब 25 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद की।

### झनकट में स्मैक के साथ युवक गिरफ्तार

**खटीमा :** झनकट पुलिस ने शुक्रवार को चेकिंग के दौरान चांदपुर के पास एक बाइक सवार चेकिंग होता देख पीछे मुड़ कर भागने लगा। पुलिस ने युवक को दबोच लिया। पुछताछ में युवक ने अपना नाम संजय राम निवासी मनिहारगोठ थाना टनकपुर जिला चम्पावत बताया। पुलिस ने तलाशी पर आरोपी के पास से पांच ग्राम स्मैक बरामद की। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर न्यायालय में पेश कर दिया। वहीं प्रयुक्त बाइक संख्या यूके 03-8662 को कब्जे में लेकर सीज कर दिया।

### कल इन क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति रहेगी बाधित

**हल्द्वानी :** विद्युत विभाग ने आवश्यक मरम्मत व रखरखाव कार्य के चलते 13 जुलाई को शहर के विभिन्न क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। सुबह 8 बजे से दोपहर 12 बजे तक और दोपहर 2 बजे से शाम 6 बजे तक कठपरिया, कमलुवागांजा, फतेहपुर, दमुवाढूंगा ट्यूबवेल-1, बच्ची नगर, ब्लॉक बसानी, बिठौरिया व पीलीकोठी, खीमपुर, लामाचौड़, कठघरिया, मुखानी, हरिनगर, कुसुमखेड़ा व ऊंचापुल के इन क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। यह कटौती मुख्य रूप से 11 केवी फतेहपुर दमुवाढुंगा ट्यूबवेल-1 और 11 केवी खीमपुर लामाचौड़ फीडर से जुड़े क्षेत्रों में की जाएगी। विद्युत विभाग ने उपभोक्ताओं से सहयोग की अपील की है और आवश्यक कार्यों के लिए बिजली आपूर्ति रोकने की जानकारी दी है, जिससे भविष्य में सेवा अधिक सुचारु हो सके।

# प्रदर्शनी में दिखी बाल वैज्ञानिकों की प्रतिभा

## एसएम पब्लिक स्कूल में विज्ञान प्रदर्शनी का भव्य आयोजन, विशेषज्ञों ने किया विद्यार्थियों का मार्गदर्शन

संवाददाता, सितारगंज

**अमृत विचार:** एसएम पब्लिक स्कूल सितारगंज में शनिवार को आयोजित अभिभावक-शिक्षक बैठक के अवसर पर विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया, जिसमें कक्षा 6 से 12वीं तक के छात्र-छात्राओं ने विज्ञान आधारित अत्याधुनिक मॉडल एवं प्रोजेक्ट प्रस्तुत कर अपनी रचनात्मकता, वैज्ञानिक दृष्टिकोण और नवाचार की सोच का अद्भुत परिचय दिया।

प्रदर्शनी का उद्घाटन इनवर्टिस यूनिवर्सिटी बरेली के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. हर्षवर्धन महरा तथा महाराणा प्रताप महाविद्यालय नानकमत्ता की असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. मीनाक्षी ने किया। उन्होंने विद्यार्थियों द्वारा बनाए गए विभिन्न मॉडलों का गहन निरीक्षण किया और बच्चों को उनके वैज्ञानिक महत्व, समाज में उपयोगिता और संभावित विकास पर मार्गदर्शन प्रदान किया। इस अवसर पर स्कूल प्रबंधक भुवन चंद्र भट्ट, उप प्रबंधक हिमांशु खर्कवाल, प्रधानाचार्य डॉ. मनिंदर सिंह गुलाटी तथा उप प्रधानाचार्य टीएस जीना ने मुख्य अतिथियों का पुष्पगुच्छ एवं स्मृति चिह्न भेंटकर स्वागत किया। प्रदर्शनी में स्मार्ट सिटी, जल संरक्षण, सोलर एनर्जी, वायु प्रदूषण नियंत्रण, रोबोटिक हाथ, भूकंप चेतावनी यंत्र जैसे विज्ञान से जुड़े मॉडल्स ने सभी को आकर्षित किया। प्रबंधक भुवन चंद्र भट्ट ने बाल वैज्ञानिकों के प्रयासों की भूरी-भूरी प्रशंसा करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में अभिभावक, शिक्षक एवं विद्यालय परिवार के सदस्य मौजूद रहे, जिन्होंने विद्यार्थियों की प्रतिभा को सराहा और प्रदर्शनी को अत्यंत प्रेरणादायक बताया।


विज्ञान प्रदर्शनी में मॉडल के साथ विद्यार्थी व अतिथि। ● अमृत विचार


बाजपुर में माडर्न पब्लिक स्कूल में साइंस प्रदर्शनी में मौजूद बच्चे। ● अमृत विचार

### विज्ञान प्रदर्शनी में बच्चों ने पेश किए शानदार मॉडल

**बाजपुर :** माडर्न पब्लिक स्कूल में आयोजित विज्ञान प्रदर्शनी का उद्घाटन विद्यालय की प्रबंधक निशी लखनपाल व प्रधानाचार्या नेहा लखनपाल शर्मा ने संयुक्त रूप से किया। इस दौरान नन्हें बच्चों ने प्रदर्शनी में मॉडल प्रस्तुत कर अपनी बुद्धि कौशल का परिचय दिया। शनिवार को वार्ड-तीन मोहल्ला आलापुर में स्थित विद्यालय में प्रबंधक निशी लखनपाल एवं प्रधानाचार्या नेहा लखनपाल शर्मा के मार्गदर्शन में आयोजित प्रदर्शनी में एलकेजी से पांचवी तक के बच्चों ने हिस्सा लिया। बच्चों ने सोलर सिस्टम, पौधे के भाग, जल स्रोत, ज्वालामुखी बिस्फोट, ऊर्जा संरक्षण के तरीके, कंप्यूटर के भाग, जल शुद्धिकरण आदि विभिन्न विषयों को लेकर परियोजनाएं प्रस्तुत कर अपने मन के विज्ञानी भाव प्रदर्शित किए। एलकेजी व यूकेजी के बच्चों ने सबसे प्यारे प्रोजेक्ट बनाए जिसमें डिस्पोजेबल बाउल से मशरूम, लैंप, पेन होल्डर, दालों द्वारा चित्र आदि को खूब सराहा गया। इस दौरान निशी लखनपाल ने विद्यालयों में टीम वर्क और विज्ञानी सोच जागृत करने की जरूरत बताते हुए विद्यालय के इस प्रयास की सराहना की। इस मौके पर किरन, निशु, राखी, पूजा, निहारिका, सलोनी, प्रिया पंत, प्रियंका जैन, सुनीता, आशा, कविता आदि मौजूद रहीं।

## सार-संक्षेप


एसटीएम कान्वेंट स्कूल के हेड ब्वॉय प्रशांत व हेड गर्ल पूर्वी चंद्रा के साथ विद्यालय परिवार।

### प्रशांत हेड ब्वॉय और पूर्वी चंद्रा हेड गर्ल चुनी गईं

**बाजपुर :** शनिवार को एसटीएम कान्वेंट जूनियर हाईस्कूल बाजपुर में हेड ब्वॉय और हेड गर्ल का चुनाव ईवीएम एप के माध्यम से करवाया गया, जिसमें कुल 192 मतदाताओं ने हिस्सा लिया। चुनाव में प्रशांत ने अपने प्रतिद्वंद्वी उदय को 27 वोटों से पराजित कर जीत हासिल की। वहीं हेड गर्ल चुनाव में पूर्वी चंद्रा ने अपनी प्रतिद्वंद्वी मीनाक्षी से 82 वोट अधिक प्राप्त कर जीत दर्ज की। चुनाव जीतकर हेड ब्वॉय प्रशांत व हेड गर्ल पूर्वी चंद्रा का विद्यालय की सचिव कमला पांडेय व प्रधानाचार्य विनीत मठपाल एवं विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाओं ने फूल-माला पहनाकर स्वागत किया। इस मौके पर सोबन सिंह, हेमंत कुमार, सुमन जैन, भावना पांडेय, शोभा, पार्वती, सोनम, शिवानी, राजकुमारी, गुंजन कांडपाल, महिमा, शीतल आदि शिक्षक-शिक्षिकाएं मौजूद रहे।



कार्यक्रम के दौरान साथिया क्लब के सदस्य। ● अमृत विचार

### स्वास्थ्य जागरुकता बढ़ाने में पियर एजुकेटर्स की भूमिका अहम

**रुद्रपुर :** रुद्रपुर के इंद्रा कॉलोनी में पियर एजुकेटर की क्लब बैठक आयोजित हुई। इस दौरान राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम( आरकेएसके ) प्रोग्राम के तहत समुदाय और स्कूल स्तर पर अपने साथियों को स्वास्थ्य शिक्षा प्रदान करने के बारे में चर्चा की गई। साथ ही साथिया क्लब को बैग और डायरी वितरित की गयी। शनिवार को कार्यक्रम के दौरान मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ .केके अग्रवाल ने बताया कि स्वास्थ्य शिक्षा को बढ़ावा देने और किशोर किशोरियों को स्वास्थ्य संबंधी जानकारी देने के लिए राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम एक महत्वपूर्ण कदम है। कार्यक्रम के तहत पियर एजुकेटर्स की भूमिका समुदाय में स्वास्थ्य जागरूकता बढ़ाने में महत्वपूर्ण होगी। उन्होंने कहा कि पियर एजुकेटर्स अपने समुदाय और स्कूल स्तर पर स्वास्थ्य शिक्षा प्रदान करेंगे। साथ ही स्वास्थ्य जागरूकता बढ़ाने के लिए विभिन्न गतिविधियों का आयोजन करेंगे। इस अवसर पर आरकेएसके काउंसलर कल्पना कुमारी, क्षेत्रीय आशा, पियर एजुकेटर्स किशोरियों आदि उपस्थित रहे।

### प्रीपेड टैक्सी बूथ संचालन को लेकर उपजा विवाद

**हल्द्वानी :** काठगोदाम रेलवे स्टेशन परिसर में कुमाऊं द्वार टैक्सी मालिक एवं चालक कल्याण समिति की ओर से संचालित अस्थाई प्रीपेड टैक्सी बूथ अब विवादों में घिर गया है। अब यह बूथ रेलवे स्टेशन भवन के भीतर संचालित किया जाएगा, जिसके लिए समिति ने इज्जतनगर मंडल के रेल प्रबंधक को अपनी सहमति प्रदान की है। समिति ने बताया कि वह रेलवे के सभी नियमों और शर्तों का पालन करने को तैयार है, साथ ही निर्धारित लाइसेंस फीस का भुगतान भी किया जाएगा। समिति ने रेलवे प्रशासन से बूथ संचालन की विधिवत अनुमति देने की मांग की है। हालांकि, इज्जतनगर मंडल के वाणिज्य प्रबंधक ने मंडल सुरक्षा आयुक्त को भेजे पत्र में बताया कि काठगोदाम रेलवे स्टेशन के सर्कुलेटिंग एरिया में स्थापित अस्थाई प्रीपेड टैक्सी बूथ को तत्कालीन आईजी, उत्तराखंड पुलिस और मंडल रेल प्रबंधक के निर्देश पर पर्यटकों की सुविधा को अस्थाई रूप से शुरू किया था। इस बूथ को रेलवे परिसर में संचालित करने की कोई लिखित अनुमति नहीं है। इसे अनाधिकृत बूथ माना जा रहा है। यह भी बताया कि इस बूथ से मनमाने किराये वसूलने, कर्मचारियों से अभद्रता करने और हर टैक्सी चालक से 20 रुपए की अवैध वसूली करने की शिकायत मिली है, जिससे अराजकता का माहौल बन रहा है। बताया कि स्थिति को नियंत्रित करने के लिए रेलवे प्रशासन ने अब ई-ऑक्शन प्रक्रिया शुरू कर दी है, जिसके माध्यम से प्रीपेड टैक्सी बूथ का संचालन अधिकार वैध रूप से किसी पात्र संस्था को सौंपा जाएगा। वाणिज्य प्रबंधक ने रेलवे सुरक्षा बल को भी निर्देशित करने का अनुरोध किया है कि अस्थाई बूथ को हटाया जाए, जिससे स्टेशन परिसर में व्यवस्था कायम रह सके।

# शिक्षा को व्यवहारिक, नवाचारी व अनुसंधानपरक बनाना जरूरी

संवाददाता, बाजपुर

**अमृत विचार:** सेंट मैरीज सीनियर सेकेंडरी स्कूल स्टेम कार्यशाला का हेड स्कूल बन गया है। विद्यालय में शनिवार को एक भव्य स्टेम ( साइंस, टेक्नोलाजी, इंजीनियरिंग और गणित ) कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसमें जनपदभर के विभिन्न प्रतिष्ठित स्कूलों के प्राचार्यों, शिक्षकों और विशेषज्ञों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

कार्यशाला सीबीएसई के डिस्ट्रक लेवल डेलीब्रेशन कार्यक्रम के अंतर्गत आयोजित की गई, जिसका उद्देश्य 21वीं सदी की शिक्षा को व्यवहारिक, नवाचारी और अनुसंधानपरक बनाना रहा। कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय की प्रधानाचार्या डॉ. शाइनी पाल के निर्देशन में तिलक और पुष्प अर्पण के साथ हुई। समारोह में विद्यालय की मैनेजर सि. कैरल, उप प्रधानाचार्या सी जेसी ने भी भाग लिया। दीप प्रज्वलन के साथ इस शैक्षणिक समारोह का औपचारिक शुभारंभ किया गया। मुख्य अतिथि ब्राइट स्टाट इंटरनेशनल स्कूल जसपुर की प्रधानाचार्या मधु शर्मा ने स्टेम शिक्षा पर एक प्रेरणादायी भाषण दिया।


सेंट मैरीज स्कूल में अतिथियों को सम्मानित करतीं प्रधानाचार्या डॉ .शाइनी पाल।

उनके वक्तव्य ने स्टेम को केवल एक विषय नहीं, बल्कि एक सोच और दृष्टिकोण के रूप में परिभाषित किया। इस मौके पर विशेष अतिथि के रूप में सिडा. सांड्रा (सीएमओ सेंट मेरीज हास्पिटल बाजपुर) ने भी कार्यक्रम में शिरकत की। कार्यक्रम के दौरान कंचन जोशी (प्रधानाचार्या जवाहर नवोदय विद्यालय रुद्रपुर), मोनिका अरोड़ा (प्रधानाचार्या पायनियर्स अकादमी जसपुर) समेत अन्य विशिष्ट अतिथियों को विद्यालय की ओर से पौधे और शाल भेंट कर सम्मानित किया गया। इस दौरान डीएवी स्कूल, बाजपुर की चेतना गहलोत, ज्ञानदीप ग्लोबल स्कूल, बाजपुर की श्रुति शर्मा, जेनेसिस इंटरनेशनल स्कूल, जसपुर के अनवर हुसैन व वैशाली सलारिया, मारिया असम्प्टा स्कूल, काशीपुर की जया पुरोहित, मदर इंडिया पब्लिक स्कूल, बाजपुर के आमिर हसन, श्रीदशमेश पब्लिक स्कूल, बाजपुर की गुरप्रीत व श्वेता पांडे, सेंट मेरीज स्कूल, बाजपुर के रक्षित महतोलिया व आदित्य शर्मा ने स्टेम पर आधारित केस पेपर प्रस्तुतियां दीं। जिनमें व्यवहारिक शिक्षण, अनुभवात्मक शिक्षा और नवाचार जैसे महत्वपूर्ण विषयों को दर्शाया गया। इस मौके पर सुरभि बेंजमिन, वंदना शर्मा, नवजोत कौर आदि मौजूद रहे।

# दिनेशपुर में 410.66 ग्राम अफीम के साथ एक दबोचा

संवाददाता, दिनेशपुर

- चार अभियुक्तों से 68 लीटर अवैध शराब भी की बरामद
- पुलिस ने अभियान चला किया गिरफ्तार

**अमृत विचार:** एसएसपी मणिकांत मिश्रा के निर्देशानुसार त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के मद्देनजर थाना क्षेत्र के अंतर्गत अवैध शराब व अवैध मादक पदार्थों की बरामदगी व अभियुक्तों की गिरफ्तारी को चलाए जा रहे अभियान के दृष्टिगत थानाध्यक्ष नंदन सिंह रावत ने अलग-अलग पुलिस टीम गठित कर उप निरीक्षक प्रदीप कुमार भट्ट व उप निरीक्षक गिरीश चंद्र पंत के नेतृत्व में अवैध अफीम व अवैध शराब का होम डिलीवरी करने जा रहे पांच अभियुक्तों गिरफ्तार किया।

उप निरीक्षक प्रदीप कुमार भट्ट ने पुलिस टीम के साथ महतोष रोड पर नई प्लाटिंग आनंदखेड़ा नंबर-1 के पास अभियुक्त राजू निवासी अंजनी, थाना- सिराली, जिला- बरेली (यूपी) को 410.66 ग्राम अवैध अफीम के साथ गिरफ्तार किया। पुलिन ने अभियुक्त के विरुद्ध धारा-8/18 एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा पंजीकृत कर लिया है। वहीं उप निरीक्षक गिरीश चंद्र पंत व अपर उप निरीक्षक अनवर अहमद की टीम ने चार व्यक्तियों को 68 लीटर अवैध शराब खाम के साथ गिरफ्तार किया। अभियुक्त सूखा उर्फ सुखलाल निवासी- खजुरिया, जिला- रामपुर, (यूपी) हाल निवासी- जयनगर, दिनेशपुर को जयनगर नंबर-1 से लगभग 21 लीटर शराब के साथ गिरफ्तार किया। दूसरा अभियुक्त चिराग आर्य निवासी- चक्कीमोड़ कूल्हा, थाना- दिनेशपुर को श्मशान घाट से हरदासपुर को जाने वाली सड़क से 12 लीटर अवैध कच्ची शराब खाम के साथ गिरफ्तार किया गया। तीसरा अभियुक्त रणजीत सिंह निवासी- जगनपूरी थाना- दिनेशपुर को मदनापुर से एक प्लास्टिक के कट्टे में 39 पाउच लगभग 20 लीटर कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया। चौथा अभियुक्त लखविंदर सिंह उर्फ राजू निवास-रायपुर (रुद्रपुर) को लगभग 15 लीटर अवैध शराब के साथ गिरफ्तार किया। पुलिस ने चारों अभियुक्तों को धारा-60 आबकारी अधिनियम के तहत गिरफ्तार कर मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# किच्छा में हाईवे किनारे खुला नाला दे रहा दुर्घटना को दावत

संवाददाता, किच्छा

- स्थानीय व्यापारियों ने प्रशासन पर लगाया लापरवाही का आरोप
- गंदगी के कारण लोगों को करना पड़ रहा दिक्कतों का सामना

**अमृत विचार:** नगर के बरेली मार्ग पर राष्ट्रीय राजमार्ग किनारे स्थित फुटपाथ पर गंदगी का अंबार लगे होने के चलते आम जनता को खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय व्यापारियों ने एनएच प्रशासन से सफाई व्यवस्था को दुरुस्त करने की मांग की है। वहीं नगर के दरऊ चौक के निकट स्थित सुरेंद्र पेट्रोल पंप के सामने फुटपाथ पर खुला हुआ नाला दुर्घटना को दावत दे रहा है।

नाले किनारे गंदगी का अंबार लगा होने से स्थानीय व्यापारियों तथा आम जनता को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। नाला खुला होने से मौके पर दुर्घटना की आशंका बनी हुई है, जिससे स्थानीय व्यापारियों में भारी रोष व्याप्त है।

सुरेंद्र ऑटो सर्विस पंप के स्वामी सुरेंद्र गांधी एवं स्थानीय व्यापारी विक्की अरोड़ा ने कहा कि हाईवे किनारे फुटपाथ पर नाला खुला होने तथा कूड़े का ढेर लगा होने से यात्रियों, वाहन चालकों एवं स्थानीय व्यापारियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

उन्होंने कहा कि कई बार व्यवस्था को दुरुस्त किए जाने की प्रशासन से मांग की गई है लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। उन्होंने एनएच प्रशासन से मौके पर लगे कूड़े के ढेर को जल्द हटाने तथा नाले के ऊपर स्लैब डलवा कर बंद कराने की मांग की है।


किच्छा में हाईवे किनारे दुर्घटना को दावत देता खुला नाला। ● अमृत विचार

## वर्ग पहेली-30

**बाएं से दाएं**

1. 1. युग के अनुकूल, समय के अनुसार 2. प्रासंगिक।
5. 1. चिट्ठी-पत्री या हिसाब-किताब लिखने वाला कर्मचारी, मुहर्रिर 2. लिपिक, लेखक।
8. मछली पकड़ने का जाल।
9. 1. बच्चों द्वारा नकियाकर धीरे-धीरे रोने की आवाज़ 2. अस्पष्ट स्वर में ठहर-ठहरकर रोने की ध्वनि।

**ऊपर से नीचे**

2. 1. दूसरों के साथ किया जाने वाला छल या कपट ; धोखा ; धूर्तता 2. हल का फाल 3. वेणी, कबरी, जूड़ा 4. बाहर की ओर निकला हुआ भाग, उठान, उभार।
3. जिसकी सिंचाई हो चुकी हो, सींचा हुआ।
4. छुनन-मुनन।
6. श्येनपक्षी, बाज़।
7. नौकर, सेवा करने वाला।



### वर्ग पहेली -29 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 ना | जी | | 2 हँ | 3 स | न | |
| | | 4 खु | | ह | | 5 गं |
| 6 ऐ | | ट | | यो | | धा |
| 7 लो | को | प | यो | गी | | ना |
| पै | | न | | | 8 नि | |
| थ | | | 9 घा | | ढा | |
| | | 10 अ | न | सु | ल | झी |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 13 जुलाई, रविवार 2025 संवत-2082, शक संवत 1947 मास-श्रावण, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तृतीया-14 जुलाई 01.02 तक तत्पश्चात चतुर्थी।

### आज का पंचांग




दिशाशूल- पश्चिम, ऋतु- वर्षा।
चन्द्रबल-मेष, कर्क, सिंह, वृश्चिक, मकर, मीन।
ताराबल-अश्विनी, कृत्तिका, रोहिणी, मृगशिरा, आर्द्रा, पुष्य, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, स्वाति, अनुराधा, मूल, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद।
नक्षत्र-श्रवण 06.53 तक तत्पश्चात धनिष्ठा।

**मेष:** आज आपकी दिनचर्या काफी अच्छी रहेगी। आपको किसी कारण यात्रा करनी पड़ सकती है। भाई-बहन को लेकर परेशानियां दूर होंगी। अति आत्मविश्वास में आकर काम करने से बचें। मित्रों से सलाह लेकर काम करना हितकर होगा।

**वृष:** आज आप कुछ बारीक गलतियां कर सकते हैं इससे आपको बड़ा नुकसान झेलना पड़ सकता है। आपको सभ्य भाषा का प्रयोग करना चाहिए। पर्यटन से जुड़े लोगों के लिए दिन बहुत अच्छा है। दूसरों के मामलों में अनावश्यक हस्तक्षेप न करें।

**मिथुन:** आज आपको कारोबार में नए तरीकों के प्रयोग से बचना चाहिए। सोशल मीडिया के माध्यम से आपको नए मित्र मिल सकते हैं। आपके विरोधी भी आपका सम्मान करेंगे। अधिक सोच-विचार न करें। परिवार के साथ खरीदारी के लिए जा सकते हैं।

**कर्क:** आज आपके व्यवहार में कुछ सकारात्मक परिवर्तन होंगे जिससे आपके परिजन अत्यंत प्रसन्न होंगे। पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। आपको पुराने अनुभवों का लाभ मिलेगा। धार्मिक कार्यों में आपकी रुचि बढ़ेगी। शाम के समय थकान और सिरदर्द का अनुभव कर सकते हैं।

**सिंह:** आज अधिकारी वर्ग से अधिक बहस न करें। मेडिकल विद्यार्थियों के लिए दिन बहुत ही अच्छा है। अपने लक्ष्य को लेकर अत्यंत सजग रहेंगे। कार्यक्षेत्र में कुछ राजनीति का सामना करना पड़ेगा। अनावश्यक बातों को लेकर तनाव में हो सकते हैं।

**कन्या:** आज आपके सामने अचानक परेशानियां खड़ी हो सकती हैं। गूढ़ विद्याओं को सीखने के प्रति इच्छा जागृत होगी। एलर्जी और गर्मी को लेकर परेशानी होगी। आय को लेकर थोड़े चिन्तित हो सकते हैं। वाहन में कुछ खराबी आ सकती है।

**तुला:** आज माता के स्वास्थ्य की चिंता रहेगी। दांपत्य संबंधों में अविश्वास की भावना न आने दें। विद्यार्थियों को पढ़ाई पर काफी ध्यान देना चाहिये। दूसरों से अधिक अपेक्षा न करें। कार्यक्षेत्र में मन नहीं लगेगा।

**वृश्चिक:** आज दिन उमंग और उत्साह से भरपूर रहेगा। धन के कारण जो काम लम्बित थे वे आज पुन: प्रारम्भ होने की संभावना है। परिवार के सदस्य आपसे अत्यन्त प्रसन्न रहेंगे। राजनीति से जुड़े लोगों की प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। नव विवाहित जोड़े यात्रा के लिए जा सकते हैं।

**धनु:** आज आपको छोटे भाई बहनों को लेकर थोड़ी चिंता हो सकती है। बेरोजगार लोगों को नई नौकरी मिलने की संभावना है। विवादित मामलों का समाधान मिलने की संभावना बन रही है। छोटी दूरी की यात्रा की योजना बना सकते हैं। कानूनी मामलों में सफलता मिलेगी।

**मकर:** आज आपकी दिनचर्या व्यवस्थित रहेगी। आपका मन अत्यंत प्रसन्न रहेगा। घर के नवीनीकरण की योजना बना सकते हैं। नकदी की समस्या हल हो सकती है। नया रोजगार आरंभ करने के लिए दिन बहुत ही अच्छा है। नई संपत्ति खरीदने के योग बन रहे हैं।

**कुंभ:** आज किसी को उधार धन न दें। रुका हुआ धन आपको वापस मिलने में समस्या होगी। अत्यधिक वाचालता और क्रोध के कारण आपके संबंध प्रभावित होंगे। इंश्योरेंस में आप धन का निवेश कर सकते हैं। जोड़ों और घुटनों में दर्द की समस्या हो सकती है।

**मीन:** आज का दिन आपके लिए शुभ फलप्रदायक होने वाला है। प्रतिद्वन्दी आपके सामने परास्त हो सकते हैं। परिवार की किसी समस्या का समाधान मिलेगा। राजनीति से जुड़े लोग अपनी कूटनीतिक क्षमता का प्रयोग करते हुए कोई बड़ा काम कर सकते हैं।

## सुडोकू -37

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 8 | 5 | | | 9 | | |
| | 2 | | | 7 | 3 | 1 | 8 | |
| 6 | | | | 8 | | | 4 | |
| | 5 | | | 2 | | | | 3 |
| | | 2 | | | | 8 | | |
| 7 | | | | 9 | | | 6 | |
| | 1 | | | 5 | | | | 2 |
| | 6 | 9 | 4 | 3 | | | 7 | |
| | | 3 | | | 8 | 4 | | 1 |

### सुडोकू - 36 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 8 | 5 | 3 | 7 | 9 | 4 | 6 | 1 |
| 3 | 4 | 1 | 8 | 6 | 5 | 7 | 2 | 9 |
| 9 | 7 | 6 | 4 | 2 | 1 | 5 | 8 | 3 |
| 6 | 2 | 9 | 7 | 4 | 3 | 1 | 5 | 8 |
| 4 | 1 | 8 | 6 | 5 | 2 | 3 | 9 | 7 |
| 5 | 3 | 7 | 1 | 9 | 8 | 6 | 4 | 2 |
| 1 | 9 | 2 | 5 | 3 | 4 | 8 | 7 | 6 |
| 7 | 5 | 3 | 2 | 8 | 6 | 9 | 1 | 4 |
| 8 | 6 | 4 | 9 | 1 | 7 | 2 | 3 | 5 |

# जिले में पुलिस चलाएगी 'ऑपरेशन कालनेमि'

## पुलिस लाइन सभागार में आयोजित हुई मासिक अपराध गोष्ठी, 13 पुलिस कार्मिकों को किया गया सम्मानित


अल्मोड़ा पुलिस लाइन में शनिवार को आयोजित मासिक अपराध गोष्ठी में मौजूद पुलिस अधिकारी और कार्मिक। ● अमृत विचार


उत्कृष्ट कार्य पर पुलिस कर्मी को सम्मानित करते एसएसपी। ● अमृत विचार

संवाददाता, अल्मोड़ा

**अमृत विचार :** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक देवेंद्र पींचा ने शनिवार को पुलिस कार्यालय अल्मोड़ा सभागार में मासिक अपराध गोष्ठी के तहत अपराधों की कार्रवाई की समीक्षा की। एसएसपी ने त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव को लेकर पुलिस बल को अलर्ट रहने निर्देश दिए। वहीं, जिले में ऑपरेशन कालनेमि के अभियान चलाया जाएगा।

एसएसपी ने बीते माह के अपराधों की समीक्षा करते हुए लंबित विवेचनाओं, मुकदमों, शिकायतों, वारंट, नोटिस आदि का समय पर निस्तारण करने और वांछित अभियुक्तों की शीघ्र गिरफ्तारी करने के निर्देश दिए। उन्होंने त्रिस्तरीय चुनाव को लेकर भी पुलिस बल को तैयारियों के निर्देश दिए। इसके अलावा सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए गठित टीम के अधिकारियों को जिले के सभी थाना क्षेत्रों में सड़क दुर्घटना संभावित स्थानों को चिह्नित करने के निर्देश दिए। वहीं, उन्होंने नशे के विरुद्ध जीरो टालरेन्स नीति अपनाते हुए अवैध मादक पदार्थो की तस्करी, बिक्री व भण्डारण करने वालों के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही करने, यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्ती से निपटने, समय-समय पर बाहरी व्यक्तियों का सत्यापन अभियान चलाने, इसके अलावा ऑपरेशन कालनेमि के तहत सनातन धर्म की आड़ में साधु, संतों का भेष धारण कर लोगों को ठगने व उनकी भावनाओं से खिलवाड़ करने वालो के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए। इस दौरान सीओ गोपाल दत्त जोशी, सीओ रानीखेत विमल प्रसाद, सीओ दूरसंचार राजीव टम्टा, सीएफओ नरेन्द्र कुंवर, प्रभारी निरीक्षक कोतवाली अल्मोड़ा योगेश चन्द्र उपाध्याय, निरीक्षक अशोक धनकड़, जानकी भंडारी, मनोज भारद्वाज, निरीक्षक उमाशंकर पांडे, मदन मोहन जोशी, निरीक्षक सुशील कुमार, भुवन जोशी, सुनील सिंह बिष्ट, थानाध्यक्ष सल्ट प्रमोद पाठक, अवनीश कुमार, दिनेश नाथ महंत, कश्मीर सिंह, राहुल राठी, जसविन्दर सिंह, विजय नेगी, वंश नारायण यादव, कुमकुम धानिक, बरखा कन्याल, मोहित कुमार, सुमित पांडे, महेश कश्यप, हीरा सिंह आदि मौजूद रहे।

### उत्कृष्ट कार्य करने वालों को सम्मानित किया

अपराध गोष्ठी के दौरान एसएसपी देवेंद्र पींचा ने उत्कृष्ट कार्य करने वाले पुलिस कार्मिकों को सम्मानित किया। उन्होंने विगत माह चोरी का अनावरण, स्मैक तस्कर की गिरफ्तारी व गुमशुदा नाबालिग बालक को बरामद करने में सराहनीय योगदान देने वाले कोतवाली अल्मोड़ा में नियुक्त प्रभारी चौकी धारानौला एसआई आनंद बल्लभ कश्मीरा को पुलिस ऑफिसर ऑफ द मंथ चुना गया। इसके अलावा 13 अधिकारी, कर्मचारी गणों की कार्यों की सराहना कर प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया।

# सेवालय देगा अब दिव्यांगजनों को भी कौशल प्रशिक्षण

**हल्द्वानी, अमृत विचारः** दिव्यांग बच्चों के लिए समर्पित सेवालय संस्था अब एक नई दिशा में कदम बढ़ाने जा रही है। 14 जुलाई से सेवालय अब दिव्यांग बालिकाओं को भी कौशल प्रशिक्षण देगा। सेवालय इस सबंध में प्रेस वार्ता की और बताया कि यह पहल विशेष रूप से उन बालिकाओं के लिए होगी, जोकि संसाधनों के अभाव और ग्रामीण परिवेश के कारण शिक्षा और आत्मनिर्भरता से दूर रही हैं।

संस्था संचालक रोहित जोशी ने जानकारी दी कि सेवालय का मुख्य उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर व संसाधन विहीन दिव्यांग बच्चों को समाज की मुख्यधारा से जोड़ना और उन्हें आत्मनिर्भर बनाना है। वर्तमान में सेवालय में 18 बच्चे रह रहे हैं, जिनमें 2 दृष्टिबाधित, 3 मानसिक दिव्यांग और 15 मूकबधिर हैं। संस्था इन बच्चों को न केवल रहने-खाने की मूलभूत सुविधाएं दे रही है, बल्कि उन्हें रोजगारपरक स्किल्स सिखाकर आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में भी कार्य कर रही है। जोशी ने बताया कि हमारा लक्ष्य है कि अगले दो वर्षों में कम से कम 50 बालक और 50 बालिकाओं को सेवाओं से जोड़कर उन्हें आत्मनिर्भर बनाया जाए।

# रोडवेज भवन में निर्माण सामग्री पहुंचते ही आक्रोश


कर्मचारियों के साथ विरोध करते कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा। ● अमृत विचार

सवाददाता, रानीखेत

**अमृत विचार :** रानीखेत परिवहन डिपो को अल्मोड़ा शिफ्ट किए जाने के फैसले से पहले ही नाराज़ चल रहे परिवहन कर्मचारी आज निर्माण सामग्री लेकर ठेकेदार के ट्रकों के रोडवेज भवन पहुंचने से बिफर पड़े और धरने पर बैठ गए ।

कर्मचारियों का कहना था कि बिना उन्हें सूचित किए रोडवेज भवन के भीतर ठेकेदार के मय सामान प्रवेश की इजाजत कैसे दी गई। जबकि वे भवन निर्माण करने से पहले डिपो कार्यालय की वैकल्पिक व्यवस्था नगर में ही करने की मांग करते आ रहे हैं। कर्मचारियों ने कहा कि पहले परिवहन डिपो को अन्यत्र शिफ्ट करने का फैसला त्याग कर रानीखेत में ही डिपो कार्यालय की वैकल्पिक व्यवस्था की जाए। उसके बाद ही कर्मचारी संगठनों को विश्वास में लेकर बस टर्मिनल का निर्माण कार्य शुरू किया जाए। कर्मचारियों की उक्त मांग के समर्थन में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष करन माहरा भी समर्थकों के साथ पहुंचे और प्रशासन और कर्मचारियों के बीच मध्यस्थता का माध्यम बने।

इस दौरान नगर पालिका चिलियानौला अध्यक्ष अरुण रावत, पूर्व प्रशासक ब्लॉक ताड़ीखेत हीरा सिंह रावत, पीसीसी सदस्य कैलाश पांडे, नगर कांग्रेस अध्यक्ष उमेश भट्ट, कमलेश बोरा, अगस्त साह, कुलदीप कुमार आदि मौजूद रहे।

# पेयजल मूल्य में बढ़ोत्तरी और अन्य समस्याओं पर नाराजगी

संवाददाता, अल्मोड़ा


सेवानिवृत्त केंद्रीय कर्मचारियों की बैठक के दौरान नाराजगी जताते लोग।

**अमृत विचारः** सेवानिवृत्त केंद्रीय कर्मचारी कल्याण समिति की शनिवार को बैठक आयोजित हुई। बैठक में लगातार जल मूल्य में बढ़ोत्तरी पर नाराजगी जताई। साथ ही नगर की तमाम समस्याओं पर चर्चा की गई।

नगर निगम सभागार में आयोजित बैठक में सदस्यों ने कहा कि जल मूल्य प्रतिवर्ष बढ़ाना ठीक नहीं है। एक कमेटी की ओर से वृद्धि दर तय की जानी चाहिए। शिखर से जाखन देवी तक सीवर लाइन बनने के बाद सड़क पर गड्ढे बन गए हैं। उन्हें ठीक करने की जरूरत है। इसके अलावा सदस्यों में पानी के नए संयोजन मूल सप्लाई से ही करने, अल्मोड़ा-हल्द्वानी-पंतनगर हैली सेवा के संचालन, जन औषधि केंद्रों का संचालन आम लोगों को देने, जीआईसी ग्राउंड में समारोह के कारण हुई गंदगी को साफ करने, वाटर एटीएम को ठीक करने, वेंटीलेंटर एंबुलेंस की सुविधा आदि की मांग की। यहां बैठक डॉ. पीसी जोशी, आरपी जोशी, एएस कार्की, एमसी आर्या, नारायण दत्त पांडे, एमडी कांडपाल, शेषराम, एमबी साह, एमएस मटेला, गंगा सिंह, नवीन जोशी, रमेश तिवारी, त्रिलोक सिंह कड़ाकोटी, पान सिंह मेहरा, गणेश सिंह बिष्ट, दीवान सिंह, चंद्र शेखर सिराड़ी, मनोहर सिंह नेगी आदि रहे।

# ग्राम प्रधान के 2432 उम्मीदवार मैदान में

संवाददाता, अल्मोड़ा

**अमृत विचारः** जिले में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव को लेकर नामांकन की प्रक्रिया संपन्न हो गई है। वहीं, नामांकन की प्रक्रिया साफ होने से 218 ग्राम प्रधान और 29 क्षेत्र पंचायत सदस्य निर्विरोध निर्वाचित हो गए है। जबकि जिला पंचायत के 190, क्षेत्र पंचायत के 1137, ग्राम प्रधान के 2432 और ग्राम पंचायत सदस्य के 79 प्रत्याशियों के बीच मुकाबला होगा।

त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के नामांकन जांच के बाद दो दिन तक नाम वापसी की प्रक्रिया चली। इन दो दिनों में कुल 283 दावेदारों ने नाम वापस लिए। इसमें जिला पंचायत के 15 नामांकन शामिल थे। वहीं, क्षेत्र पंचायत सदस्य में कुल 109 दावेदारों ने नामांकन वापिस लिए। वहीं, सदस्य ग्राम पंचायत के 25 और ग्राम प्रधान के 134 दावेदार इन दो दिनों में पीछे हट गए। नाम वापसी के बाद प्रत्याशियों की संख्या 6347 हो गई थी। इनमें जिला पंचायत सदस्य में 190, क्षेत्र पंचायत में 1166, ग्राम प्रधान में 2640 प्रत्याशी शामिल थे। इनमें से एक-एक ही नामांकन होने से 2209 ने निर्विरोध जीत दर्ज कर ली है। इसमें 1962 ग्राम पंचायत सदस्य शामिल हैं। निर्विरोध जीत दर्ज करने के बाद चुनाव लड़ने वाले प्रत्याशियों की संख्या 3838 रह गई है। इसमें जिला पंचायत सदस्य के 190, क्षेत्र पंचायत सदस्य के 1137, ग्राम प्रधान के 2432 और ग्राम पंचायत सदस्य के 79 प्रत्याशी मैदान में हैं।

# दूरस्थ मतदान केंद्रों का किया निरीक्षण

संवाददाता, टनकपुर


चम्पावत के दूरस्थ मतदान स्थल को जाने वाले नदी मार्ग का निरीक्षण करते बीडीओ।

**अमृत विचारः** जिलाधिकारी मनीष कुमार के निर्देश पर त्रिस्तरीय पंचायत सामान्य निर्वाचन 2025 की पारदर्शिता, निष्पक्षता एवं शांतिपूर्ण संचालन के लिए जनपद के सभी विकासखंडों में संवेदनशील एवं सुदूरवर्ती मतदान केंद्रों का निरीक्षण कार्य हो रहा है।

इसी क्रम में एसडीएम टनकपुर आकाश जोशी के निर्देशन में राजस्व, ग्राम्य विकास एवं पंचायती राज विभाग के अधिकारियों की संयुक्त टीम द्वारा चम्पावत ब्लॉक के दूरस्थ ग्रामसभा बुडम के कठौल गांव में निरीक्षण किया गया। चम्पावत के खंड विकास अधिकारी अशोक अधिकारी ने मतदान स्थल का निरीक्षण कर समस्त आवश्यक व्यवस्थाओं की समीक्षा की तथा मतदान दिवस तक सभी आवश्यक सुविधाएं पूर्ण रूप से उपलब्ध होना सुनिश्चित किया। मतदाताओं की सुविधा के लिए सरड़ा नदी पर सुरक्षित आवागमन सुनिश्चित करने के लिए खंड विकास अधिकारी द्वारा कनिष्ठ अभियंता (मनरेगा) को 3x3 मीटर का चेक डैम शीघ्र निर्माण कराने के निर्देश दिए गए ताकि ग्रामीणों को नदी पार करने में किसी प्रकार की कठिनाई न हो।

पूर्व में भी उन्होंने राजकीय प्राथमिक विद्यालय खिरद्वारी का निरीक्षण किया, जहां मतदान केंद्र की मूलभूत सुविधाओं स्वच्छ पेयजल, शौचालय, बिजली आदि की स्थिति का गहन परीक्षण कर आवश्यक सुधार के लिए निर्देशित किया गया। इसके अलावा खंड विकास अधिकारी पाटी अवनीश सिंह, खंड विकास अधिकारी लोहाघाट कवींद्र रावत और खंड विकास अधिकारी बाराकोट मोनिका पाल ने भी अपने-अपने स्थलों में मतदान केंद्र का निरीक्षण किया गया।


जागरुकता शिविर में शोधार्थी विनीता, बोनाफाइड स्कूल स्टाफ एवं विद्यार्थी।

### सामुदायिक वितरण व संरक्षण कार्यशाला संपन्न

**चौखुटिया (अल्मोड़ा), अमृत विचार :** वाइल्ड लाइफ इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया की शोधार्थी कुमारी विनीता संगेला द्वारा स्थानीय बोनाफाइड पब्लिक हाईस्कूल में सामुदायिक वितरण और संरक्षण के लिए जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। रिफर्ड फाउंडेशन से अनुदान प्राप्त शोधार्थी विनीता रामगंगा नदी और उसके किनारे बाघ भृंग टाइगर बीटल की विविधता और वितरण पर शोध कर रही हैं। बोनाफाइड पब्लिक हाईस्कूल में आयोजित इस कार्यशाला में बच्चों को इसके संदर्भ में विस्तार से जानकारी दी गयी। विनीता ने बताया कि वह लगभग चार वर्ष से इस अभियान में जुड़कर काम कर रही है साथ ही रामगंगा के लिए सामुदायिक भागीदारी हेतु भी समाज को विशेष रूप से बच्चों के माध्यम से लगातार जागरूक करने प्रयास कर रही है। कार्यशाला में बच्चों के साथ ही राधा लोहनी, स्कूल की निदेशक मधु कांडपाल, नीलम बड़ूनी, हयात सिंह रावत, दान सिंह बोरा, शुचिता और कला ने सहयोग किया।

# करन माहरा के जन्मदिवस पर रक्तदान शिविर का आयोजन

संवाददाता, रानीखेत


अस्तपाल में मरीजों को फल वितरित करते कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा।

**अमृत विचारः** प्रदेश कांग्रेस कमेटी उत्तराखंड के सम्मानित अध्यक्ष करन माहरा के जन्मोत्सव के अवसर पर आज जिला, ब्लॉक, नगर कांग्रेस कमेटी ने रक्तदान व फल वितरण का आयोजन गोविंद सिंह माहरा नागरिक चिकित्सालय रानीखेत में किया। जिसमें प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा ने भी प्रतिभाग किया व मरीजों को फल वितरित किये व उनका हालचाल जाना।

माहरा ने गोविंद सिंह माहरा नागरिक चिकित्सालय के क्षतिग्रस्त दीवार व भवन का निरीक्षण किया व समाधान लिए जिलाधिकारी व अन्य अधिकारियों से वार्ता की। रक्तदान शिविर के आयोजन में कुल 13 कांग्रेसियों ने रक्तदान किया। कार्यक्रम में उनके साथ पीसीसी सदस्य कैलाश पांडेय, नगरपालिका अध्यक्ष अरुण रावत, निवर्तमान ब्लॉक प्रमुख हीरा सिंह रावत, पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष गोपाल सिंह देव, नगर अध्यक्ष उमेश भट्ट, कार्यकारी अध्यक्ष पंकज जोशी, अगस्त लाल साह, विश्व विजय सिंह माहरा, महिला नगर अध्यक्ष नेहा माहरा, कुलदीप कुमार, विनीत चौरसिया, अंकिता पंत, दीप उपाध्याय, विजय तिवारी, चंदन बिष्ट, हेमा माहरा, स्वाति बंसल, पंकज थापा, मीडिया प्रभारी सोनू सिद्दीकी आदि उपस्थित रहे।

# नाबालिग बेटी के साथ घर से लापता हुई महिला

**टनकपुर, अमृत विचार :** नगर के एक वार्ड की महिला अपनी नाबालिग बेटी को लेकर घर से फरार हो गई। पति ने टनकपुर कोतवाली में तहरीर देकर पत्नी और नाबालिग बेटी की तलाश करने की गुहार लगाई है।

नगर के वार्ड नंबर तीन में रहने वाले मूल रूप से उत्तर प्रदेश के बीसलपुर निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस को दी तहरीर में कहा है कि उसकी 25 वर्षीय पत्नी दो वर्ष की बेटी को साथ लेकर बिना बताए घर से लापता हो गई है। काफी खोजबीन करने के बाद भी उसका पता नहीं चल पाया है। कोतवाल चेतन रावत ने बताया कि महिला के पति की तहरीर पर पुलिस ने गुमशुदगी पंजीकृत कर जांच शुरू कर दी है।

# 24 नए पुलों से ग्रामीण आवागमन होगा सुगम

संवाददाता, टनकपुर

**अमृत विचारः** जनपद चम्पावत में अब स्कूली छात्र-छात्राओं और आमजन को नदी-नालों व गधेरों को पार करने में आने वाली समस्याओं से जल्द ही निजात मिलेगी। इस दिशा में जिला प्रशासन ने 24 नए पुलों और पुलियाओं के निर्माण की तैयारी कर ली है।

यह जानकारी जिला विकास अधिकारी दिनेश सिंह दिगारी ने देते हुए बताया कि इन पुलों व पुलियाओं का निर्माण मनरेगा एवं अन्य योजनागत मदों से किया जाएगा। निर्माण के लिए ऐसे स्थलों का चयन किया गया है जहां वर्षा ऋतु अथवा सामान्य दिनों में भी आवागमन अत्यंत चुनौतीपूर्ण होता है, विशेषकर स्कूल जाने वाले बच्चों, वृद्धजनों एवं ग्रामीण जनता के लिए। उन्होंने बताया कि प्रस्तावित निर्माण कार्यों के अंतर्गत विकासखंड पाटी में 12, चम्पावत में 8, लोहाघाट में 2 तथा बाराकोट में 2 पुल और पुलियाएं शामिल हैं। इन सभी परियोजनाओं से संबंधित प्रक्रियात्मक औपचारिकताएं पूर्ण की जा रही हैं, जिससे निर्माण कार्य समयबद्ध प्रारंभ हो सके।

डीडीओ दिगारी ने बताया कि वर्तमान में त्रिस्तरीय पंचायत सामान्य निर्वाचन-2025 की आचार संहिता प्रभावी होने के कारण निर्माण कार्यों की शुरुआत नहीं हो सकी है। जैसे ही आचार संहिता समाप्त होगी इन परियोजनाओं पर तेजी से कार्य प्रारंभ किया जाएगा।

# छात्रा हुई लापता अज्ञात के विरुद्ध मामला पंजीकृत

**टनकपुर, अमृत विचार :** नगर से लगे एक गांव की नाबालिग छात्रा स्कूल जाने के बाद घर नहीं लौटी। काफी खोजबीन के बाद भी छात्रा का सुराग न लगने पर परिजनों ने कोतवाली में गुमशुदगी लिखवाई है। कोतवाल चेतन रावत ने बताया कि नाबालिग छात्रा नगर के एक स्कूल में पढ़ती है।

शुक्रवार की सुबह वह विद्यालय गई थी। देर शाम तक वापस नहीं लौटने पर घर के लोगों ने उसकी काफी तलाश की, लेकिन सुराग नहीं लगा। उन्होंने बताया कि तहरीर के आधार पर अज्ञात के विरुद्ध मामला पंजीकृत कर छात्रा की खोजबीन शुरू कर दी गई है। मामले की जांच उप निरीक्षक राकेश कठायत को सौंपी गई है।

# 1160 ग्राम पंचायतों की सरकार चुनेंगे मतदाता

- त्रिस्तरीय पंचायत चुनावों की अंतिम मतदाता सूची जारी
- जिले में 265435 महिला तो 285185 पुरुष करेंगे मतदान

संवाददाता, अल्मोड़ा

**अमृत विचारः** जिले में त्रिस्तरीय पंचायत चुनावों के लिए मतदाताओं की अंतिम सूची जारी कर दी गई है। जिले भर में कुल पांच लाख 50 हजार 620 मतदाता 1160 ग्राम पंचायतों की सरकार चुनेंगे।

त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के लिए 24 जुलाई को पहले चरण और 28 जुलाई को दूसरे चरण का मतदान होना है। चुनाव के लिए प्रत्याशी प्रचार प्रसार में जुटे हुए हैं। वहीं, पंचास्थानि कार्यालय की ओर से मतदाताओं की अंतिम सूची भी जारी कर दी गई है। जारी सूची के अनुसार, जिले में कुल 550620 मतदाता पंजीकृत हैं। इसमें 265435 स्त्री तो 285185 पुरुष मतदाता शामिल हैं।

वहीं, ब्लॉकों की बात करें तो सल्ट ब्लॉक में सर्वाधिक 65502 मतदाता हैं। हवालबाग में मतदाताओं की संख्या 62744 और ताड़ीखेत में 62342 है। वहीं, भैंसियाछाना में सबसे कम 25681 वोटर हैं। इसके अलावा धौलादेवी में 58476, लमगड़ा में 51825, ताकुला में 44102, द्वाराहाट में 60275, चौखुटिया में 41363, स्याल्दे में 41339 और भिकियासैंण में 36971 मतदाता पंजीकृत हैं।

प्रक्रिया | दो दिनी प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान सीडीओ ने पीठासीन एवं मतदान अधिकारियों को दी कड़ी जिम्मेदारी निभाने की सीख

# पीठासीन व मतदान अधिकारियों का प्रशिक्षण संपन्न

संवाददाता,चम्पावत


चम्पावत में प्रशिक्षार्थियों को जानकारी देते मुख्य विकास अधिकारी डॉ. जीएस खाती ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** पंचायत चुनाव शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से गौरलचौड़ मैदान, चम्पावत स्थित ऑडिटोरियम में पीठासीन अधिकारियों एवं मतदान अधिकारी प्रथम के लिए दो दिवसीय गहन प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रशिक्षण के दूसरे दिन मुख्य विकास अधिकारी डॉ. जीएस खाती ने प्रशिक्षार्थियों को संबोधित करते हुए चुनाव प्रक्रिया के प्रत्येक चरण को गंभीरता से समझने और उसे नियमानुसार निष्पादित करने के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि निर्वाचन प्रक्रिया देश की लोकतांत्रिक व्यवस्था की नींव है। सभी अधिकारी उस व्यवस्था के संवाहक हैं, अतः आपसे अपेक्षा है कि आप न केवल निष्पक्षता व पारदर्शिता बनाए रखें, बल्कि आम मतदाता को यह विश्वास भी दिलाएं कि उसका मत सुरक्षित और महत्वपूर्ण है।

उन्होंने कहा कि चुनाव एक अत्यंत संवेदनशील एवं जवाबदेह दायित्व है, जिसमें पारदर्शिता, समयबद्धता एवं निष्पक्षता सर्वोपरि हैं। मतदान केंद्र पर आने वाले प्रत्येक मतदाता को सम्मानजनक व्यवहार, समुचित मार्गदर्शन और मूलभूत सुविधा मिलनी चाहिए, यह हमारी प्राथमिक जिम्मेदारी है।

सीडीओ ने स्पष्ट किया कि चुनाव कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही या त्रुटि स्वीकार नहीं की जाएगी। उन्होंने मतपेटियों की सुरक्षा, सामग्री प्रबंधन, वर्षा ऋतु में आवश्यक सतर्कता सहित मतदान की समग्र प्रक्रिया पर विस्तारपूर्वक प्रकाश डाला। उन्होंने प्रशिक्षण सत्र के दौरान स्वयं मतपेटियों से संबंधित अभ्यास का निरीक्षण कर उपस्थित अधिकारियों को आवश्यक व्यावहारिक दिशा-निर्देश भी दिए। प्रशिक्षण सत्र में मास्टर ट्रेनर जीवन कलोनी, डॉ. एम.पी. जोशी एवं पी.एस. उपाध्याय द्वारा प्रशिक्षार्थियों को मतगणना, मतपत्रों की पहचान, मतदान केंद्र की व्यवस्था, आदर्श आचार संहिता, आकस्मिक स्थिति प्रबंधन, बैलेट बॉक्स संचालन एवं मतदान दिवस की कार्य योजना जैसे विषयों पर जानकारी दी गई।

# एलडीएफ-यूडीएफ ने भ्रष्टाचार को दिया बढ़ावा

## केंद्रीय गृह मंत्री शाह बोले- दोनों ने तुष्टीकरण की राजनीति की और केरल को राष्ट्र-विरोधी ताकतों के लिए पनाहगाह बनाया

तिरुवनंतपुरम, एजेंसी

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शनिवार को सत्तारूढ़ मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) नीत वाम लोकतांत्रिक मोर्चा (एलडीएफ) और विपक्षी कांग्रेस नीत संयुक्त लोकतांत्रिक मोर्चा (यूडीएफ), दोनों पर ही निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि दोनों मोर्चों की सरकारों ने केवल भ्रष्टाचार को बढ़ावा दिया, तुष्टीकरण की राजनीति की और केरल को 'पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया' (पीएफआई) जैसी 'राष्ट्र-विरोधी ताकतों' के लिए पनाहगाह बना दिया।


तिरुवनंतपुरम में शनिवार को आयोजित जनसभा में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के साथ केरल राज्य के भाजपा अध्यक्ष राजीव चंद्रशेखर।

शाह ने पार्टी कार्यकर्ताओं से कहा कि केवल भाजपा की राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) ही राज्य में विकास ला सकता है, न कि एलडीएफ या यूडीएफ। उन्होंने कहा कि दक्षिणी राज्यों के विकास के बिना विकसित भारत संभव नहीं है और विकसित भारत का मार्ग केवल विकसित केरलम से होकर जाता है। शाह ने रेखांकित किया, इसलिए, अब से भाजपा का मूल उद्देश्य विकसित केरलम होगा। उन्होंने कहा कि भाजपा के बिना केरल में विकास नहीं हो सकता। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि मोदी सरकार ने राज्य को हजारों करोड़ की विड़िण्गम बंदरगाह जैसी परियोजनाएं दी हैं, दो वंदे भारत ट्रेनों के जरिए 11 जिलों को जोड़ा है और केरल के लिए रेलवे बजट को 2004 के 372 करोड़ रुपये से बढ़ाकर वर्तमान में 3,700 करोड़ कर दिया है। उन्होंने दावा किया कि मोदी सरकार ने पिछली कांग्रेस सरकारों की तुलना में केरल पर कई गुना ज्यादा पैसा खर्च किया है। शाह ने कहा कि वह पार्टी के प्रदेश कार्यालय के जरिए इसके आंकड़े जारी करेंगे।

केंद्रीय गृह मंत्री ने शनिवार को कहा कि भाजपा के लिए केरल में मुख्यमंत्री होने से ज्यादा जरूरी यह सुनिश्चित करना है कि राज्य में पार्टी कार्यालय विकसित केरलम का केंद्र बने। शाह ने पार्टी के 'विकसित केरलम' मिशन का लोगो भी जारी किया।

### राज्य के पास अधिकार था पर केंद्र सरकार ने लगाया पीएफआई पर प्रतिबंध

उन्होंने आरोप लगाया कि दोनों की सरकारों ने केरल को पीएफआई जैसी राष्ट्र-विरोधी ताकतों के लिए पनाहगाह बनाया। केंद्र ने 2022 में पीएफआई और उसके सहयोगियों को गैरकानूनी घोषित किया। केरल के पास प्रतिबंध लगाने के अधिकार हैं, लेकिन जब यह संगठन देश भर में फैल गया, तब प्रधानमंत्री मोदी ने इस पर प्रतिबंध लगाया और यह सुनिश्चित किया कि इसके शीर्ष नेताओं की गिरफ्तारी हो। शाह ने पुथरीकंदम मैदान में आयोजित वार्ड स्तरीय नेतृत्व बैठक में कार्यकर्ताओं की सभा में कहा, "माकपा और कांग्रेस, भाजपा को उत्तर भारतीय पार्टी करार देती हैं लेकिन हमने असम और त्रिपुरा जैसे कई राज्यों में सरकारें बनाईं, जो विपक्षी दलों के गढ़ थे और उनकी पार्टी तमिलनाडु में भी सत्ता में आएगी। शाह ने कहा कि केरल में भाजपा के नेतृत्व वाले राजग का मत प्रतिशत 2014 से बढ़ा है और गठबंधन राज्य में 2026 का विधानसभा चुनाव सरकार बनाने के इरादे से लड़ेगा।

# मध्यस्थता कैसी होनी चाहिए भारत इसकी पुनर्कल्पना कर रहा : न्यायूमर्ति सूर्यकांत

नई दिल्ली, एजेंसी

सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश सूर्यकांत ने कहा है कि भारत अब केवल स्थापित मध्यस्थता केंद्रों की बराबरी करने का प्रयास नहीं कर रहा है, बल्कि सक्रिय रूप से इस बात की 'पुनः कल्पना' कर रहा है कि एक गतिशील और बहुध्रुवीय कानूनी व्यवस्था में मध्यस्थता कैसी हो सकती है और कैसी होनी चाहिए। न्यायमूर्ति सूर्यकांत ने कहा कि मध्यस्थता का भविष्य न केवल अंतर्राष्ट्रीय है, बल्कि भारतीय भी है। उन्होंने साथ ही प्रवर्तन संबंधी चिंताओं जैसी गंभीर चुनौतियों का भी हवाला दिया, जिनका देश को समाधान करना होगा।

उन्होंने संस्थागत विकास को बढ़ाने के लिए सार्वजनिक-निजी भागीदारी की वकालत की। सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश 10 जुलाई को स्वीडन के गोथेनबर्ग में हुए अंतर्राष्ट्रीय मध्यस्थता की पुनः कल्पनाः वैश्विक मध्यस्थता स्थल के रूप में भारत का उदय विषय पर गोलमेज बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि मध्यस्थता को अब गौण रूप में नहीं देखा जाता, बल्कि यह विवाद समाधान का एक पसंदीदा तरीका बनता जा रहा है।


स्वीडन के गोथेनबर्ग में हुई गोलमेज की बैठक को न्यायमूर्ति ने किया संबोधित

सूर्यकांत ने कहा कि लक्षित सुधारों, संस्थागत विकास और मध्यस्थता के प्रति गहरी होती सांस्कृतिक प्रतिबद्धता के माध्यम से भारत एक ऐसा मॉडल तैयार कर रहा है, जो न केवल वैश्विक मानकों के प्रति उत्तरदायी है, बल्कि इसके कानूनी और आर्थिक संदर्भ को भी दर्शाता है। उन्होंने कहा कि मैं आपके समक्ष जो संदेश छोड़ना चाहता हूं वह स्पष्ट हैः भारत अब केवल स्थापित मध्यस्थता केंद्रों की बराबरी करने का प्रयास नहीं कर रहा है - वह सक्रिय रूप से इस बात की पुनर्कल्पना कर रहा है कि एक गतिशील, बहुध्रुवीय कानूनी व्यवस्था में मध्यस्थता कैसी हो सकती है और कैसी होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि यह बदलाव केवल कानून और बुनियादी ढांचे से नहीं हो सकता, बल्कि इसके लिए भारत के मध्यस्थता पारिस्थितिकी तंत्र को पोषित करने, विश्वास पैदा करने और अंतरराष्ट्रीय संवाद को बढ़ावा देने में सरकारों, मध्यस्थता संस्थानों, चिकित्सकों और शिक्षाविदों द्वारा सामूहिक निवेश की आवश्यकता है।

## एक नजर

### पटना हवाई अड्डे को मिली धमकी, सुरक्षा बढ़ाई गई

**पटना।** शहर स्थित जयप्रकाश नारायण अंतर्राष्ट्रीय (जेपीएनआई) हवाई अड्डे पर अधिकारियों को ईमेल से बम की धमकी मिलने के बाद शनिवार को सुरक्षा बढ़ा दी गई, हालांकि यह अफवाह निकली। हवाई अड्डे की ओर से जारी बयान में कहा गया, शुक्रवार रात नौ बजे हवाई अड्डे के निदेशक के ईमेल पर बम की धमकी मिली थी। एसपी (पटना सेंट्रल) दीक्षा ने बताया कि घटना के बाद हवाई अड्डे पर सुरक्षा कड़ी कर दी गई है।

### छत्तीसगढ़: 23 नक्सलियों ने किया आत्मसमर्पण

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले में 23 नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया। पुलिस अधिकारियों ने शनिवार को बताया कि इन नक्सलियों पर कुल 1.18 करोड़ का इनाम था। आत्मसमर्पण करने वाले 23 नक्सलियों में नौ महिला नक्सली शामिल थीं। उन्होंने बताया कि आत्मसमर्पण करने वाले नक्सलियों पर क्षेत्र में बड़ी नक्सली घटनाओं में शामिल होने का आरोप है।

### मणिपुर में आठ उग्रवादी गिरफ्तार

**इंफाल।** मणिपुर के तीन जिलों से सुरक्षाबलों ने विभिन्न प्रतिबंधित संगठनों के आठ उग्रवादियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने शनिवार को बताया कि प्रतिबंधित 'पीपुल्स रिवोल्यूशनरी पार्टी ऑफ कांगलीपाक' (पीआरईपीएके-वीसी-रेड आर्मी) के एक कैडर को शुक्रवार को इंफाल पश्चिम जिले के महाराबी से गिरफ्तार किया गया।

# यौन उत्पीड़न से क्षुब्ध छात्रा ने खुद को लगाई आग, प्राचार्य निलंबित

बालासोर, एजेंसी

- आरोपी शिक्षक गिरफ्तार, 90 प्रतिशत जल चुकी है छात्रा

ओडिशा के बालासोर के महाविद्यालय की छात्रा ने यौन उत्पीड़न से क्षुब्ध होकर शनिवार को शैक्षणिक संस्थान परिसर में खुद को आग लगा ली। छात्रा को बचाने में एक छात्र भी झुलस गया है। दोनों को भुवनेश्वर एम्स रेफर कर दिया गया है। इस पर सरकार ने प्राचार्य और शिक्षा विभाग के प्रमुख को निलंबित कर दिया है।

पुलिस के मुताबिक, घटना शनिवार दोपहर तब हुई जब छात्रा ने बालासोर स्थित फकीर मोहन (स्वायत्त) कॉलेज के प्राचार्य दिलीप घोष से मुलाकात की और सहायक प्रोफेसर एवं विभागाध्यक्ष समीर साहू के खिलाफ यौन उत्पीड़न की शिकायत पर कार्रवाई की मांग की थी। अधिकारी ने बताया कि आरोपी शिक्षक समीर साहू को गिरफ्तार कर लिया है। उच्च शिक्षा मंत्री सूर्यवंशी सूरज ने छात्रा के स्वास्थ्य की जानकारी लेने के लिए एम्स भुवनेश्वर का दौरा किया।

# दिल्ली में ऑरेंज -येलो अलर्ट जारी

नई दिल्ली, एजेंसी

दिल्ली के कुछ हिस्सों में शनिवार को बारिश हुई, जिस पर ऑरेंज और येलो अलर्ट जारी किए गए। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने शुरुआत में दिल्ली के लिए ग्रीन अलर्ट जारी किया था, जिसका अभिप्राय है कि उस दिन कोई चेतावनी नहीं है। हालांकि, जैसे-जैसे स्थिति बदलती गई, चेतावनी के स्तर में बदलाव किया गया।

दिल्ली की मौसम वेधशाला सफदरजंग में शाम 5.30 बजे तक 12.9 मिमी बारिश हुई। अन्य इलाकों में भी बारिश हुई, लोधी रोड में 12 मिमी और प्रगति मैदान में 11 मिमी बारिश दर्ज की गई। शहर का अधिकतम तापमान 34.8 डिग्री तक पहुंच गया, जो सामान्य तापमान से 0.7 डिग्री कम है। न्यूनतम तापमान 26.4 डिग्री दर्ज किया गया, जबकि सापेक्षिक आर्द्रता सुबह 82 से शाम को 62% के बीच रही।



### हिमाचल में बारिश से 249 सड़कें बंद

**शिमला।** हिमाचल में भारी बारिश से 249 सड़कें वाहनों की आवाजाही के लिए बंद हैं, जिनमें से 207 मंडी जिले में हैं। यह सड़कें भूस्खलन से प्रभावित है। बारिश से मंडी से धर्मपुर (कोटली होकर) के बीच एनएच- 3 (अटारी-लेह) भारी वाहनों के लिए बंद है। पंडोह बांध के पास कैची मोड़ पर भूस्खलन से मंडी-कुल्लू खंड को 10 घंटे तक बंद रखना पड़ा।

# मप्रः कुनो राष्ट्रीय उद्यान में मादा चीता की चोटों के कारण मौत

श्योपुर, एजेंसी

नामीबिया से मध्यप्रदेश के कुनो राष्ट्रीय उद्यान (केएनपी) में स्थानांतरित 8 वर्षीय नाभा नामक चीता की शनिवार को चोटों से मौत हो गई। चीता परियोजना के क्षेत्र निदेशक उत्तम शर्मा ने कहा, नाभा एक सप्ताह पहले, बाड़े के अंदर शिकार के प्रयास के दौरान घायल हो गई थी। उसको फ्रैक्चर के साथ अन्य चोटें भी थीं। उसका एक सप्ताह तक इलाज चला, लेकिन चोटों से उसकी मृत्यु हो गई।

### बीबीपी में बाघ के तीन शावकों की मौत

**बेंगलुरु।** बन्नेरघट्टा जैविक उद्यान (बीबीपी) में बाघिन द्वारा जन्म देने के बाद छोड़ देने से उसके तीन शावकों की मौत हो गई। अधिकारियों ने बताया कि बाघिन हिमा दास ने 7 जुलाई को 3 शावकों को जन्म दिया, लेकिन जन्म के बाद उसने उनकी देखभाल नहीं की, जिससे तीनों घायल हो गए। शावकों को चिकित्सा के लिए अस्पताल भेजा गया, लेकिन उन्हें बचाया नहीं जा सका।

# चिराग को सोशल मीडिया पर मिली धमकी, शिकायत दर्ज

**पटना।** केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान को इंस्टाग्राम उपयोगकर्ता से जान से मारने की धमकी मिली है। यह जानकारी उनकी लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) ने शनिवार को दी। लोजपा (रामविलास) ने 'एक्स' हैंडल पर मुख्य प्रवक्ता राजेश भट्ट द्वारा पटना के साइबर पुलिस थाने में दर्ज कराई शिकायत का स्क्रीनशॉट भी साझा किया।

भट्ट ने शिकायत में टाइगर मेराज इदरीसी की पोस्ट का हवाला दिया, जिसने हाजीपुर के सांसद को बम से उड़ाने की धमकी दी है। थाना प्रभारी (एसएचओ) ने मामले में जांच का आदेश दिया है। भट्ट ने आरोप लगाया है कि उपयोगकर्ता ने आपराधिक प्रवृत्ति दिखाई है और ऐसा लग रहा है कि वह हमारे नेता की बढ़ती लोकप्रियता से परेशान है। पार्टी ने केंद्र और राज्य सरकार से यह सुनिश्चित करने का आग्रह किया कि अपराधी को न्याय के कटघरे में लाया जाए और आरोप लगाया कि वह राष्ट्रीय जनता दल (राजद) का समर्थक है।

# स्कूली शिक्षा की स्थिति चिंताजनक मोदी सरकार उदासीन : खरगे

नई दिल्ली, एजेंसी

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने स्कूली शिक्षा की स्थिति से जुड़े सर्वेक्षण का हवाला देते हुए शनिवार को दावा किया कि इस चिंताजनक स्थिति को लेकर नरेन्द्र मोदी सरकार का रवैया उदासीन है। उन्होंने परख राष्ट्रीय सर्वेक्षण 2024 का हवाला देते हुए कहा कि कक्षा 3 के बच्चों में 40% अक्षरों की सही से पहचान नहीं कर पा रहे और छठी कक्षा के 44% बच्चे सरल शब्दों के अर्थ से अवगत नहीं हैं। वर्तमान में स्कूली शिक्षा की स्थिति कोविड काल से पहले की


स्कूली शिक्षा की स्थिति से जुड़े सर्वेक्षण का कांग्रेस अध्यक्ष ने दिया हवाला

तुलना में ज्याद खराब है। खरगे ने एक्स पर कहा, परीक्षा पर चर्चा और एग्जाम वॉरियर्स जैसे चर्चित शब्द और स्व-प्रचार कार्यक्रम भारत में शिक्षा की वास्तविक स्थिति को दर्शाने वाले इन चिंताजनक सूचकांकों को छिपा नहीं सकते। व्यापक उदासीनता से सीखने का स्तर गिर रहा है और सरकार देश के भविष्य के प्रति उदासीन बनी है।

# पिता नहीं चाहता था इन्फ्लुएंसर बने राधिका

गुरुग्राम (हरियाणा), एजेंसी

गुरुग्राम पुलिस ने शनिवार को कहा कि पूर्व राज्यस्तरीय टेनिस खिलाड़ी राधिका यादव की अपनी अकादमी नहीं थी और वह अलग-अलग जगहों पर टेनिस कोर्ट बुक कर खिलाड़ियों को प्रशिक्षण देती थीं, जो उनके पिता को रास नहीं आ रहा था। वहीं ये दावे थे कि दीपक राधिका की 'इन्फ्लुएंसर' बनने की आकांक्षा से काफी नाराज था। वहीं, दीपक को शनिवार को अदालत में पेश किया गया, जिसने उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया।

इससे पहले, पुलिस ने कहा था कि राधिका टेनिस अकादमी चलाती थीं, जो पिता-पुत्री के बीच विवाद का विषय था, क्योंकि दीपक को बेटी की कमाई पर निर्भर रहने के लिए ताना मारा जाता था। पुलिस के अनुसार, दीपक ने अपनी बेटी की गोली मारकर हत्या करने की बात कबूल कर ली है। आरोपी आर्थिक रूप से संपन्न है और संपत्तियों को किराये पर देने से उसकी अच्छी आमदनी होती है, लेकिन तानों से कुछ सप्ताह से अवसाद में था। वहीं, कई लोगों ने दावा किया था कि एक कलाकार के साथ राधिका का संगीत वीडियो उनकी हत्या का कारण बना। सेक्टर 56 थाने के निरीक्षक विनोद कुमार ने कहा, वीडियो 2023 में अपलोड हुआ था और इसका हत्या से संबंध नहीं है। आरोपी ने बार-बार कहा है कि वह नहीं चाहता था कि उसकी बेटी प्रशिक्षण से कमाई करे।

**पूर्व टेनिस खिलाड़ी हत्याकांड**


राधिका की अपनी अकादमी नहीं थी, अलग-अलग टेनिस कोर्ट बुक करके देती थीं प्रशिक्षण

### मेरे भाई ने बेटी की हत्या की बात कबूली

राधिका यादव के चाचा विजय यादव ने कहा कि आरोपी दीपक ने अपनी बेटी की हत्या की बात उनके समक्ष कबूल की है। उसे फांसी दे दी जानी चाहिए। विजय ने कहा, दीपक का परिवार संपन्न है। दीपक को अपनी गलती का एहसास था और किसी के लिए पश्चाताप से बड़ी कोई सजा नहीं हो सकती। पूरा परिवार सदमे में है।

## कारोबार/कृषि

# डिजिटल माध्यम से वैश्विक पहुंच जरूरी

## सीतारमण ने विकास के साथ पारिस्थितिकी के संरक्षण को संतुलित करने की आवश्यकता बताई

शिलॉंग, एजेंसी

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शनिवार को विशेष रूप से मेघालय जैसे क्षेत्रों में विकास की आकांक्षाओं के साथ पारिस्थितिकी के संरक्षण को संतुलित करने की आवश्यकता को रेखांकित किया। उन्होंने स्वीकार किया कि जलवायु संकट इस हद तक बढ़ा है कि सर्वोत्तम मौसम विज्ञान उपकरण भी सटीक पूर्वानुमान नहीं कर सकते।

वित्त मंत्री ने कहा, मौसमी घटनाएं आम बात हो गई हैं। अचानक बाढ़ आना और पहले कई महीनों तक होने वाली बारिश अब एक ही दिन में हो रही है, जिससे जान-माल का नुकसान हो रहा है। ग्रामीण और वन क्षेत्रों में बदलाव पर उन्होंने आधुनिक बुनियादी ढांचे की जरूरतों पर बल दिया।


केंद्रीय वित्त मंत्री ने नागरिकों, उद्योग और नीति निर्माताओं के बीच सहयोग के महत्व पर भी जोर दिया

सीतारमण ने कहा, हमें कनेक्टिविटी के लिए ऑप्टिकल फाइबर और डिजिटल उपकरणों के माध्यम से वैश्विक पहुंच की जरूरत है ताकि कारीगर और किसान अपने उत्पादों का विपणन कर सकें। इसका अर्थ है उन क्षेत्रों में विस्तार करना जो सहस्राब्दियों से हरे-भरे रहे हैं। उन्होंने कहा कि पारिस्थितिक रूप से संवेदनशील क्षेत्रों में विकास कार्य से जुड़े फैसले स्थानीय स्तर पर लिए जाने चाहिए। यह मेरा काम नहीं है कि मैं कहीं और से कहूं कि किसी क्षेत्र को (विकास से) अछूता रहना चाहिए। लोगों को यह तय करना होगा कि वे किस मात्रा में होने वाले विकास के साथ सहज हैं और उन्हें इसकी किस स्तर पर इसकी सीमा तय करनी है। यह कहना उचित नहीं कि किसी क्षेत्र को अछूता रहना चाहिए।

केंद्रीय मंत्री ने यह महत्वपूर्ण प्रश्न उठाया कि यदि विकास को पूरी तरह से नकार दिया जाए, तो क्या वे लोग जो पीढ़ियों से अपरिवर्तित रहे हैं और अब बेहतर जीवन की आकांक्षा रखते हैं, संतुष्ट हो सकेंगे? उन्होंने कहा कि यह बात न केवल भारत में, बल्कि पूरे विश्व में चर्चा कें केंद्र में है। इस मुद्दे की तात्कालिकता को रेखांकित करते हुए, केंद्रीय वित्त मंत्री ने कहा कि अगला वैश्विक जलवायु शिखर सम्मेलन ब्राजील में अमेजन वर्षावन के किनारे एक सुदूर क्षेत्र में आयोजित किया जाएगा। वहां इसके आयोजन का उद्देश्य यह प्रदर्शित करना है कि कैसे दुनिया अब जलवायु और विकास की बातचीत को सीधे सबसे नाजुक पारिस्थितिक तंत्रों तक ला रही है।

सीतारमण ने कहा, मुझे खुशी है कि यह आज सुबह यहां शुरू हुई। केंद्रीय वित्त मंत्री ने नागरिकों, उद्योग और नीति निर्माताओं के बीच सहयोग के महत्व पर भी जोर दिया। सीतारमण ने कहा कि केंद्र सरकार व्यापक भागीदारी और पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए कर ढांचे को सरल बनाने और वित्तीय प्रणालियों की पहुंच बढ़ाने के लिए सक्रिय रूप से काम कर रही है।

# मुरादाबाद में 200 करोड़ निवेश करेगी लोहिया वर्ल्डस्पेस

**नई दिल्ली।** रियल एस्टेट कंपनी लोहिया वर्ल्डस्पेस उत्तर प्रदेश के मुरादाबाद में 10 एकड़ की आवासीय परियोजना विकसित करने के लिए लगभग 200 करोड़ का निवेश करेगी। यह रियल एस्टेट व्यवसाय में कंपनी की शुरुआत होगी। इस परियोजना में 175 लक्जरी विला शामिल होंगे। लोहिया वर्ल्डस्पेस, दिल्ली स्थित विविधीकृत निजी स्वामित्व वाली कंपनी लोहिया ग्लोबल की रियल एस्टेट इकाई है, जिसका वार्षिक राजस्व लगभग 1,200 करोड़ है। साल 1979 में स्थापित इस समूह के चार व्यवसाय - हस्तशिल्प निर्यात, इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी), टाइल और सौर ऊर्जा हैं। वर्ल्डस्पेस के निदेशक पीयूष लोहिया ने कहा, हमारा उद्देश्य ऐसे घर बनाना है जो आधुनिक, सार्थक और विचारशील हों। इसकी लागत 200 करोड़ है और 2029 तक पूरा होने की उम्मीद है।

# सेवा व्यापार: आर्थिक दृष्टि से महत्वपूर्ण

सेवाओं का व्यापार वह प्रक्रिया है, जिसमें एक देश की कंपनियां या व्यक्ति दूसरे देश को सेवाएं प्रदान करते हैं, जैसे बैंकिंग, टूरिज्म, शिक्षा, स्वास्थ्य, आईटी, परामर्श आदि। यह व्यापार वस्तुओं की तरह दिखाई नहीं देता, लेकिन आर्थिक दृष्टि से महत्वपूर्ण होता है। वैश्वीकरण और डिजिटल तकनीकों के विकास से सेवाओं का व्यापार तेजी से बढ़ा है। यह व्यापार देशों को रोजगार, विदेशी मुद्रा और वैश्विक प्रतिस्पर्धा में बढ़त देता है। विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) की जीएटीएस ( जनरल एग्रीमेंट ऑन ट्रेड इन सर्विसेज) प्रणाली इसके नियम निर्धारित करती है।




### व्यापार की चुनौतियां

- **नियमों और मानकों की विविधता:** हर देश की अलग सेवा नीति और नियम होते हैं।
- **गोपनीयता और डेटा सुरक्षा:** डिजिटल सेवाओं में डेटा सुरक्षा अहम चुनौती है।
- **वीसा और आव्रजन नियम:** सेवा प्रदाताओं को विदेश जाने में अड़चनें आती हैं।
- **बौद्धिक संपदा अधिकार:** सॉफ्टवेयर जैसे उत्पादों में चोरी और कॉपी का खतरा।

### सेवाओं के व्यापार के प्रकार

- **सीमा पार सेवा:** भारतीय डॉक्टर विदेश जाकर इलाज करते हैं।
- **उपभोक्ता की विदेश यात्रा:** विदेशी छात्र भारत में पढ़ाई करते हैं।
- **सेवा की सीमा पार आपूर्ति:** भारत से अमेरिका को आईटी सेवाएं देना।
- **विदेशी सेवा प्रदाता का घरेलू निवेश:** विदेशी बैंक भारत में शाखा खोलते हैं।

### इस व्यापार से होने वाले लाभ

- **रोजगार सृजन:** खासकर आईटी, हेल्थ, टूरिज्म और एजुकेशन सेक्टर में।
- **विदेशी मुद्रा अर्जन:** निर्यात से देश को डॉलर/यूरो आदि में भुगतान मिलता है।
- **तकनीकीव ज्ञान:** विकसित देशों से नई तकनीक और विशेषज्ञता प्राप्त होना।
- **वैश्विक प्रतिस्पर्धा:** भारतीय प्रदाता अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिस्पर्धा में आते हैं।
- **कम निवेश में उच्च लाभ:** वस्तु व्यापार की तुलना में सेवाओं का व्यापार कम लागत में अधिक लाभ देता है।

# मोदी देश को विश्वस्तर पर गौरवान्वित करने को दृढ़संकल्पित : पीयूष गोयल

मुंबई, एजेंसी

केंद्रीय उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने शनिवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के भारत को लेकर दृष्टिकोण को दर्शाने के लिए टेलीविजन ब्रांड की मशहूर पंक्ति 'पड़ोसी की ईर्ष्या, मालिक का गौरव' का उल्लेख किया।

केंद्रीय मंत्री गोयल ने कहा कि प्रधानमंत्री भारत को विश्वस्तर पर गौरवान्वित और प्रशंसित बनाने के लिए दृढ़संकल्पित हैं, जिससे हर कोई ईर्ष्या करेगा। क्या आपको वह टीवी विज्ञापन याद है जिसकी 'टैगलाइन' थी, 'पड़ोसी की ईर्ष्या, मालिक का अभिमान'? प्रधानमंत्री इसी तरह के भारत के निर्माण के लिए प्रतिबद्ध हैं। उनके शासन ने देश के युवाओं के लिए स्व-रोज़गार और उद्यमिता से लेकर स्टार्टअप और व्यावसायिक उपक्रमों तक, सभी क्षेत्रों में अवसरों के द्वार खोले हैं।


बोले-मोदी ने स्व-रोज़गार व स्टार्टअप और व्यावसायिक उपक्रमों तक के द्वार खोलें

उन्होंने कहा कि मेक इन इंडिया, आत्मनिर्भर भारत, स्टार्टअप इंडिया, स्टैंड अप इंडिया या डिजिटल इंडिया जैसी योजनाएं भारत को दुनिया के साथ कदम से कदम मिलाकर चलने में मदद कर रही हैं। गोयल ने कहा, हमारे युवा देश की अर्थव्यवस्था से तेज़ी से जुड़ रहे हैं। भारत अब दुनिया की शीर्ष पांच अर्थव्यवस्थाओं में से एक है। अगले ढाई सालों में हम दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएंगे।

# सऊदी अरब की कंपनियां भारत में तलाशें निवेश के अवसर : नड्डा

नई दिल्ली, एजेंसी

केंद्रीय रसायन एवं उर्वरक मंत्री जे पी नड्डा ने शनिवार को सऊदी अरब की कंपनियों से भारत में निवेश के अवसर तलाशने का आग्रह किया। नड्डा सऊदी अरब की आधिकारिक यात्रा पर हैं और उनके साथ उर्वरक कंपनियों के वरिष्ठ अधिकारी और प्रतिनिधि भी हैं।

मंत्री ने सऊदी भारत व्यापार परिषद के चेयरमैन अब्दुलअजीज अल कहतानी से भी मुलाकात की। उन्होंने पूर्वी प्रांत दम्मम में व्यापारिक समुदाय के साथ भारत और सऊदी अरब की कंपनियों के बीच बढ़ते संबंधों पर बातचीत की। एक आधिकारिक बयान में कहा गया कि मंत्री ने उन्हें भारत में निवेश के अवसर तलाशने के लिए प्रोत्साहित किया।


केंद्रीय मंत्री ने सऊदी भारत व्यापार परिषद के चेयरमैन कहतानी से की मुलाकात

# वृद्धि आकांक्षाओं के अनुरूप अपनाएं दृष्टिकोण

चेन्नई, एजेंसी

केंद्रीय वित्त मंत्रालय के वित्तीय सेवा विभाग के सचिव एम नागराजू ने कहा कि सार्वजनिक क्षेत्र के इंडियन ओवरसीज बैंक (आईओबी) को 2047 के लिए ऐसा दृष्टिकोण अपनाना होगा जो देश की वृद्धि आकांक्षाओं के अनुरूप हो। उन्होंने चेन्नई में मुख्यालय वाले बैंक से आग्रह किया कि वह अपने ग्राहकों की उभरती ज़रूरतों को नवाचार और ईमानदारी के साथ पूरा करता रहे।

कुछ प्रमुख बैंकिंग सेवाओं का शुभारंभ करते हुए नागराजू ने कहा कि व्हाट्सएप आधारित बैंकिंग सेवाओं और बैंकिंग संवाददाताओं के माध्यम से पुनः केवाईसी (अपने ग्राहक को जानें) की शुरुआत से ग्राहक सेवा और बैंक के समग्र प्रदर्शन में वृद्धि होगी। उन्होंने शनिवार को एक बयान में कहा कि बैंक के पास 2047 के लिए एक दृष्टिकोण होना चाहिए, जो भारत की वृद्धि आकांक्षाओं के अनुरूप हो, ताकि वह नवाचार और ईमानदारी के साथ अपने ग्राहकों की बढ़ती जरूरतों को पूरा करना जारी रख सके।


वित्तीय सेवा सचिव नागराजू ने कहा- पुन: केवाईसी से ग्राहक और बैंक के प्रदर्शन में होगी वृद्धि

नागराजू द्वारा शुरू की गई अन्य प्रमुख पहलों में क्यूआर-आधारित तत्काल ग्राहक प्रतिक्रिया प्रणाली शामिल है, जिसकी निगरानी बैंक के केंद्रीय कार्यालय के ग्राहक सेवा विभाग में केंद्रीय रूप से की जाती है। यह ग्राहकों के लिए अपने सेवा अनुभव को तुरंत साझा करने का एक सहज और सुलभ मंच है। बैंक ने कहा कि त्वरित सुधारात्मक कार्रवाई के लिए वरिष्ठ अधिकारियों को रीयल-टाइम अलर्ट किया जाता है।

एक नजर



लंदन : भारतीय क्रिकेटर चेतेश्वर पुजारा ने लंदन के लॉर्ड्स क्रिकेट ग्राउंड पर भारत और इंग्लैंड के बीच तीसरे टेस्ट मैच के तीसरे दिन का खेल शुरू होने से पहले पांच मिनट की घंटी बजाई। ● एजेंसी

### इटली ने टी20 विश्व कप 2026 के लिए क्वालिफाई कर इतिहास रचा

**नई दिल्ली** : इटली ने अगले साल भारत और श्रीलंका में होने वाले पुरुष टी20 विश्व कप के लिए क्वालिफाई कर लिया है। यह पहली बार होगा जब वे विश्व कप का हिस्सा होंगे। उनके साथ नीदरलैंड्स ने भी इस टूर्नामेंट के लिए क्वालिफाई किया है। दोनों टीमों ने यूरोपियन क्वालिफायर में शीर्ष दो स्थान हासिल कर यह उपलब्धि अपने नाम की। पिछले चार टी20 विश्व कप का हिस्सा रह चुके स्कॉटलैंड को जर्सी के खिलाफ आखिरी गेंद पर हार झेलनी पड़ी और वे क्वालिफाई करने से चूक गए। उन्हें चार मैचों में सिर्फ एक मैच में जीत मिली। आख़िरी मैच में एक विकेट से जीत के बावजूद जर्सी भी टूर्नामेंट से बाहर हो गया क्योंकि एक अन्य मैच में नीदरलैंड्स ने इटली को हरा दिया। इटली और जर्सी दोनों के पास पांच-पांच अंक थे, पर बेहतर रन रेट के चलते इटली 2026 टी20 विश्व कप में जगह बनाने में सफल रहा।

### दिल्ली हॉकी की सब जूनियर महिला खिलाड़ियों को राहत

**नई दिल्ली** : हॉकी इंडिया ने दिल्ली उच्च न्यायालय को सूचित किया है कि रांची में चल रही 15वीं हॉकी इंडिया सब जूनियर महिला राष्ट्रीय चैंपियनशिप 2025 में दिल्ली हॉकी से मान्यता प्राप्त खिलाड़ियों की भागीदारी के लिए व्यवस्था की जाएगी। हॉकी इंडिया ने अदालत को बताया कि तीन जुलाई से 14 जुलाई तक होने वाली इस चैंपियनशिप का कार्यक्रम दिल्ली हॉकी टीम के लिए संशोधित या अनुकूलित किया जाएगा। यह दलील तब दी गई जब अदालत को बताया गया कि दिल्ली हॉकी टीम की भागीदारी इसलिए रद्द कर दी गई है क्योंकि टीम को हॉकी इंडिया के ऑनलाइन पोर्टल से हटा दिया गया है। बाद में हॉकी इंडिया के वकील ने दलील दी कि चल रही चैंपियनशिप में दिल्ली हॉकी से संबद्ध खिलाड़ियों की भागीदारी के लिए इस चरण में भी व्यवस्था की जाएगी।

### भारतीय गोल्फर अदिति संयुक्त सातवें स्थान पर

**एवियन ले बेंस** : भारतीय गोल्फर अदिति अशोक ने यहां द अमुंडी एवियन चैंपियनशिप के दूसरे दौर में दो अंडर 69 का कार्ड बनाया जिससे वह संयुक्त सातवें स्थान से शीर्ष 10 में बनी हुई हैं। पिछले 34 मेजर में वह शुरू में कभी भी शीर्ष 10 में नहीं रह पाई थीं। लेकिन उन्होंने यहां 67 और 69 के कार्ड खेले जिससे वह शीर्ष पर चल रही दक्षिण कोरिया की सोमी ली (67, 65) से चार शॉट पीछे हैं। अदिति ने बैक नाइन से शुरूआत की और दोनों तरफ दो बर्डी लगाईं और एक बोगी की।

### लिवरपूल ने डिओगो जोटा के जर्सी नंबर को रिटायर किया

**लिवरपूल** : लिवरपूल ने पिछले सप्ताह कार दुर्घटना में डिओगो जोटा की मौत के बाद उनके जर्सी नंबर 20 को रिटायर कर दिया है और क्लब में किसी भी स्तर पर कोई खिलाड़ी इस नंबर का उपयोग नहीं करेगा। पुर्तगाल के अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी 28 वर्षीय जोटा और उनके भाई आंद्रे सिल्वा (जो स्वयं फुटबॉल खिलाड़ी थे) की स्पेन के उत्तर-पश्चिमी शहर जमोरा के निकट हुई सड़क दुर्घटना में मौत हो गई थी। शुक्रवार को लिवरपूल ने कहा कि महिला टीम और अकादमी सहित क्लब के सभी स्तरों पर उनके नंबर को हटा दिया जाएगा। प्रीमियर लीग क्लब ने एक बयान में कहा यह वह नंबर था जिसे उन्होंने गर्व के साथ पहना था और हमें कई जीत दिलाई थी।

### भारतीय तीरंदाज दबाव में लड़खड़ाए रजत पदक से संतोष किया

**मैड्रिड** : भारत ने शनिवार को यहां महिला कंपाउंड टीम स्पर्धा में रजत पदक के साथ तीरंदाजी विश्व कप के चौथे चरण में अपना खाता खोला लेकिन इस नतीजे ने एक बार फिर टीम की दबाव भरी परिस्थितियों से निपटने में अक्षमता को उजागर किया। क्वालीफिकेशन दौर में कुल 2116 अंकों के साथ शीर्ष स्थान हासिल करने वाली ज्योति सुरेखा वेन्नम, परनीत कौर और पदार्पण कर रही 16 वर्षीय पृथिका प्रदीप की तिकड़ी स्वर्ण पदक की ओर बढ़ती दिख रही थी और तीसरे दौर के बाद 170-169 की बढ़त बनाए थी। यह तिकड़ी निर्णायक क्षण में आए दबाव में लड़खड़ा गई और चीनी ताइपे से 225-227 से हारकर स्वर्ण पदक से चूक गई।

### नीरू ढांडा पहली बार विश्व कप फाइनल में पहुंचीं

**लोनाटो (इटली)** : राष्ट्रीय खेलों की चैंपियन नीरू ढांडा शनिवार को चौथे और अंतिम आईएसएसएफ विश्व कप शॉटगन के अंतिम दिन पहली बार विश्व कप फाइनल में पहुंचीं और महिला ट्रैप में चौथे स्थान पर रहीं। उन्होंने 50 शॉट के फाइनल में अपने पहले 35 में से 30 निशाने लगाए। नीरू ने इटली की एलेसिया इज्जी पर शूट-ऑफ 2-1 से जीतकर छठा और अंतिम क्वालीफाइंग स्थान हासिल किया था। एलिमिनेशन चरण में वह कांस्य पदक विजेता और निकोसिया विश्व कप की विजेता तटस्थ एथलीट लाडा डेनिसोवा और पेरिस ओलंपिक की रजत पदक विजेता इटली की सिल्वाना मारिया स्टैंको के साथ बराबरी करने के बाद बड़े बिब नंबर के कारण बाहर हो गईं।

# राहुल के आउट होने के बाद जडेजा ने संभाला

## तीसरे टेस्ट मैच का तीसरा दिन : भारतीय टीम ने छह विकेट पर 371 रन बना लिए

**लंदन, एजेंसी**

सलामी बल्लेबाज लोकेश राहुल लॉर्ड्स मैदान पर अपना दूसरा टेस्ट शतक पूरा करने के बाद ढीले शॉट पर आउट हो गए लेकिन नीतीश कुमार रेड्डी और रविंद्र जडेजा ने जोफ्रा आर्चर की अगुवाई में इंग्लैंड के तेज गेंदबाजी का डटकर सामना किया। खबर लिखे जाने तक भारत ने तीसरे टेस्ट मैच के तीसरे दिन छह विकेट पर 371 रन बना लिए थे। रविंद्र जडेजा 71 और वाशिंगटन सुंदर 17 रन बनाकर क्रीज पर मौजूद थे।

भारत इंग्लैंड की पहली पारी में बनाये गये 387 रन से अब भी 71 रन पीछे है। राहुल ने लंच के तुरंत बाद आर्चर की गेंद पर एक रन लेकर टेस्ट में अपना 10वां शतक पूरा किया। वह दिलीप वेंगसरकर (तीन शतक) के बाद लॉर्ड्स में एक से अधिक शतक बनाने वाले दूसरे भारतीय बल्लेबाज हैं। राहुल की एकाग्रता हालांकि शतक पूरा करने के अगली ही गेंद पर भंग हो गई। उन्होंने शोएब बशीर की फ्लाइट लेती गेंद पर ड्राइव करने की कोशिश की लेकिन गेंद बल्ले का किनारा लेकर पहली स्लिप पर खड़े हैरी ब्रूक के हाथों में चली गई। राहुल के आउट होने के बाद भारत को तेजी से रन बनाने में परेशानी हुई। जडेजा और रेड्डी ने जोखिम लिये बिना विकेट बचाने पर ध्यान दिया। भारत ने दिन के दूसरे सत्र में सिर्फ 68 रन बनाये। इस दौरान आर्चर की तेजी से उछाल लेती गेंद रेड्डी के हेलमेट पर भी लगी।

बशीर को विकेट लेने के तुरंत बाद अपनी ही गेंदबाजी पर क्षेत्ररक्षण करते समय बाएं हाथ की उंगली पर चोट लगने के कारण मैदान छोड़ना पड़ा। रेड्डी और जडेजा के बीच विकेटों के बीच खराब तालमेल भी



तीसरे टेस्ट मैच के तीसरे दिन लॉर्ड्स क्रिकेट ग्राउंड पर शॉट लगाते हुए रवींद्र जडेजा। ● एजेंसी

इस सत्र में साफ दिखाई दिया। इस सत्र में ऐसे तीन मौके आये तब वे रन आउट होने के करीब थे। इंग्लैंड ने भारतीय पारी के 80 ओवर पूरा होते ही दूसरी नयी गेंद ली लेकिन उन्हें इससे ज्यादा कुछ हासिल नहीं हुआ। सत्र की शुरुआत में राहुल का अपना विकेट तोहफे में देना ही इस सत्र में उनकी एकमात्र सफलता थी। राहुल ने 177 गेंद की पारी में 13 चौके की मदद से 100 रन बनाये। इससे पहले ऋषभ पंत ने अपनी बाईं तर्जनी उंगली में दर्द के बावजूद रोमांचक अर्धशतक बनाया, लेकिन लंच के ठीक पहले रन आउट हो गए। पंत (74 रन, 112 गेंद) पहले सत्र के आखिरी ओवर में रन चुराने की कोशिश में रन आउट हुए। इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स का कवर क्षेत्र से शानदार किया गया शानदार थ्रो विकेटों पर जा लगा और पंत उस समय क्रीज से बाहर थे। राहुल और पंत ने हालांकि चौथे विकेट के लिए 198 गेंदों में 141 रनों की साझेदारी कर मैच पर भारत की पकड़ मजबूत बनाई। मैच के पहले दिन विकेटकीपिंग करते हुए उंगली में लगी चोट के दर्द से जूझ रहे पंत ने जोफ्रा आर्चर की तेज गति के आगे अपने इरादे दिन के पहले ओवर में ही जाहिर कर दिये। उन्होंने दिन की पहली गेंद पर ग्लांस कर चार रन बटोरने के बाद कदमों का इस्तेमाल करते हुए कवर क्षेत्र के ऊपर से आक्रामक शॉट खेला । दूसरे छोर से राहुल ने सधी शुरुआत करते हुए संभल कर बल्लेबाजी की।

दिन के शुरुआती ओवरों में जहां भारतीय बल्लेबाज सतर्कता से खेल रहे थे वहीं इंग्लैंड की गेंदबाजी में भी पैनापन की कमी दिखी। इस दौरान इंग्लैंड के गेंदबाजों ने लगातार 31 डॉट गेंद डाली। पंत ने भारतीय पारी के 51वें ओवर में एक रन लेकर डॉट गेंदों पर विराम लगाया तो वहीं राहुल ने अगली गेंद पर चौका जड़ने के बाद कार्स के खिलाफ शानदार ऑन ड्राइव कर गेंद को चार रन के लिए भेजा। उन्होंने इस गेंदबाज के अगले ओवर में हैट्रिक चौके के साथ इंग्लैंड के गेंदबाजों पर दबाव बनाया। इंग्लैंड ने पंत के खिलाफ शुभमन गिल की बल्लेबाजी के समय की योजना लागू करते हुए विकेटकीपर को तेज गेंदबाजों के खिलाफ विकेटों के करीब लगाया लेकिन भारतीय विकेटकीपर ने जब आक्रामक रूख अपनाना शुरू किया तो उनका यह दांव कमजोर पड़ गया। पंत को इस दौरान स्टोक्स की गेंद पर उंगली पर चोट लगी लेकिन उन्होंने फिजियो से इलाज के बाद बल्लेबाजी जारी रखी। भारत ने दिन की शुरुआत तीन विकेट पर 145 रन से करते हुए पहले घंटे में 52 रन जोड़े। इंग्लैंड ने इसके बाद गेंद बदलने की मांग की जिसे अंपायरों ने मान लिया लेकिन उसके गेंदबाजों को इसका कोई फायदा नहीं हुआ। पंत ने स्टोक्स के खिलाफ फाइन लेग के ऊपर से छक्का लगाकर अपना अर्धशतक पूरा किया। उन्होंने अपनी पारी का दूसरा छक्का शोएब बशीर की गेंद पर जड़ा। उनके रन आउट होने से इंग्लैंड के खिलाड़ियों ने राहत की सांस ली।



लोकेश राहुल।

# केएल ने परिपक्व पारी खेली : कुंबले

**मुंबई, एजेंसी**

पूर्व भारतीय कप्तान अनिल कुंबले ने कहा कि केएल राहुल ने लार्ड्स में तीसरे टेस्ट मैच के दूसरे दिन दूसरे छोर से विकेट गिरने के बावजूद इंग्लैंड के गेंदबाजों विशेषकर तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर की चुनौती का डटकर सामना करते हुए परिपक्व पारी खेली। पहले टेस्ट में शतक बनाने वाले राहुल ने इस दौरे का अपना दूसरा अर्धशतक लगाया। वह दूसरे दिन का खेल समाप्त होने के समय 53 रन बनाकर खेल रहे थे।

भारत ने दूसरे दिन यशस्वी जायसवाल (13), करुण नायर (40) और कप्तान शुभमन गिल (16) के विकेट गंवाए। भारत ने अभी तक अपनी पहली पारी में तीन विकेट पर 145 रन बनाए हैं और वह इंग्लैंड से 242 रन पीछे है।

कुंबले ने जियो हॉटस्टार पर कहा केएल राहुल ने शानदार बल्लेबाजी की। उनकी पारी विशिष्ट थी क्योंकि इसके लिए उन्हें कड़ी मेहनत करनी पड़ी। जोफ्रा आर्चर का



यह एक आक्रामक स्पैल था। विशेष कर उनका वह पहला स्पैल जिसमें उन्होंने 150 किमी प्रति घंटे से अधिक की गति से गेंदबाजी की, जिसमें उन्हें उछाल और शुरुआत में थोड़ी स्विंग भी मिल रही थी। उन्होंने कहा राहुल ने इंग्लैंड के सभी गेंदबाजों का अच्छी तरह से सामना किया। उनका रवैया बेहद स्पष्ट था और वह पूरी तरह से नियंत्रण में दिखे। यह एक बेहद अनुशासित और परिपक्व पारी थी और मुझे यकीन है कि वह अपने प्रदर्शन से संतुष्ट होंगे।

### वॉन चाहते हैं पांचों दिन अपने ओवर का कोटा पूरा करें टीम

**लंदन** : भारत और इंग्लैंड के बीच लॉर्ड्स में खेले जा रहे तीसरे टेस्ट मैच के दूसरे दिन केवल 75 ओवर फेंके गए जिसके बाद इंग्लैंड के पूर्व कप्तान माइकल वॉन ने यह सुनिश्चित करने के लिए कहा जिससे कि टीम टेस्ट मैच के पांचों दिन 90 ओवर का कोटा अनिवार्य रूप से पूरा करें। भारत ने टेस्ट के पहले दिन 83 ओवर फेंके, जबकि दूसरे दिन 75 से भी कम ओवर फेंके जा सके, जिससे दोनों दिनों में कुल मिलाकर लगभग 23 ओवर कम हो गए। वॉन ने कहा कि धीमी ओवर गति के लिए टीमों को दंडित करना पर्याप्त नहीं है, क्योंकि खिलाड़ी काफी अमीर हैं और उन पर लगाए गए जुर्माने से वे प्रभावित नहीं होंगे। वॉन ने बीबीसी स्पोर्ट से कहा मुझे नहीं लगता कि जुर्माना काम करेगा। मुझे लगता है कि ये लड़के (क्रिकेटर) काफी अमीर हैं। मुझे नहीं लगता कि जुर्माना लगाने से उन पर किसी तरह का प्रभाव पड़ेगा। वह यह समझ नहीं पा रहे हैं कि टीमें पहले चार दिनों में ओवरों का कोटा पूरा क्यों नहीं कर पाई।

## मोनाको डायमंड लीग में दौड़ पूरी नहीं कर पाए साबले

**मोनाको** : भारत के अनुभवी स्टीपलचेज धावक अविनाश साबले गिरने के कारण मोनाको डायमंड लीग में दौड़ पूरी नहीं कर सके, लेकिन तेजी से उभरते धावक अनिमेष कुजूर ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रगति जारी रखते हुए अंडर-23 की 200 मीटर स्पर्धा में चौथा स्थान हासिल किया।

ओलंपियन और राष्ट्रीय रिकॉर्ड धारक साबले को अपनी पसंदीदा 3000 मीटर स्टीपलचेज स्पर्धा में शीर्ष पांच में जगह बनाने की उम्मीद थी लेकिन शुक्रवार की रात को वह दौड़ के शुरू में ही गिर गए। इसके बाद वह असहज महसूस करने लगे। मौजूदा एशियाई चैंपियन साबले लंगड़ाते हुए ट्रैक से बाहर चले गए और उनकी चोट की गंभीरता अभी तक ज्ञात नहीं है।

# चोपड़ा और नदीम फिर होंगे आमने-सामने

● सिलेसिया डायमंड लीग में 16 अगस्त को होगा मुकाबला

**सिलेसिया (पोलैंड), एजेंसी**

दोहरे ओलंपिक पदक विजेता नीरज चोपड़ा 16 अगस्त को पोलैंड के सिलेसिया में होने वाली डायमंड लीग (डीएल) में गत चैंपियन पाकिस्तान के अरशद नदीम के खिलाफ एक बहुप्रतीक्षित मुकाबले में आमने-सामने होंगे।

पेरिस ओलंपिक 2024 के बाद दोनों खिलाड़ियों की यह पहली टक्कर होगी। चोपड़ा और नदीम आठ अगस्त, 2024 को पेरिस में हुए पुरुषों की भाला फेंक प्रतियोगिता के एक साल बाद एक-दूसरे का सामना करेंगे। नदीम पेरिस में 92.97 मीटर के शानदार थ्रो के साथ भारतीय खिलाड़ी को हराकर स्वर्ण पदक जीता था। तोक्यो ओलंपिक 2021 में स्वर्ण





नीरज चोपड़ा व अरशद नदीम।

जीतने वाले 27 साल के चोपड़ा को पेरिस में 89.45 मीटर के सर्वश्रेष्ठ थ्रो के साथ रजत पदक से संतोष करना पड़ा था। विश्व एथलेटिक्स के एक बयान में कहा गया है कि चोपड़ा और नदीम सिलेसिया डायमंड लीग में पुरुषों की भाला फेंक स्पर्धा में प्रतिस्पर्धा करेंगे।



ब्रिटेन के जूलियन कैश (बाएं) और लॉयड ग्लासपूल लंदन में विंबलडन टेनिस चैंपियनशिप में पुरुष युगल फाइनल मैच जीतने के बाद ट्रॉफी के साथ जश्न मनाते हुए। ● एजेंसी

# कैश और ग्लासपूल ने युगल खिताब जीतकर इतिहास रचा

**लंदन, एजेंसी**

जूलियन कैश और लॉयड ग्लासपूल ने 89 वर्षों में विंबलडन में पुरुष युगल खिताब जीतने वाली पहली ब्रिटिश जोड़ी बनकर इतिहास रच दिया। इस जोड़ी ने आज ऑस्ट्रेलिया के रिंकी हिजिकाटा और डचमैन डेविड पेल की गैर-वरीयता प्राप्त जोड़ी को 6-2, 7-6 (7-3) से हराकर अपना पहला ग्रैंड स्लैम खिताब जीता।

28 वर्षीय कैश और 31 वर्षीय ग्लासपूल 1960 में माइक डेविस और बॉबी विल्सन के बाद फाइनल में पहुंचने वाली पहली ब्रिटिश जोड़ी बन चुकी थीं। लेकिन बीबीसी की एक खबर के अनुसार, 1936 में विंबलडन में पैट ह्यूजेस और रेमंड टकी के बाद यह पहली बार है जब दो ब्रिटिश खिलाड़ी किसी ग्रैंड स्लैम में पुरुष युगल चैंपियन बने हैं। ग्लासपूल ने एक रोमांचक मैच के बाद कहा जब आप ऐसा कहते हैं तो यह अविश्वसनीय लगता है। मैंने इसके बारे में ज़्यादा नहीं सोचा था। हम इस दिन को ज़िंदगी भर नहीं भूलेंगे। कैश ने आगे कहा, "इस साल हमारे दो लक्ष्य थे - एक ट्यूरिन (एटीपी फ़ाइनल) में जगह बनाना और दूसरा एक ग्रैंड स्लैम जीतना। यहां ऐसा करना, इससे ज्यादा मायने नहीं रखता।

शुरुआत में जब कैश ने एक अविश्वसनीय ओवरहेड स्मैश लगाकर जीत सुनिश्चित की, तो दोनों ने अपने कोचिंग बॉक्स की ओर मुड़कर हवा में मुट्ठियाँ उठाईं, लेकिन फिर दोनों ने मुस्कुराते हुए कोर्ट में अपनी ट्रॉफियां लहराईं।

# अल्काराज की निगाह खिताबी हैट्रिक पर

**लंदन, एजेंसी**

विंबलडन पुरुष फाइनल आज

● विश्व के नंबर एक खिलाड़ी यानिक सिनर से होगी टक्कर

पिछले दो बार के विजेता कार्लोस अल्काराज रविवार को यहां होने वाले विंबलडन टेनिस टूर्नामेंट के पुरुष एकल के फाइनल में खिताबी हैट्रिक पूरी करने के इरादे से कोर्ट पर उतरेंगे। वहीं उनके प्रतिद्वंदी और विश्व के नंबर एक खिलाड़ी यानिक सिनर ऑल इंग्लैंड क्लब में पहली बार चैंपियन बनने की कोशिश करेंगे। इस मैच में फ्रेंच ओपन के फाइनल की पुनरावृति होगी जिसमें अल्काराज ने पहले दो सेट गंवाने और तीन मैच प्वाइंट बचाकर जीत हासिल की थी। अल्काराज ने विंबलडन के शुक्रवार को खेले गए पहले सेमीफाइनल में टेलर फ्रिट्ज़ को 6-4, 5-7, 6-3, 7-6 (6) से हराकर लगातार तीसरी विंबलडन चैंपियनशिप जीतने की तरफ मजबूत कदम बढ़ाए। इसके बाद सिनर की बारी आई और उन्होंने पूरी तरह से फिट नहीं दिख रहे नोवाक जोकोविच को 6-3, 6-3, 6-4 से हराकर पहली बार ऑल इंग्लैंड क्लब में फाइनल में प्रवेश किया।

फ्रेंच ओपन के फाइनल के ठीक पांच सप्ताह बाद यह दोनों खिलाड़ी फिर से एक दूसरे के आमने सामने होंगे। फर्क सिर्फ इतना है कि फ्रेंच ओपन का फाइनल लाल बजरी पर खेला गया था जबकि विंबलडन का फाइनल ग्रास कोर्ट पर होगा।



यानिक सिनर व कार्लोस अल्काराज। ● एजेंसी

अल्काराज़ ने फ्रेंच ओपन का फाइनल पांच घंटे 29 मिनट में जीता था और रविवार को यहां इन दोनों के बीच फिर से कड़ा मुकाबला होने की संभावना है। स्पेन के इस खिलाड़ी ने स्वीकार किया कि वह उनके करियर का सबसे कड़ा मैच था। उन्होंने कहा यह अब तक का मेरा सबसे अच्छा मैच था। मुझे इस बात से कोई हैरानी नहीं है कि उसने मुझे मेरी आखिरी सीमा तक धकेल दिया। उम्मीद है कि रविवार को मैं अपनी सीमा में रहूंगा। यह एक शानदार फाइनल होगा और मैं इसमें खेलने के लिए उत्साहित हूं। अल्काराज़ ने कहा मैं बस यही उम्मीद करता हूँ कि मुझे फिर से कोर्ट पर साढ़े पांच घंटे न बिताने पड़ें, लेकिन अगर इसकी जरूरत पड़ी तो मैं इसके लिए तैयार हूं। इटली के खिलाड़ी सिनर को भी उम्मीद है कि यह रोमांचक फाइनल होगा। सिनर ने कहा उम्मीद है कि यह मैच भी पिछले मैच की तरह रोमांचक होगा। मुझे नहीं पता कि यह और बेहतर होगा या नहीं, क्योंकि मुझे नहीं लगता कि यह संभव है। अल्काराज का ग्रैंड स्लैम फ़ाइनल में रिकॉर्ड 5-0 है। सिनर के नाम पर तीन ग्रैंड स्लैम खिताब हैं। अल्काराज विंबलडन में लगातार 24 मैच जीत चुके हैं और वह इस संख्या में इजाफा करने के लिए प्रतिबद्ध होंगे। इन दोनों खिलाड़ियों के बीच अभी तक जो 12 मैच खेले गए हैं उनमें से अल्काराज़ ने आठ और सिनर ने चार मैच जीते हैं।

### जोकोविक बोले- यह मेरा आखिरी विंबलडन नहीं

**लंदन** : नोवाक जोकोविक ने शुक्रवार को सेमीफाइनल में यानिक सिनर से हारने के बाद स्पष्ट किया कि यह उनका विंबलडन में आखिरी मैच नहीं था और वह कम से कम एक बार और इस प्रतिष्ठित टेनिस टूर्नामेंट में खेलने का इरादा रखते हैं। मैच के बाद 38 वर्षीय जोकोविक ने कहा मैं आज अपना विंबलडन करियर खत्म करने की योजना नहीं बना रहा हूं। मैं निश्चित रूप से कम से कम एक बार और वापसी की योजना बना रहा हूं। सेंटर कोर्ट पर विश्व के नंबर एक खिलाड़ी सिनर से 6-3, 6-3, 6-4 से मिली हार ने जोकोविक के विंबलडन में रोजर फेडरर के आठ चैंपियनशिप के पुरुष रिकॉर्ड की बराबरी करने और 25वां ग्रैंड स्लैम खिताब जीतने के प्रयास पर पानी फेर दिया। जोकोविच क्वार्टर फाइनल मैच के दौरान आखिरी सेट में चोटिल हो गए थे और सेमीफाइनल में वह अपने पूरे रंग में नहीं दिखे। जोकोविक ने कहा मैं अपनी चोट के बारे में विस्तार से बात नहीं करना चाहता। मैं सिर्फ अपने प्रदर्शन को लेकर बात करना चाहता हूं। मुझे इस बात की निराशा ज़रूर है कि मैं उतना अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाया जितना मैंने सोचा था या उम्मीद की थी।



